बुधवार, 29 जनवरी 2025

**मौसम**



| | |
|---|---|
| तापमान | 27 – 19 |
| आर्द्रता | 68% |
| सूर्योदयः 6:17 | सूर्यास्तः 17:23 |

विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव।।

www.samagya.in

# समाज्ञा



भारत को हराकर इंग्लैंड ने श्रृंखला में वापसी की –पृष्ठ 8

स्थानीय खबरें पृष्ठ तीन, चार और पांच पर

कोलकाता, माघ कृष्णपक्ष अमावस्या, वि.स. 2081, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00 रुपये

सुविचार : कोई काम उत्कृष्ट तरीके से करने के लिए खुद करना होगा।

**RED-X**
B.W.P. PLY, BOARDS& DOORS
'X' Factor that Makes A Difference
Stockist :
GULAB CHAND LAL CHAND& Co.
9831114555
9874415555

# डिजिटल के दौर में भी पुस्तकें पढ़ी जा रही है : ममता

## मुख्यमंत्री ने पुस्तक मेले की तुलना 'वृक्ष' से की

■ **मुख्यमंत्री ने 48वें कोलकाता अंतरराष्ट्रीय पुस्तक मेले का किया उद्घाटन**



**कोलकाता, समाज्ञा :** मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने मंगलवार को 48वें कोलकाता अंतरराष्ट्रीय पुस्तक मेले का उद्घाटन किया। उद्घाटन समारोह में मुख्यमंत्री ममता ने अपने भाषण में नेताजी का उल्लेख करते हुए कहा कि जर्मनी और बंगाल के बीच कितना गहरा संबंध है। मुख्यमंत्री ने कहा कि कोलकाता पुस्तक मेला दुनिया में सर्वोत्तम है। मैं इसे बड़े पैमाने पर देखना चाहती हूं। जर्मनी के भारत, विशेषकर बंगाल के साथ गहरे संबंध हैं। क्योंकि, नेताजी सुभाष चंद्र बोस उनकी बेटी का वहां से सम्बंध है। उनकी बेटी से हमने भी बात की है। नेताजी ने देश की आजादी के लिए किस तरह से लड़ाई लड़ी। ऐसे नायक को सदैव सलाम किया जाना चाहिए। ममता ने कहा कि डिजिटल प्रौद्योगिकी के उदय के बावजूद लोग अभी भी पुस्तकें पढ़ रहे हैं। पिछली बार पुस्तक मेले में लगभग 30 लाख लोग आये थे। मुख्यमंत्री को उम्मीद है कि इस बार भीड़ का नया रिकॉर्ड बनेगा। उनके अनुसार, किताबें घर सजाने की चीज नहीं हैं, बल्कि दिल सजाने की चीज हैं। वह चाहते हैं कि अधिक लोग पुस्तकें पढ़ें और कोलकाता पुस्तक मेला बड़ा हो। ममता ने आगे कहा कि सभी रंग सभी के लिए हैं। इसमें कोई अंतर नहीं है। हालांकि, हर किसी को सभी रंग पसंद नहीं आते। इसमें कोई अन्य अंतर नहीं हो सकता। ममता ने जर्मनी और अर्जेंटीना के प्रतिनिधियों को यह भी याद दिलाया कि बंगाल फुटबॉल का कितना दीवाना है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पूरे वर्ष पुस्तक प्रेमी इस दिन का इंतजार करते हैं। ममता ने पुस्तक मेले की तुलना वृक्ष से भी की। पुस्तक भी वृक्ष है। जैसे एक पेड़ हजारों वर्षों तक चुपचाप खड़ा रहता है। वृक्ष तमाम घटनाओं के साक्षी होते हैं। पेड़ बोल नहीं सकते लेकिन वह सुनते है और देखते भी हैं। किताबें बोलती हैं, किताबें देखती भी हैं। आज भी, चाहे युग कितना भी डिजिटल हो जाए, कोई भी किताबों को नहीं भूल सकता। अब आप ही बताये किताबों के बिना घर कैसा होगा? पुस्तकें मित्र है, यह दार्शनिक भी है और पुस्तकें हमारी प्रेरणा हैं, हमारी आशा हैं, हमारी दिशा हैं। पुस्तकों का कोई जवाब नहीं है। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने जागो बांग्ला के स्टॉल का भी उद्घाटन किया।

### पीएम मोदी जल्द कर सकते हैं अमेरिका की यात्रा

**नयी दिल्ली :** भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जल्द ही अमेरिका के दौरे पर जा सकते हैं। यहां पीएम मोदी अमेरिका के नए राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से उनके आधिकारिक आवास एवं कार्यालय व्हाइट हाउस में मुलाकात करेंगे। ये जानकारी खुद अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ही दी है। बता दें कि इससे पहले सोमवार की रात पीएम मोदी और डोनाल्ड ट्रंप के बीच फोन पर बातचीत हुई थी। हाल ही में डोनाल्ड ट्रंप के शपथ ग्रहण समारोह में भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर ने भाग लिया था। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने मंगलवार (भारतीय समयानुसार) को बताया है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी उनके साथ बैठक के लिए संभवतः फरवरी में व्हाइट हाउस की यात्रा कर सकते हैं।

# बंगाल में गुइलेन–बैरे सिंड्रोम से पहली मौत, बारासात के 12वीं कक्षा के छात्र की मौत

**कोलकाता, समाज्ञा :** कोरोना के बाद से दुनिया भर में एक नया स्वास्थ्य संकट गुइलेन–बैरे सिंड्रोम (जीबीएस) के रूप में सामने आया है। मुंबई और पुणे में कई लोग, खासकर बच्चे, इस दुर्लभ रोग से प्रभावित हो चुके हैं। अब इस राज्य में भी गुइलेन–बैरे सिंड्रोम से पीड़ित होने का पहला मामला सामने आया है। उत्तर 24 परगना जिले के बारासात के पारीचरन सरकार राजकीय उच्च विद्यालय के 12वीं कक्षा के छात्र अरीत्र मंडल की इस बीमारी के कारण सोमवार को मौत हो गई। परिवारिक सूत्रों के अनुसार, अरीत्र ने 22 जनवरी को शाम के समय अपनी मां को गला दर्द होने की शिकायत की थी। परिवार ने इसे हल्का ठंडा लगने का मामला समझा और उसे इलाज दिया। रात में उसे बुखार भी आया, जिसे उसने दवा लेकर ठीक करने की कोशिश की। अगले दिन, सुबह जब अरीत्र उठे, तो उन्होंने अपनी दोनों हाथों में शक्ति महसूस नहीं की। परिवार ने तुरंत उसे डॉक्टर के पास ले जाकर इलाज शुरू किया, लेकिन स्थिति बिगड़ने पर उसे बारासात मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया। इसके बाद, बेहतर इलाज के लिए उसे कोलकाता के एनआरएस मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेजा गया। समय के साथ उसकी स्थिति और बिगड़ी और उसे शुक्रवार को सीसीयू में स्थानांतरित किया गया, जहां सोमवार को उसकी मौत हो गई।

# महाकुंभ: आज मौनी अमावस्या पर 10 करोड़ लोग कर सकते हैं संगम में स्नान



**महाकुंभ नगर :** महाकुंभ 2025 में पिछले 17 दिनों में 15 करोड़ से अधिक लोग गंगा और संगम में स्नान कर चुके हैं तथा बुधवार को मौनी अमावस्या पर और 10 करोड़ लोगों के गंगा स्नान करने की संभावना है। उत्तर प्रदेश सरकार ने मंगलवार को कहा कि प्रशासन ने मौनी अमावस्या के लिए पूरी तैयारी कर ली है। मौनी अमावस्या पर भारी भीड़ को देखते हुए मेला क्षेत्र के चप्पे चप्पे पर सुरक्षा के उपाय किए गए हैं और एआई से युक्त सीसीटीवी कैमरे तथा ड्रोन से लोगों की गतिविधियों पर नजर रखी जा रही है। मेला क्षेत्र को अगले कुछ दिनों के लिए पहले ही नो व्हीकल जोन घोषित कर दिया गया है, प्रयागराज जिला प्रशासन ने भी स्थानीय लोगों से चार पहिया वाहनों के उपयोग से बचने तथा वरिष्ठ नागरिकों को संगम पर ले जाने के लिए केवल दोपहिया वाहनों का इस्तेमाल करने की अपील की है। प्रदेश सरकार के मुताबिक, मकर संक्रांति (14 जनवरी) को 3.5 करोड़ श्रद्धालुओं, संतों और कल्पवासियों ने अमृत स्नान में हिस्सा लिया। वहीं आगामी मौनी अमावस्या के लिए आठ से 10 करोड़ लोगों के स्नान करने की संभावना है। मंगलवार को सुबह आठ बजे तक 45 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने गंगा में स्नान किया। राज्य सरकार ने कहा कि उसने मौनी अमावस्या के अवसर पर बुधवार को सुबह पौने सात बजे श्रद्धालुओं पर पुष्प वर्षा करने की योजना बनाई है। अमृत स्नान (पूर्व में शाही स्नान), महाकुंभ मेले का सबसे पवित्र और सबसे बड़ा स्नान पर्व होता है जिसमें दुनियाभर से लाखों की संख्या में श्रद्धालु त्रिवेणी संगम में डुबकी लगाने के लिए आते हैं। अमृत स्नान का मुख्य आकर्षण विभिन्न अखाड़ों के साधुओं का स्नान होता है। अमृत स्नान की तिथियां सूर्य, चंद्र और बृहस्पति के ज्योतिषीय मेल पर आधारित होती हैं और माना जाता है कि इनके योग से पवित्र नदियों की अध्यात्मिक शक्ति बढ़ जाती है।

# स्वच्छ राजनीति की बात करने वाले केजरीवाल ने सबसे बड़ा शराब घोटाला किया: राहुल




**नयी दिल्ली :** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने मंगलवार को आम आदमी पार्टी (आप) के संयोजक अरविंद केजरीवाल पर तीखा प्रहार किया और आरोप लगाया कि साफ–सुथरी राजनीति की बात करने वाले पूर्व मुख्यमंत्री केजरीवाल ने सबसे बड़ा शराब घोटाला कर दिया और वह 'शीशमहल' में रहने लगे। उन्होंने यहां पटपड़गंज और ओखला की चुनावी सभाओं में केजरीवाल के साथ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर भी निशाना साधा। कांग्रेस और आम आदमी पार्टी दोनों 'इंडिया' गठबंधन के घटक दल हैं। दोनों ने दिल्ली में लोकसभा चुनाव गठबंधन में लड़ा था और अब विधानसभा चुनाव अलग–अलग लड़ रहे हैं। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि भाजपा के लोग जितना चाहें 'नफरत का बाजार' लगा लें, लेकिन कांग्रेस उनके सामने 'मोहब्बत की दुकान' खोलेगी। दिल्ली में सभी 70 विधानसभा सीट पर पांच फरवरी को मतदान होना है। मतगणना आठ फरवरी को होगी। राहुल गांधी ने ओखला विधानसभा क्षेत्र की एक चुनावी सभा में कहा, ''दो विच–ारधाराओं की लड़ाई हो रही है। एक तरफ भाजपा, नरेन्द्र मोदी और आरएसएस हैं और दूसरी तरफ कांग्रेस की विचारधारा है।'' उन्होंने आरोप लगाया, ''आज भाजपा और आरएसएस इस संविधान को खत्म करना चाहते हैं। वो चाहते हैं कि चुने हुए लोगों का संविधान हो और इस देश में गरीबों के लिए कुछ नहीं बचे।'' कांग्रेस नेता ने कहा, ''भाजपा जितनी भी नफरत फैलाए, जितने नफरत के बाजार खोले, हम उतनी मोहब्बत की दुकानें खोलेंगे।'' उन्होंने दावा किया कि दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री केजरीवाल, प्रधानमंत्री मोदी से डरते हैं। राहुल गांधी ने केजरीवाल पर तंज कसते हुए कहा, ''अब वह बिजली का खम्भा भूल गए, जन लोकपाल भूल गए और छोटी गाड़ी भूल गए...यह शीशमहल वाली राजनीति है।'' उन्होंने दावा किया, ''केजरीवाल जी अपने आप को ईमानदारी का प्रमाणपत्र दे रहे हैं। जो बेईमान होता है वो अपने आपको प्रमाणपत्र नहीं देता है। ईमानदार को जनता प्रमाणपत्र देती है। आपने (केजरीवाल ने) ईमानदारी की राजनीति नहीं की।'' कांग्रेस नेता ने आरोप लगाया कि केजरीवाल और उनकी पार्टी ने सबसे बड़ा शराब घोटाला किया।''

# बजट सत्र 31 जनवरी से, राष्ट्रपति मुर्मू संसद के संयुक्त सत्र को करेंगी संबोधित


## एक फरवरी को आएगा बजट

**नयी दिल्ली :** संसद के बजट सत्र की शुरुआत 31 जनवरी को संयुक्त सत्र में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के अभिभाषण से होगी और फिर अगले दिन शनिवार एक फरवरी को आम बजट पेश किया जाएगा। सोमवार से लोकसभा और राज्यसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर चर्चा शुरु हो जाएगी। संयुक्त सत्र में राष्ट्रपति के अभिभाषण के बाद शुक्रवार को लोकसभा और राज्यसभा की संक्षिप्त बैठक होगी। इसी दौरान वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण दोनों सदनों में आर्थिक सर्वेक्षण पेश करेंगी। एक फरवरी को सीतारमण, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के तीसरे कार्यकाल का पहला पूर्ण बजट और बतौर वित्त मंत्री लगातार अपना आठवां बजट पेश करेंगी। सोमवार से दोनों सदनों में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा शुरु हो जाएगी। लोकसभा ने इसके लिए फिलहाल दो दिन (3–4 फरवरी) आवंटित किए हैं, जबकि राज्यसभा ने बहस के लिए तीन दिन निर्धारित किए हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी छह फरवरी को राज्यसभा में बहस का जवाब दे सकते हैं।

### भाजपा 7,113 करोड़ रुपये के साथ सबसे अमीर पार्टी, कांग्रेस के पास 857 करोड़ रुपये

**नयी दिल्ली :** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के पास 31 मार्च, 2024 तक 7,113.80 करोड़ रुपये की नकदी और बैंक बैलेंस था जबकि प्रमुख विपक्षी पार्टी कांग्रेस के पास 857.15 करोड़ रुपये की धन राशि थी। निर्वाचन आयोग को मुहैया कराए गए आंकड़ों से यह जानकारी मिली है। आंकड़ों के अनुसार भाजपा ने वर्ष 2023–24 के दौरान 1,754.06 करोड़ रुपये खर्च किए, जो 2022–23 में खर्च किए गए 1,092 करोड़ रुपये से 60 प्रतिशत अधिक है। इसकी तुलना में कांग्रेस ने 2023–24 के दौरान 619.67 करोड़ रुपये खर्च किए, जबकि 2022–23 में उसने 192.56 करोड़ रुपये खर्च किए थे। लोकसभा चुनाव की घोषणा 16 मार्च 2024 को हुई थी। निर्वाचन आयोग को वार्षिक ऑडिट रिपोर्ट में उपलब्ध कराए गए आंकड़ों के अनुसार, भाजपा को 2023–24 के दौरान चुनावी बॉण्ड व्यवस्था के माध्यम से 1,685.69 करोड़ रुपये का चंदा प्राप्त हुआ, जबकि उसके पिछले वर्ष यह 1294.15 करोड़ रुपये था। सत्तारूढ़ दल ने वर्ष के दौरान 2,042.75 करोड़ रुपये का अन्य चंदा भी प्राप्त किया जबकि उसके पिछले वर्ष 2022–23 में उसे 648.42 करोड़ रुपये का चंदा प्राप्त हुआ था। आयोग को दी गयी ऑडिट रिपोर्ट के अनुसार कांग्रेस ने 2023–24 के दौरान कुल 1,225.11 करोड़ रुपये का धन प्राप्त किया, जिसमें चंदा, दान और अंशदान के माध्यम से मिले 1129.67 करोड़ रुपये शामिल हैं। इसमें 31 मार्च, 2024 को समाप्त वर्ष के दौरान चुनावी बॉण्ड के माध्यम से प्राप्त 828.36 करोड़ रुपये भी शामिल हैं। बाद में उच्चतम न्यायालय ने चुनावी बॉण्ड की व्यवस्था पर रोक लगा दी थी। पिछले वित्त वर्ष भाजपा ने विज्ञापनों पर 591 करोड़ रुपये खर्च किए जिनमें इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में 434.84 करोड़ रुपये और प्रिंट में 115.62 करोड़ खर्च किए गए।



## वित्तीय आवंटन व क्रियान्वयन व्यावहारिक हों

इसमें दो राय नहीं कि ग्रामीण क्षेत्रों में दृश्य व अदृश्य बेरोजगारी में कमी लाने में महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार गारंटी योजना यानी मनरेगा का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। इस योजना ने जहां एक ओर ग्रामीण उपभोक्ताओं को अपने गांव के पास रोजगार दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी है, वहीं अंतर्राज्यीय प्रवास को कम किया है। साथ ही ग्रामीण उपभोक्ताओं की क्रय शक्ति भी बढ़ी है। काम की तलाश में शहरों को जाने वाले श्रमिकों की संख्या में कमी के भी आंकड़े सामने आए हैं। खासकर कोरोना संकट में जब ग्रामीण महानगरों से पलायन करके बड़ी संख्या में गांव की तरफ लौटे तो इस योजना ने जीवनदायिनी भूमिका निभाई है। लेकिन फिलहाल ग्रामीण आजीविका के लिये जीवन रेखा कही जाने वाली महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना एक बार फिर धन की कमी से जूझ रही है। ऐसा लगता है कि कांग्रेस शासन में शुरू की गई मनरेगा योजना राजग सरकार की प्राथमिकताओं में शामिल नहीं है। वार्षिक वित्तीय संकट से जूझ रही मनरेगा योजना के लिए केंद्र सरकार ने वर्ष 2024-25 में 86,000 करोड़ रुपये आवंटित किए थे। इसके बावजूद 4,315 करोड़ मूल्य का वेतन भुगतान लंबित है। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2023-24 में इस योजना के केवल छह माह में ही 6,146 करोड़ का घाटा हुआ था। इसी तरह वर्ष 2022-23 में 89,400 करोड़ का संशोधित धनराशि का आवंटन मूल बजट से 33 प्रतिशत अधिक था। निस्संदेह, ग्रामीण श्रमिकों के लिये लायी गई मनरेगा योजना की वित्तीय जरूरतों को पूरा करने के लिये वार्षिक राशि आवंटन को लेकर सवाल उठने स्वाभाविक हैं। जो केंद्र सरकार की वित्तपोषण की प्राथमिकताओं को लेकर कई प्रासंगिक प्रश्न उठाती है। इस योजना के क्रियान्वयन में वित्तीय तंगी तंत्र की विसंगितयों को ही दर्शाती है। वहीं कांग्रेस ने मनरेगा के अंतर्गत मजदूरी को बढ़ाकर 400 रुपये प्रतिदिन करने की मांग की है। निस्संदेह, यह मांग महंगाई के बीच एक स्थायी समाधान के बजाय एक राजनीतिक दृष्टिकोण को ही दर्शाती है।

निस्संदेह, कांग्रेस की यह मांग राजनीतिक लाभ के लिये एक लोकप्रिय कदम तो हो सकता है, मगर यह योजना की मूल समस्या के कारकों को संबोधित करने में विफल रहती है। मौजूदा वक्त में प्राथमिकता समय पर पर्याप्त धन आवंटन करने तथा प्रणालीगत विसंगतियों को दूर करना होनी चाहिए। दरअसल, भुगतान के लिये अपनायी गई प्रणाली से श्रमिकों को भुगतान में परेशानी आती रही है। आधार कार्ड आधारित भुगतान की ब्रिज प्रणाली और राष्ट्रीय मोबाइल निगरानी प्रणाली जैसे तकनीकी कारकों ने भुगतान की उलझनों को बढ़ाया है। ग्रामीण क्षेत्रों में इंटरनेट की कनेक्टिविटी की बाधाओं और आधार सत्यापन की आवश्यकताओं के कारण बड़े पैमाने पर जॉब कार्ड हटाए गए हैं। यही वजह है कि अनेक कारणों के चलते वर्ष 2022 में करीब नौ करोड़ श्रमिकों ने इस योजना तक अपनी पहुंच खो दी है। हालांकि, इस प्रणाली को पारदर्शिता बढ़ाने के उपायों के रूप में प्रचारित किया गया। लेकिन ये कदम लाखों श्रमिकों के लिये आजीविका के मार्ग में बाधा बन गए। उल्लेखनीय है कि मनरेगा को ग्रामीण परिवारों के लिये आजीविका सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिये एक मांग संचालित योजना के रूप में तैयार किया गया था। निस्संदेह, मनरेगा ने ग्रामीण क्षेत्रों में बेरोजगारी के संकट को ही उजागर किया है। ग्रामीण क्षेत्रों में बढ़ती काम की मांग और शहरी क्षेत्रों में नौकरियों की कमी के संकेत लगातार मिलते रहे हैं। निस्संदेह, गांवों में गरीबी उन्मूलन में मनरेगा के योगदान को कम करके नहीं आंका जा सकता। आसन्न बजट में इस योजना से जुड़ी विसंगतियों को दूर करने के लिये गंभीर प्रयास की जरूरत है। सरकार को मनरेगा के लिये एक व्यावहारिक बजट बनाना चाहिए। साथ ही योजना के पारदर्शी क्रियान्वयन के लिये प्रशासनिक बाधाओं को दूर करने को प्राथमिकता देनी चाहिए। निर्विवाद रूप से मनरेगा में मांग के अनुपात में धन का आवंटन लगातार कम हो रहा है। यही वजह है कि फंड की कमी के चलते वर्ष के मध्य में अनुमानित संकट पैदा हो रहा है। जो नीति नियंताओं के इसके क्रियान्वयन के संरचनात्मक अंतर को दर्शाता है। निस्संदेह, इस नीतिगत विसंगति को दूर किया जाना चाहिए।

# महाकुम्भ 2025 की परिवर्तनकारी यात्रा: तीर्थयात्रा अनुभव को सुगम बनाती भारतीय रेल



**रवीन्दर गोयल**
**पूर्व सदस्य-परिचालन और व्यवसाय विकास रेलवे बोर्ड**

महाकुम्भ 2025 में लाखों तीर्थयात्रियों को पवित्र नगरी प्रयागराज पहुंचाने में भारतीय रेल ने अपनी भूमिका नए सिरे से परिभाषित की है। परिवहन प्रदान करने के साथ ही रेलवे विश्वस्तरीय आतिथ्य सेवा भी सफलता पूर्वक संचालित कर रही है। महत्वपूर्ण उन्नयन,अभिनव समाधान और समावेशिता की प्रतिबद्धता के साथ रेलवे, इस व्यापक धार्मिक आयोजन में प्रचालन तंत्र के नये मानक स्थापित कर रही है।

**आधुनिक बुनियादी ढांचे से आध्यात्मिक उद्देश्य की पूर्ति**

भारतीय रेल ने पवित्र संगम के यात्रा अनुभव और इसे आध्यात्मिक रूप से भी समृद्ध बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। पिछले एक दशक में भारत सरकार नेप्रयागराज में रेलवे के बुनियादी ढांचे के वित्त पोषण में उल्लेखनीय तौर पर वृद्धि की है। भारतीय रेल द्वारा महाकुम्भ की तैयारियों में 2 वर्षों में 5000 करोड़ रुपये से अधिक राशि से यहाँ मौजूद रेलवे स्टेशनों को आरामदायक, सुविधाजनक और आध्यात्मिकता के जीवंत केंद्र में बदल दिया गया है।

रेलवे स्टेशन जो केवल यात्रा एवं रेलगाड़ियों के ठहराव और आने-जाने का स्थान थे, अब तीर्थयात्रियों के स्वागत के प्रवेश द्वार में बदल गए हैं। स्लीपिंग पॉड्स, एग्जीक्यूटिव लाउंज और रिटायरिंग रूम की सुविधा आरंभ किए जाने से यह स्थान अब यात्रियों की सुगमता पूर्ण स्थानों में तबदील हो गए हैं। कलर कोडेड यात्री आश्रय गृह, दिशा-निर्देशक रंगीन टिकटें और दिशा संकेतकों जैसी सुविधाओं ने यात्रियों के लिए रास्ता समझना सरल बना दिया है। इससे तीर्थयात्रियों को मार्ग खोजने में सुगमता हो रही है। इन उन्नत सुविधाओं ने रेलवे स्टेशन पर तीर्थयात्रा के अनुभव को और अधिक सुखद बनाया हैं। जैसे ही कोई श्रद्धालु रेलगाड़ी से उतरता है तो उसे अपनी आवश्यकताओं के अनुसार सभी सुविधाएं आसानी से उपलब्ध हो जाती हैं।

**आम जनता के लिए नए आश्रय स्थल और बेहतर सेवाएं**

लगभग एक करोड़ तीर्थयात्रियों के प्रतिदिन आने की उम्मीद को देखते हुए, इतनी बड़ी संख्या में लोगों को आश्रय और सेवाएँ प्रदान करना एक बहुत बड़ा काम है। भारतीय रेल ने इस चुनौती को अपनाते हुए, 17 नए यात्री आश्रय गृहों के निर्माण एवं स्टेशनों को 1,10,000 से अधिक यात्री क्षमता वाला बनाया गया है, जो पहले केवल 21,000 थी। इसके अतिरिक्त, नए प्लेटफ़ॉर्म के निर्माण से कुल 48 प्लेटफॉर्म हो गए हैं, और तीर्थयात्रियों के लिए बेहतर पहुंच सुनिश्चित हुई है। शौचालय, पेयजल सुविधा, बेबी फीडिंग पॉड्स और चिकित्सा जांच कक्ष जैसी उन्नत सुविधाएं भी यात्रियों के लिए उपलब्ध कराई गई हैं। इसके अलावा, निर्बाध बिजली आपूर्ति और बैकअप सिस्टम से उच्च माँग के बावजूद सुचारू आपूर्ति सुनिश्चित हुई हैं।

**समावेशीएवं सुलभ अनुभव**

भारतीय रेल ने सभी के लिए महाकुम्भ 2025 के अनुभव को अधिक आरामदायक बनाने में भी महत्वपूर्ण प्रगति की है। यात्री सुविधा केंद्र, व्हीलचेयर सेवाओं के साथ May I Help You बूथ और लॉजिस्टिक ट्रॉलियों की शुरूआत एक महत्वपूर्ण पहल है। प्रयागराज जंक्शन और छिवकी जैसे प्रमुख स्टेशनों को यात्रियों की सुविधा के लिए विशेष रूप से सुसज्जित किया गया है, जिससे उन्हें सुगम और आरामदायक आवागमन का अनुभव मिल रहा हैं। सरकार के 'सुगम्य भारत मिशन' के अनुरूप, भारतीय रेल ने लिफ्ट और एस्केलेटर सहित दिव्यांगजनों के अनुकूल सुविधाओं की संख्या बढाई हैं। यह प्रयास समावेशिता के प्रति दृढ़ प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं और सुनिश्चित करते हैं कि हर कोई (बुजुर्गों से लेकर दिव्यांगजन तक) इस पवित्र आयोजन में सुगमता से भाग ले सके।

**महाकुम्भ भविष्य के लिए एक मानक बना है**

परंपरा को आधुनिकता के साथ जोड़ने के भारतीय रेल के प्रयासों ने एक ऐसा माहौल बना दिया है, जो उन्नत और आरामदायक होने के साथ ही मॉर्डन सुविधाओं से युक्त है। रेलवे, तीर्थयात्रियों की यात्रा को सुविध-ाजनक बनाने के साथ ही, उनकेअनुभव को अभूतपूर्व बनाने में अहम भूमिका निभा रही है। भारतीय रेल, महाकुम्भ के दौरान सुविधाओं के उन्नयन से आतिथ्य के नए मानक स्थापित कर रही है।

# मौन ही है सभी साधनाओं का आधार



**योगेश कुमार गोयल**

**मौनी अमावस्या (29 जनवरी) पर विशेष**

माघ मास को हिन्दू धर्म में बहुत महत्वपूर्ण माना गया है। शास्त्रों के अनुसार माघ मास में पवित्र स्नान एवं दान करने से व्यक्ति को पुण्य के समान फल की प्राप्ति होती है। वैसे तो इस मास में आने वाले सभी व्रत और त्यौहारों का काफी महत्व है लेकिन इस माह की अमावस्या का तो विशेष महत्व माना गया है। स्कंद पुराण में अमावस्या तिथि को पर्व कहा गया है और शास्त्रों के अनुसार माघ मास के कृष्ण पक्ष की अमावस्या तिथि का तो बड़ा महत्व है। इस अमावस्या तिथि को 'मौनी अमावस्या' के नाम से भी जाना जाता है। हिन्दू पंचांग के अनुसार माघ मास के शुक्ल पक्ष की अमावस्या यानी 'मौनी अमावस्या' इस वर्ष 29 जनवरी को मनाई जा रही है। हिन्दू पंचांग के मुताबिक मौनी अमावस्या की तिथि की शुरुआत 28 जनवरी को रात 7 बजकर 35 मिनट पर होगी और इसका समापन 29 जनवरी को शाम 6 बजकर 5 मिनट पर होगा। मौनी अमावस्या के शुभ अवसर पर गंगा स्नान का तो विशेष महत्व है। इस बार मौनी अमावस्या के दिन महाकुंभ का दूसरा अमृत स्नान है। मान्यता है कि इस दिन देवी-देवता पवित्र संगम में निवास करते हैं। ऐसे में गंगा का जल अमृत के समान माना जाता है। मौनी अमावस्या के दिन गंगा अथवा संगम में स्नान से तन-मन निर्मल होने के साथ निरोग काया के साथ पापों का क्षय होता है।

ज्योतिष शास्त्र के अनुसार सूर्य जिस दिन चंद्रमा के साथ मकर राशि में विराजमान होते हैं, उसी दिन को मौनी अमावस्या कहा जाता है। मान्यता है कि माघ मास में जब सूर्य मकर राशि में होता है, तब तीर्थपति प्रयागराज में देवता, ऋषि, किन्नर और अन्य देवगण तीनों नदियों के संगम में स्नान करते हैं। स्कंद पुराण में कहा गया है कि इस दिन भगवान सूर्य की उपासना और तर्पण आदि करने से व्यक्ति को पितरों का आशीर्वाद प्राप्त होता है और इस दिन पवित्र नदियों में स्नान करने, व्रत, तर्पण और दान आदि करने से असंभव कार्य भी पूरे हो जाते हैं। इस बारे में महापुराण में कहा गया है कि इस दिन गंगा नदी में पवित्र स्नान करने के पश्चात् व्यक्ति को तिल तथा गुड़ से तर्पण आदि करना चाहिए क्योंकि ऐसा करने से व्यक्ति पुण्य का भोगी होता है और सभी पापों से मुक्त हो जाता है। विभिन्न पुराणों के अनुसार इस दिन सभी पवित्र नदियों और पतित पावनी मां गंगा का जल अमृत के समान हो जाता है, इसीलिए इस दिन गंगा स्नान करने से अश्वमेघ यज्ञ करने के समान फल मिलता है। मौनी अमावस्या के दिन मौन धारण कर गंगा-यमुना-सरस्वती की त्रिवेणी में स्नान करने को तो सर्वोत्तम माना गया है।

माघ मास के शुक्ल पक्ष की अमावस्या को 'मौनी अमावस्या' कहे जाने के पीछे एक मान्यता यह है कि मनु ऋषि का जन्म इसी पावन तिथि पर हुआ था और मनु शब्द से ही इस अमावस्या को 'मौनी अमावस्या' कहा जाने लगा। एक अन्य मान्यता के अनुसार इस दिन मौन रहकर ईश्वर की साधना की जाती है, इसलिए इसे मौनी अमावस्या कहा जाता है। मौनी अमावस्या को माघी अमावस्या भी कहा जाता है। माना जाता है कि मौनी अमावस्या के दिन मौन व्रत धारण कर ईश्वर का स्मरण करने से मुनि पद की प्राप्ति होती है और प्राणी की आध्यात्मिक ऊर्जा का स्तर बढ़ता है। मौन का अध्यात्म के शिखर को छूने में अहम योगदान होता है, इसीलिए मौन का अध्यात्म जगत में सदैव महत्वपूर्ण स्थान रहा है। दरअसल मौन को भारतीय संस्कृति में आध्यात्मिक शिखर तक पहुंचने का सबसे सटीक और शाश्वत माध्यम माना गया है। इसीलिए हमारे साधु-संतों और ऋषि-मुनियों ने सदैव इसे अपनी आध्यात्मिक साधना का महत्वपूर्ण अंग बनाया। आचार्य चाणक्य से लेकर गौतम बुद्ध और महर्षि दयानंद सरस्वती तक सभी महापुरूषों का जीवन मौन का पर्याय ही था। गोस्वामी तुलसीदास ने तो मौन को ही सभी साधनाओं का आधार माना है। आध्यात्मिक, मानसिक और शारीरिक शुद्धि के लिए मौन रहना सबसे उत्तम माना गया है।


धार्मिक और आध्यात्मिक कार्यों को करने के लिए मौनी अमावस्या की तिथि बहुत उत्तम मानी जाती है। मौनी अमावस्या के दिन मौन एवं संयम की साधना, स्वर्ग एवं मोक्ष देने वाली मानी गई है। पद्म पुराण में कहा गया है कि मौनी अमावस्या के दिन मौन रहकर किए गए जप-तप और दान से भगवान विष्णु बहुत प्रसन्न होते हैं और इससे विशेष धर्म लाभ प्राप्त होता है। हालांकि मौन रहने का वास्तविक अर्थ बाहरी दुनिया से दूर रहकर ईश्वर का स्मरण करते हुए अपने अंतर्मन में झांकना, आत्ममंथन करना, अपने अंदर की अशुद्धियों को दूर करना और मन को शुद्ध करना ही है, मौन का अर्थ यह कदापि नहीं होता कि आपने मुंह से तो बोलना बंद कर दिया यानी मौन व्रत धारण कर लिया लेकिन आपका मन विचलित है और बुरे विचारों या बुराईयों से भरा पड़ा है। हमारे भीतर की नकारात्मकता तभी दूर होगी और हमारे अंदर आध्यात्मिकता का विकास भी तभी होगा, जब हम मौन रहकर अपने मन को एकाग्रचित्त करते हुए सच्चे मन से ईश्वर का स्मरण करेंगे। कहा गया है कि यदि किसी व्यक्ति के लिए मौन रखना संभव न हो तो वह अपने विचारों को शुद्ध रखे और मन में किसी प्रकार की कुटिलता का भाव नहीं आने दे। (लेखक साढ़े तीन दशक से पत्रकारिता में निरंतर वरिष्ठ पत्रकार हैं)

## विदेश की खबरें

### अमेरिका : ट्रंप ने कार्यकारी आदेश पर किए हस्ताक्षर, ट्रांसजेंडर सैनिकों पर लग सकता है प्रतिबंध

**वाशिंगटन :** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर कर रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ को ट्रांसजेंडर सैनिकों संबंधी पेंटागन की नीति को संशोधित करने का निर्देश दिया है। ट्रंप के इस कार्यकारी आदेश से भविष्य में अमेरिकी सेना में ट्रांसजेंडर सैनिकों की भर्ती पर प्रतिबंध लग सकता है। उन्होंने उन सैनिकों को भी बहाल करने का आदेश दिया जिन्हें कोविड-19 टीके लेने से इनकार करने के कारण हटा दिया गया था। ट्रंप के कार्यकारी आदेश में अमेरिका के लिए मिसाइल रक्षा कवच की तैनाती का प्रावधान किया गया है। रक्षा मंत्री के रूप में अपने पहले दिन ही पीट हेगसेथ को राष्ट्रपति के कई कार्यकारी आदेशों का अनुपालन करने की दिशा में काम करते हुए देखा गया। ट्रंप और हेगसेथ दोनों ने पूरे दिन प्रत्याशित आदेशों के कुछ हिस्सों का वर्णन किया, लेकिन इन कार्यकारी आदेशों की स्पष्टता सोमवार देर शाम तक सामने नहीं आई थी। ट्रांसजेंडर कार्यकारी आदेश-ट्रांसजेंडर सैनिकों पर प्रतिबंध की व्यापक रूप से उम्मीद की जा रही थी और ट्रंप द्वारा हस्ताक्षरित आदेश भविष्य में प्रतिबंध लगाने की दिशा में एक बड़ा कदम माना जा रहा है।

### भारत मध्य पूर्व क्षेत्र को दुनिया के लिये महत्वपूर्ण मार्ग के रूप में देखता है : जयशंकर



**अबू धाबी :** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने पिछले दशक में मजबूत व्यापार, संपर्क, (भारत और मध्य पूर्व की) जनता के बीच आपसी संबंधों से प्रेरित भारत-मध्य पूर्व के संबंधों के महत्वपूर्ण विस्तार को रेखांकित करते हुए मंगलवार को कहा कि भारत इस क्षेत्र को दुनिया के लिये एक महत्वपूर्ण मार्ग के रूप में देखता है। 'रायसीना मिडिल ईस्ट' के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए जयशंकर ने कहा कि मध्य पूर्व क्षेत्र, जिसे भारत पश्चिम एशिया कहता है, भारत के रणनीतिक हितों के लिए महत्वपूर्ण है। खाड़ी क्षेत्र में भारत का व्यापार लगभग 160 से 180 अरब अमेरिकी डॉलर है। जयशंकर ने कहा, 'खाड़ी में हमारी उपस्थिति व्यापक और महत्वपूर्ण है। 90 लाख से अधिक भारतीय यहां रहते हैं और काम करते हैं। खाड़ी एमईएनए (मध्य पूर्व और उत्तरी अफ्रीका) क्षेत्र और भूमध्य सागर के लिए प्रवेश द्वार के रूप में भी काम करती है।' उन्होंने कहा कि यह बड़ा क्षेत्र हिंद महासागर और अटलांटिक महासागर के बीच जुड़ाव का काम करता है। विदेश मंत्रालय द्वारा जारी एक बयान में जयशंकर के हवाले से कहा गया, 'भूमध्यसागरीय क्षेत्र के साथ हमारा वार्षिक व्यापार 80 अरब अमेरिकी डॉलर का है, और वहां प्रवासी भारतीय सदस्यों की संख्या लगभग पांच लाख है।' उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र में भारत की परियोजनाओं में हवाई अड्डे, बंदरगाह, रेलवे, फॉस्फेट, हरित हाइड्रोजन, इस्पात और पनडुब्बी केबल शामिल हैं। जयशंकर ने कहा कि भारत और मध्य पूर्व के प्रयासों को अफ्रीका, यूरोप, काकेशस और मध्य एशिया में भी आगे बढ़ाया जा सकता है। विदेश मंत्री ने कहा, 'शायद ऐसा कोई क्षेत्र नहीं है, जिसमें कनेक्टिविटी के अलावा इस तरह के बहुपक्षीय सहयोग के लिए अधिक मजबूत मामला हो...समुद्री सुरक्षा और संरक्षा एक और मुद्दा है, जहां वैश्विक कमी को दूर करने के लिए समझ और तंत्र की जरूरत है।' जयशंकर ने कहा कि दोनों क्षेत्रों में लंबे समय से लोगों का आपसी जुड़ाव रहा है, वैश्विक कार्यस्थल के उद्भव में भी वे समान रुचि रखते हैं। उन्होंने कहा, 'यह तब और भी जरूरी हो जाता है, जब सेमीकंडक्टर या इलेक्ट्रिक मोबिलिटी जैसे नए उद्योग कौशल और प्रतिभा की तलाश में दुनिया भर में खोजबीन कर रहे हों। विशेष रूप से, खाड़ी क्षेत्र इस संबंध में एक ट्रेंडसेटर रहा है।'

### मोदी अवैध प्रवासियों के मामले में वही करेंगे, 'जो सही है': ट्रंप

**वाशिंगटन :** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि अवैध प्रवासियों के मामले पर भारत के साथ बातचीत जारी है तथा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इस मामले में वही करेंगे, 'जो सही होगा।' राष्ट्रपति ट्रंप ने सोमवार को फ्लोरिडा से 'ज्वाइंट बेस एंड्रयूज' लौटते समय 'एयर फोर्स वन' में पत्रकारों से बातचीत के दौरान यह कहा। ट्रंप ने यह भी बताया कि प्रधानमंत्री मोदी के फरवरी में अमेरिका के राष्ट्रपति के आधिकारिक आवास एवं कार्यालय 'व्हाइट हाउस' आने की संभावना है। 'व्हाइट हाउस' ने दोनों नेताओं के बीच फोन पर हुई बातचीत का ब्यौरा देते हुए कहा कि ट्रंप की मोदी के साथ फोन पर 'सार्थक' बातचीत हुई जिसमें द्विपक्षीय व्यापारिक संबंध तथा भारत-अमेरिका सहयोग को और अधिक गहरा करने की दिशा में काम करने पर जोर दिया गया। राष्ट्रपति ट्रंप ने सोमवार को फ्लोरिडा में रिपब्लिकन पार्टी के सांसदों से कहा कि अमेरिका उन देशों पर शुल्क लगाएगा जो अमेरिका को 'नुकसान' पहुंचाते हैं। उन्होंने चीन, भारत और ब्राजील को उच्च शुल्क वाले देशों की श्रेणी में रखा।

### बांग्लादेश में रेलवे यूनियन की हड़ताल के कारण ट्रेनें रद्द, यात्री परेशान

**ढाका :** बांग्लादेश में रेलवे कर्मचारियों की हड़ताल के कारण मंगलवार को देशभर में ट्रेनों का परिचालन ठप हो गया जिससे हजारों यात्रियों और माल परिवहन पर असर पड़ा। रेलवे कर्मचारियों ने पेंशन में वृद्धि और अन्य लाभों की मांग को लेकर यह हड़ताल शुरू की है। 'बांग्लादेश रेलवे रनिंग स्टाफ एंड वर्कर्स यूनियन' के कार्यवाहक अध्यक्ष सईदुर रहमान ने कहा कि सोमवार देर रात मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार के साथ कोई समझौता नहीं होने के कारण यह हड़ताल शुरू की गयी। रहमान ने कहा कि अगर उनकी मांगें पूरी नहीं की गईं तो यह हड़ताल अनिश्चितकाल तक जारी रहेगी। सरकारी रेलवे प्रणाली हर साल लगभग 6.5 करोड़ यात्रियों को सेवा देती है। यह 17 करोड़ की आबादी वाले देश में 25,000 कर्मचारियों को रोजगार देती है और 36,000 किलोमीटर (22,000 मील) के नेटवर्क पर काम करती है।

## आज का पंचांग

**कोलकाता :** 29 जनवरी, बुधवार, 2025, विक्रम सम्वत् 2081, माघ कृष्णपक्ष अमावस्या, 18:02 तक, नक्षत्र : उत्तराषाढ़ा, 08:12 तक, योग : सिद्धि, 21:13 तक, सूर्योदय: 6:18, सूर्यास्त: 17:23, चन्द्रोदय : 06:10, चन्द्रास्त: 17:13, शक सम्वतः 1945 सुभाकृतु, सूर्य राशि : मकर, चन्द्र राशि : मकर, राहू काल : 11:49 से 13:12

## राशिफल

**मेष :** आज का दिन आपके लिए अच्छी संपत्ति के संकेत दे रहा है। आपके घर किसी अतिथि का आगमन होने से माहौल खुशनुमा रहेगा। सामाजिक कार्यक्रमों से आपको जुड़ने का मौका मिलेगा।

**वृष :** आज का दिन आपके लिए किसी नए काम की शुरुआत करने के लिए अच्छा रहेगा। आपको कोई बड़ा प्रोजेक्ट मिल सकता है। सरकारी योजनाओं का भी आपका पूरा लाभ मिलेगा।

**मिथुन :** मिथुन राशि के जातकों के लिए आज का दिन सामान्य रहने वाला है। आप कामों को लेकर कुछ विशेष व्यक्तियों से मिल सकते हैं। परिजन से धोखा मिलने से आपका मन परेशान रहेगा।

**कर्क :** आज का दिन आपके लिए खर्चों से भरा रहने वाला है। आप किसी धार्मिक आयोजन में सम्मिलित हो सकते हैं। आपको यदि किसी बात को लेकर कोई टेंशन चल रही थी, तो वह भी दूर होगी।

**सिंह :** आज का दिन आपके लिए बुद्धि और विवेक से काम लेने के लिए रहेगा। भविष्य को लेकर आप कोई बड़ा इन्वेस्टमेंट कर सकते हैं। कोई शुभ सूचना सुनने को मिल सकती है।

**कन्या :** आज का दिन आपके लिए मान-सम्मान में वृद्धि लेकर आने है। आपका कोई लंबे समय से रुका हुआ काम पूरा हो सकता है। सामाजिक कार्यक्रमों से आपको जुड़ने का मौका मिलेगा।

**तुला :** आज का दिन आपके लिए भाग्य के दृष्टिकोण से अच्छा रहने वाला है। छोटे बच्चे किसी चीज की फरमाइश कर सकते हैं। परिवार में किसी मांगलिक कार्यक्रम का आयोजन हो सकता है।

**वृश्चिक :** आज का दिन आपके लिए मिश्रित रूप से फलदायक रहने वाला है। परिवार के सदस्यों से यदि संबंधों में कटुता आ गई थी, तो वह भी दूर होगी। आप अपने खानपान पर पूरा ध्यान दें।

**धनु :** आज का दिन आपके लिए धन-धान्य में वृद्धि लेकर आने वाला है। आपके मित्रों की संख्या में भी इजाफा होगा। राजनीतिक क्षेत्रों में आप बढ़ चढ़कर हिस्सा लेंगे।

**मकर :** आज का दिन आपके लिए मध्यम रूप से फलदायक रहने वाला है। आपको जल्दबाजी में कोई निर्णय लेने से बचना होगा। आपके शत्रु आपको परेशान करने की कोशिश करेंगे।

**कुम्भ :** आज का दिन आपके लिए प्रेम और सहयोग की भावना बनाए रखने के लिए रहेगा। विद्यार्थियों को यदि कामों को लेकर कुछ समस्या चल रही थी, तो वह भी काफी दूर होगी।

**मीन :** आज का दिन आपके लिए खुशनुमा रहने वाला है। आपको संतान को कोई बड़ी उपलब्धि हासिल हो सकती है। माता जी के स्वास्थ्य में चल रही समस्याओं से भी आपको राहत मिलेगी।

## वर्ग पहेली नं. 2989

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | ■ | 2 | ■ | 3 | | 4 | ■ | 5 |
| | ■ | 6 | | 7 | | ■ | 8 | | |
| 9 | | | ■ | 10 | | 11 | ■ | ■ | |
| | ■ | 12 | 13 | ■ | 14 | | 15 | ■ | |
| 16 | 17 | ■ | | ■ | | ■ | | ■ | |
| ■ | 18 | | | 19 | ■ | 20 | | 21 | ■ |
| ■ | | ■ | ■ | 22 | 23 | | ■ | 24 | 25 |
| 26 | | 27 | 28 | | | ■ | 29 | | |
| | ■ | 30 | | ■ | 31 | | | ■ | |

➲ *बायें से दायें:-* 1) पगड़ी, 3) अँगूठे से दूसरी उँगली, 6) छूट; नियमबाह्यता, 8) कोमल, 9) जन्मदिवस; *ऐनिवर्सरी*, 10) भारत का एक घटक राज्य: ××× *और नगर हवेली*, 12) तपस्या, 14) गवैया, 16) पुरज़ा; पिछला दिन, 18) चमकदार; चिकना, 20) परिणाम, 22) ज्वाला; लपट, 24) होंठ, 26) स्वाद का तीखापन, 29) ढेर, 30) मुकुट, 31) महाराष्ट्र के ××× शहर में कुंभमेला आयोजित किया जाता है.

➲ *ऊपर से नीचे:-* 1) सर्वज्ञात; सामूहिक, 2) जो रुक गया हो, 3) सहायक, 4) कारणतः, 5) निकट, 6) भूतकालीन, 7) इकरार; वचन, 11) सुझाव, 13) मनचाहा, 15) हृदय; जिगर, 17) चुनौती, 19) झगड़ा, 20) संस्करण *(किसी अखबार का)*, 21) खँडहर टीला, 23) मुकरना, 25) फुहार; बारिश, 26) वार्तालाप; उल्लेख, 27) मुकामस्थान, 28) शासन अधिकार, 29) आँकड़ा; संख्या,

*(उत्तरः अगले अंक में)*

*पिछली पहेली का उत्तर*

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| फ | ट | क | ना | ■ | आ | ना | का | नी | ■ |
| र | ■ | ■ | ल | ट | क | ता | ■ | ति | ल |
| मा | यू | स | ■ | ■ | थू | ■ | मौ | ■ | बा |
| इ | ■ | र | ह | म | ■ | शा | न | दा | र |
| श | त | क | ■ | स | त | र्क | ■ | ना | ■ |
| ■ | क | ना | त | ■ | ल्ली | ■ | जा | पा | न |
| न | दी | ■ | क | मी | न | गी | ■ | नी | म |
| कु | र | ता | ■ | च | ■ | ला | ल | ■ | स्वा |
| ल | ■ | ब | द | ना | मी | ■ | गा | ग | र |

➲ शब्दवेधी

## सुडोकू-पहेली-2949

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | 1 | 9 | | |
| 7 | | | | 3 | | | | |
| 2 | | | | | | | | |
| | 5 | | | | | | 7 | |
| | 1 | | | | 4 | | | |
| | | | 2 | | | | | |
| | | | | 6 | | 1 | | 5 |
| 8 | | | 7 | | | | 3 | |
| | | | | | | 4 | | |

**प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरना आवश्यक है। इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है।**

••••

**आड़ी और खड़ी में एवं 3-3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका ध्यान जरूर रखें।**

**सूडोकू पहेली - 2948 का उत्तर**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 2 | 6 | 7 | 5 | 9 | 1 | 8 | 3 |
| 8 | 9 | 1 | 6 | 4 | 3 | 2 | 5 | 7 |
| 3 | 7 | 5 | 8 | 1 | 2 | 9 | 4 | 6 |
| 5 | 3 | 2 | 9 | 6 | 1 | 8 | 7 | 4 |
| 7 | 6 | 9 | 4 | 8 | 5 | 3 | 2 | 1 |
| 1 | 4 | 8 | 2 | 3 | 7 | 5 | 6 | 9 |
| 2 | 8 | 3 | 1 | 7 | 6 | 4 | 9 | 5 |
| 9 | 5 | 7 | 3 | 2 | 4 | 6 | 1 | 8 |
| 6 | 1 | 4 | 5 | 9 | 8 | 7 | 3 | 2 |

# आरजीकर भ्रष्टाचार मामले में संदीप घोष के खिलाफ आरोप तय करने की मिली मंजूरी

**❑ ममता सरकार द्वारा मंजूरी दिए जाने की सूचना सीबीआई के वकील ने हाईकोर्ट को दी**

**कोलकाता, समाज्ञा :** ममता सरकार ने आरजीकर मेडिकल कॉलेज व अस्पताल के पूर्व व विवादास्पद प्रिंसिपल संदीप घोष के खिलाफ आरोप तय करने और उसके बाद कानूनी की प्रक्रिया शुरू करने के लिए अंततः अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) दे दिया है। बता दें कि आरजीकर में वित्तीय अनियमितताओं के सिलसिले में सीबीआई ने संदीप घोष को गिरफ्तार किया था। सीबीआई के वकील ने मंगलवार को कलकत्ता हाईकोर्ट की एकल पीठ को यह



जानकारी दी। बताया जा रहा है कि राज्य सरकार ने सोमवार की शाम को एनओसी दे दी। तदनुसार, जस्टिस तीर्थंकर घोष की एकल पीठ ने आरोप-निर्धारण की प्रक्रिया एक सप्ताह के भीतर पूरी करने और आगामी सुनवाई की प्रक्रिया शुरू करने का निर्देश दिया है। मंगलवार को सीबीआई ने कलकत्ता हाईकोर्ट को एक सीलबंद लिफाफे में मामले की जांच की प्रगति रिपोर्ट भी सौंपी। सीबीआई के वकील ने अदालत को यह भी बताया कि उनकी जांच अंतिम चरण में है। उल्लेखनीय है कि सीबीआई के अलावा ईडी भी आरजीकर की वित्तीय अनियमितताओं के मामले की समानांतर जांच कर रहा है। इस मामले में सीबीआई ने अपने आरोपपत्र में कुल पांच लोगों के नाम शामिल किए हैं। इनमें संदीप घोष, उनके सहायक-सह-अंगरक्षक अफसर अलीर, निजी ठेकेदार बिप्लब सिन्हा और सुमन हाजरा तथा जूनियर डॉक्टर आशीष पांडे शामिल हैं। वे सभी अभी न्यायिक हिरासत में हैं।

### आरजीकर भ्रष्टाचार मामले में एक सप्ताह के भीतर ट्रायल शुरू करने का निर्देश

कलकत्ता हाईकोर्ट ने सीबीआई की विशेष अदालत को आरजीकर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के वित्तीय भ्रष्टाचार मामले में एक सप्ताह के भीतर सुनवाई शुरू करने का निर्देश दिया है। मंगलवार को जस्टिस तीर्थंकर घोष ने आदेश दिया कि निचली अदालत को इस मामले की सुनवाई जल्द से जल्द पूरी करनी चाहिए। गौरतलब है कि आरजीकर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के पूर्व उपाधीक्षक अख्तर अली ने अस्पताल में कथित वित्तीय अनियमितताओं का मामला दर्ज कराया था। उस मामले में सीबीआई जांच के अंतिम चरण में ईडी ने ईसीआईआर (प्रवर्तन मामला सूचना रिपोर्ट) दाखिल कर जांच शुरू कर दी है। ईडी के वकील ने मंगलवार को हाईकोर्ट में यह जानकारी दी। अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल अशोक चक्रवर्ती ने अदालत को बताया कि सुप्रीम कोर्ट आरजीकर दुष्कर्म-हत्या मामले के साथ-साथ अस्पताल में वित्तीय अनियमितता मामले में भी सुनवाई कर रहा है।

## केंद्रीय टीम ने राज्य सरकार की सराहना, बांग्लादेशी घुसपैठ को रोकने में सफल रही पुलिस

**❑ सीमा का दौरा करने के बाद कोलकाता में केंद्रीय दल ने की बैठक**

**कोलकाता, समाज्ञा :** बांगलादेशी घुसपैठ को रोकने में राज्य सरकार की भूमिका की केंद्रीय टीम ने सराहना की है। केंद्रीय विशेष खुफिया टीम ने हाल ही में राज्य के सीमावर्ती क्षेत्रों का दौरा किया और सीमा सुरक्षा की दिशा में राज्य पुलिस के प्रयासों की प्रशंसा की। सूत्रों के अनुसार, दिल्ली से आई इस टीम ने कोलकाता पहुंचने के बाद सीमांत क्षेत्रों का निरीक्षण किया, जहां उनका मुख्य ध्यान उन स्थानों पर था, जहां बांगलादेशी घुसपैठ की संभावना थी, खासकर उन क्षेत्रों में जहां कांटेदार बाड़ नहीं लगी थी। इस टीम ने पाया कि कई क्षेत्रों में बाड़ लगाने की योजना बनाई जा रही है, जबकि कुछ क्षेत्रों में घुसपैठ की कोशिशें पहले ही हो चुकी थीं। टीम के सदस्यों ने यह भी पाया कि न केवल सीमा पर, बल्कि राज्य के कई गांवों से भी बांगलादेशी घुसपैठिए पकड़े गए थे।

इसके अलावा, पिछले कुछ महीनों में राज्य पुलिस ने कई जगहों से आतंकवादी भी गिरफ्तार किए हैं। केंद्रीय टीम ने राज्य सरकार और पुलिस की सराहना करते हुए कहा कि सुरक्षा के दृष्टिकोण से केंद्र और राज्य दोनों ने मिलकर बेहतरीन काम किया है। उन्होंने यह भी कहा कि राज्य प्रशासन ने सीमावर्ती क्षेत्रों में बाड़ लगाने के लिए आवश्यक भूमि मुद्दों को हल करने में केंद्र की मदद की है, और इस पर बीएसएफ और केंद्रीय एजेंसियों के साथ बैठकें भी की गई हैं।

## कोलकाता में फिर एक बुजुर्ग दंपत्ति हुए डिजिटल धोखाधड़ी का शिकार

**❑ आरोपियों ने 17 लाख रुपये किए गबन**

**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता में फिर एक बुजुर्ग दंपत्ति डिजिटल धोखाधड़ी का शिकार हुए है। जानकारी के अनुसार, यह घटना गोलपार्क थाना इलाके की है। आरोप है कि उन्होंने ईडी अधिकारी बनकर बुजुर्ग दम्पति पर ढाई करोड़ रुपये की वित्तीय धोखाधड़ी करने का आरोप लगाया और उनसे करीब 17 लाख रुपये हथिया लिये।

पता चला है कि जांच में उतरी पुलिस दंपति की खोई हुई रकम में से केवल 3.5 लाख रुपये ही बरामद कर पाई है। पुलिस इस बात को लेकर भी संशय में है कि क्या शेष धनराशि बरामद हो सकेगी। पता चला है कि एक निजी कंपनी के पूर्व कर्मचारी सुभाशीष रॉय धोखाधड़ी का शिकार हुए हैं। उन्होंने कहा कि वह 2021 में कोविड से गंभीर रूप से बीमार हो गए थे। जिस कारण उन्हें अपनी नौकरी छोड़ने के लिए मजबूर होना पड़ा। तब से अब तक जो बचत उन्होंने जमा की है, वही उनकी एकमात्र पूंजी है। पुलिस को दी गई लिखित शिकायत में उन्होंने बताया कि कुछ दिन पहले उनके पास एक फोन आया। फोन पर दूसरी तरफ मौजूद व्यक्ति ने खुद को दिल्ली स्थित एसबीआई मुख्य शाखा का अधिकारी बताया और दावा किया कि उनके नाम से जारी किए गए क्रेडिट कार्ड से 1.60 लाख रुपये खर्च किए गए है। यह सुनकर सुभाशीष आश्चर्य में पड़ गए। उन्होंने कहा कि वह ऐसे किसी भी क्रेडिट कार्ड का उपयोग नहीं करते हैं।

इसके बाद, पुलिस की वर्दी में खुद को दिल्ली पुलिस का बताकर कुछ लोगों ने वीडियो कॉल के जरिए उनसे कहा कि आपके खिलाफ ईडी की तरफ से गिरफ्तारी वारंट है। उनहोंने 2.5 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी की कहानी सुनाकर एक-एक करके शुभाशीष से आधार और पासबुक की जानकारी ले ली। इसके साथ ही उन्होंने आरटीजीएस के जरिए उनसे करीब 17 लाख रुपए का गबन कर लिए। जब उसे अहसास हुआ कि उसके साथ धोखा हुआ है तो वह तुरंत पुलिस के पास पहुंचे।

### कुलपी में त्रिकोण प्रेम में टोटो चालक की हत्या, पत्नी-प्रेमी व बेटी हिरासत में

**कोलकाता, समाज्ञा :** एक महिला ने त्रिकोण प्रेम के दौरान अपने पति की हत्या को अंजाम दिया है। उक्त घटना से दक्षिण 24 परगना के कुलपी के तुलसी चौक इलाके में भारी हड़कंप मच गया। मृतक का नाम गौतम हलदर है, जो पेशे से टोटो चालक था। उक्त हत्या का आरोप मृतक की पत्नी मल्लिका और उसके प्रेमी पर है। पुलिस ने मल्लिका, उसके प्रेमी और उनकी 14 वर्षीय बेटी को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। पड़ोसियों और रिश्तेदारों के अनुसार, गौतम और मल्लिका के बीच लंबे समय से विवाद चल रहा था। बताया जा रहा है कि मल्लिका का एक युवक के साथ विवाहेतर संबंध था, जिससे परिवार में तनाव बना रहता था। इस मामले को लेकर पंचायत में भी बैठक हुई थी, लेकिन मल्लिका ने अपने संबंध खत्म नहीं किए। सोमवार की देर रात गौतम जब अपने घर में सो रहा था, तभी उनकी धारदार हथियार से हत्या कर दी गई। पुलिस ने बताया कि शव को बरामद कर लिया गया है और पोस्टमार्टम के लिए डायमंड हार्बर पुलिस मुर्दाघर भेज दिया गया है। पोस्टमार्टम के बाद ही हत्या का असली मकसद पता चलेगा।

# कोलकाता पुस्तक मेले के लिए 28 जनवरी से 9 फरवरी तक विशेष बस सेवा

### परिवहन विभाग ने जारी की निर्देशिका

**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता में अंतरराष्ट्रीय पुस्तक मेला मंगलवार से शुरू हो चुका है। 40वें अंतरराष्ट्रीय कोलकाता पुस्तक मेले के दौरान परिवहन विभाग विशेष बस सेवा शुरू करेगा। यह मेला सॉल्टलेक के सेंट्रल पार्क में 28 जनवरी से 9 फरवरी तक आयोजित किया जा रहा है। परिवहन विभाग ने अधिसूचना जारी कर बताया कि कोलकाता और आसपास के जिलों से करुणामयी बस टर्मिनस (पुस्तक मेला स्थल) तक विशेष बसें चलाई जाएंगी। ये बसें दोपहर 12 बजे से रात 8 बजे तक चलेंगी। हालांकि, छुट्टियों के दिनों में अतिरिक्त सेवाएं उपलब्ध नहीं होंगी। विशेष बसें करुणामयी से 20 विभिन्न रूटों पर चलेंगी। इनमें बारासात, बारुइपुर, गड़िया, ठाकुरपुकुर, सांतरागाछी, बाली हॉल्ट, जोका, बैरकपुर और कमालगाज़ी जैसे इलाके शामिल हैं। सभी बसों के रूट की जानकारी बस के आगे कांच पर लिखी जाएगी, जिससे यात्री आसानी से अपने



गंतव्य तक पहुंच सकें। इसके अलावा, तीन अतिरिक्त एसी बसें भी उपलब्ध कराई जाएंगी। सरकारी बसों की संख्या भी बढ़ाई गई है। परिवहन मंत्री स्नेहाशीष चक्रवर्ती ने सुनिश्चित किया है कि सभी सेवाएं सुचारू रूप से चलें। पुस्तक मेला स्थल से आखिरी बस रात 8 बजे रवाना होगी। विभाग ने इस दौरान यात्रियों को बेहतर सुविधा देने के लिए अतिरिक्त कर्मचारियों और अधिकारियों को तैनात किया है। परिवहन विभाग ने यह भी स्पष्ट किया है कि छुट्टियों के दौरान कोई अतिरिक्त बस सेवा प्रदान नहीं की जाएगी।

### बारुईपुर में गोली मार कर हत्या की कोशिश, मामला दर्ज

**कोलकाता :** कलकत्ता लेदर कॉम्प्लेक्स थाने में हत्या के प्रयास का मामला दर्ज किया गया है। शिकायतकर्ता जहिर पुरकैत (23), निवासी मियारघेरी, जिबंतला, 24 परगना (दक्षिण) ने अपनी शिकायत में बताया कि नामजद आरोपी इंजमामुल पाइलन उर्फ अपू, निवासी बनाग्राम, भांगोर, 24 परगना (दक्षिण) ने 27 जनवरी की शाम करीब 6:20 बजे बौरो कब्रिस्तान, भाटीपोटा इलाके में आपराधिक साजिश के तहत उन पर जानलेवा हमला किया। आरोपी ने शिकायतकर्ता पर गोली चलाई, जिससे उनके पीठ के ऊपरी हिस्से में गंभीर चोट आई। घायल जहिर पुरकैत को तुरंत रूबी जनरल अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आईपीसी की धारा 109/61(2) बीएनएस और आर्म्स एक्ट की धारा 25/27 के तहत मामला दर्ज कर लिया है। आरोपी की गिरफ्तारी के लिए सघन तलाशी अभियान चलाया जा रहा है।

# शियालदह में हथियारों के साथ पकड़े गए उत्तर प्रदेश के 5 युवक, सभी उच्च शिक्षित

**कोलकाता :** कोलकाता के शियालदह क्षेत्र में पुलिस ने एक बड़े अभियान के दौरान उत्तर प्रदेश के पांच युवकों को गिरफ्तार किया। ये सभी युवक उच्च शिक्षित हैं, जिनमें से कोई बीटेक, तो कोई एमकॉम, बीएससी और आईटीआई पास है। कोलकाता पुलिस की स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) ने सोमवार की रात सुरेंद्रनाथ कॉलेज फॉर वुमन के पास बैठकखाना रोड स्थित एक घर में छापेमारी कर इन्हें गिरफ्तार किया।

पुलिस ने छापेमारी के दौरान एक 7 एमएम सेमी-ऑटोमेटिक पिस्टल, एक सिंगल-शटर बंदूक और 15 राउंड जिंदा कारतूस बरामद किए। गिरफ्तार युवकों की पहचान शिवशंकर यादव, राहुल यादव,



आदित्य मौर्य, देवांक गुप्ता और रुकश साहनी के रूप में हुई है। सभी की उम्र 20 से 30 साल के बीच है।

**❑ पुलिस की जांच जारी**

कोलकाता पुलिस के ज्वाइंट सीपी (क्राइम) रुपेश कुमार ने मंगलवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि गिरफ्तार युवक दो दिन पहले ट्रेन से कोलकाता आए थे। उनके पास से ट्रेन की टिकटें मिली हैं, लेकिन कोई पहचान पत्र या वैध दस्तावेज नहीं मिला। सभी युवक कोलकाता के एक लॉज में ठहरे हुए थे।

अब सवाल उठ रहा है कि ये सभी उच्च शिक्षित युवक बंगाल में हथियारों के साथ क्यों आए थे? क्या उत्तर प्रदेश में नौकरी नहीं मिलने के कारण इन्होंने अपराध का रास्ता चुना? पुलिस यह भी जांच कर रही है कि कोलकाता में उनका किससे संपर्क था और उनका उद्देश्य क्या था।

**❑ उत्तर प्रदेश पुलिस को सूचना**

कोलकाता पुलिस ने इस गिरफ्तारी के बारे में उत्तर प्रदेश पुलिस को ईमेल के जरिए जानकारी दी है। पुलिस की जांच में यह पता लगाने की कोशिश की जा रही है कि इन युवकों का अपराध में शामिल होने का मकसद क्या था और इनके पीछे कौन है।

कोलकाता पुलिस फिलहाल इन सभी को अपनी हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।

## विधानसभा चुनाव के प्रचार अभियान में शामिल होने दिल्ली रवाना हुए शुभेंदु अधिकारी

**कोलकाता, समाज्ञा**

नेता प्रतिपक्ष शुभेंदु अधिकारी आगामी दिल्ली विधानसभा चुनावों के लिए प्रचार करने के उद्देश्य से मंगलवार से दो दिवसीय दिल्ली दौरे पर रवाना हुए हैं। भाजपा सूत्रों के अनुसार, हाल ही में बांग्लादेश में हिंदू अल्पसंख्यकों पर हुए अत्याचारों को लेकर पश्चिम बंगाल में शुभेंदु अधिकारी के लगातार अभियानों और इस मुद्दे पर उनके नेतृत्व में हुई जनसभाओं में भारी भीड़ जुटने से पार्टी के राष्ट्रीय नेतृत्व पर उनका प्रभाव बढ़ा है। पश्चिम बंगाल में बांग्लादेशी घुसपैठियों की समस्या गंभीर है, हालांकि दिल्ली में यह समस्या इतने बड़े पैमाने पर नहीं है, लेकिन शुभेंदु अधिकारी का अभियान वहां भी महत्वपूर्ण माना जा रहा है। पार्टी के पश्चिम बंगाल राज्य समिति के एक सदस्य ने कहा कि इस स्थिति में अधिकारी के प्रचार कार्यक्रम दिल्ली में अहम भूमिका निभाएंगे।

बता दें कि शुभेंदु अधिकारी ने इससे पहले झारखंड, महाराष्ट्र, त्रिपुरा और छत्तीसगढ़ में हुए विधानसभा चुनावों में भी भाजपा के लिए प्रचार किया है। इसके अलावा, भाजपा विधायक अग्निमित्रा पॉल भी दिल्ली में पार्टी के लिए प्रचार कर रही हैं। सूत्रों का कहना है कि दिल्ली विधानसभा चुनावों के प्रचार में भाग लेने के अलावा, शुभेंदु अधिकारी पार्टी के शीर्ष नेतृत्व से मुलाकात भी कर सकते हैं। यह बैठक विशेष रूप से पश्चिम बंगाल की वर्तमान राजनीतिक स्थिति पर केंद्रित होगी। इसमें आरजीकर मामले में विशेष अदालत के हालिया फैसले पर चर्चा हो सकती है।

# पार्थ चट्टोपाध्याय का इलाज अब निजी अस्पताल में, कोर्ट ने दी अनुमति

### कोलकाता पुलिस की सुरक्षा में होगा इलाज

**कोलकाता, समाज्ञा :** सीबीआई द्वारा गिरफ्तार किए गए पूर्व शिक्षा मंत्री पार्थ चट्टोपाध्याय का इलाज अब एसएसकेएम अस्पताल में नहीं, बल्कि एक निजी अस्पताल में होगा। विशेष सीबीआई अदालत ने मंगलवार को पार्थ को बाईपास के पास स्थित एक निजी अस्पताल में स्थानांतरित करने की अनुमति दे दी है। अदालत ने एसएसकेएम अस्पताल को इस आदेश का पालन करने का निर्देश दिया है। पार्थ चट्टोपाध्याय ने अदालत में कहा था कि एसएसकेएम अस्पताल में उन्हें उचित इलाज नहीं मिल रहा है। इसके बाद उनके वकील ने सोमवार को अदालत में एक आवेदन दायर किया



था, जिसमें उन्होंने पार्थ के इलाज के लिए एक अच्छे निजी अस्पताल में स्थानांतरित करने की मांग की थी। अदालत ने उनकी इस याचिका को मंजूरी दी।

इसके साथ ही, निजी अस्पताल में पार्थ की सुरक्षा की जिम्मेदारी कोलकाता पुलिस को सौंप दी गई है, और पुलिस कमिश्नर को भी इस संबंध में निर्देश दिया गया है। गत 16 जनवरी को पार्थ की तबीयत अचानक बिगड़ गई थी और उन्हें श्वास संबंधी समस्याएं होने लगी थीं। पहले उन्हें जेल के डॉक्टर द्वारा चेकअप किया गया, फिर उन्हें एसएसकेएम अस्पताल भेजा गया। 23 जनवरी के बाद से उनकी हालत और भी बिगड़ गई थी, और किडनी, फेफड़े और क्रिएटिनिन के स्तर में भी समस्याएं आ रही थीं। इसी कारण उनके वकील ने अदालत से उनकी बीमारी के इलाज के लिए किसी अन्य अस्पताल में स्थानांतरित करने की मांग की, जिसे अदालत ने स्वीकार कर लिया।

### हिंगलगंज में आठवीं कक्षा की छात्रा से दुष्कर्म के आरोप में पड़ोसी युवक गिरफ्तार

**कोलकाता, समाज्ञा :** आठवीं कक्षा की एक छात्रा से दुष्कर्म के आरोप में पोक्सो अधिनियम के तहत पड़ोसी युवक को गिरफ्तार किया गया है। जानकारी के अनुसार, यह घटना हिंगलगंज थाना अंतर्गत साहेबखाली पंचायत इलाके में घटी। आरोप है कि सोमवार की दोपहर करीब 1.30 बजे 13 वर्षीय नाबालिग लड़की घर पर अकेली थी, तभी 23 वर्षीय पड़ोसी ने कथित तौर पर उसके माता-पिता की अनुपस्थिति का फायदा उठाकर घर में घुसकर नाबालिग से दुष्कर्म किया। जब उसकी हालत बिगड़ गई और उसके माता-पिता घर लौटे तो पीड़िता ने पूरी घटना बताई। नाबालिग लड़की के साथ उसके माता-पिता हिंगलगंज पुलिस थाने पहुंचे और युवक के खिलाफ पोक्सो एक्ट के तहत दुष्कर्म की शिकायत दर्ज कराई।

# कोलकाता में फिर फर्जी कॉल सेंटर का भंडाफोड़, दो गिरफ्तार

**❑ विशेष ऐप का उपयोग कर अमेरिकियों को ठगने का आरोप**

**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता में फिर एक बार फर्जी कॉल सेंटर का भंडाफोड़ हुआ है। आरोप है कि कंप्यूटर में एंटी वायरस इंस्टॉल करने के बहाने अमेरिकी नागरिकों से जानकारी चुराने के बाद उनका पैसा हड़प लिया जाता था। पुलिस ने मामले में 2 लोगों को गिरफ्तार किया है। साथ ही, पुलिस ने उनके पास से कई मोबाइल फोन, लैपटॉप और कई दस्तावेज जब्त किये है। अभियुक्तों के नाम राहुल कुमार (29) और अनीस हुसैन (26) है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, विशेष सूत्रों से सूचना मिलने के बाद मंगलवार को पुलिस ने कस्बा क्षेत्र के लस्करहाट स्थित टैगोर पार्क स्थित एक गेस्ट हाउस पर छापा मारा। पता चला कि गेस्ट हाउस की तीसरी मंजिल पर फर्जी कॉल सेंटर चल रहा था। बताया गया है कि कॉल सेंटर के कर्मचारी अमेरिकी नागरिकों को फोन करते थे और स्वयं को नॉर्टन सिक्योरिटी और मैकएफी एंटी-वायरस कंपनियों के कर्मचारी बताते थे। फिर, कंप्यूटर और लैपटॉप को हैकिंग या वायरस से सुरक्षित करने का वादा करके जानकारी प्राप्त करते थे। कभी-कभी बैंक की जानकारी भी ली जाती थी। और इस पूरे हेरफेर के लिए पोर्टएसआईपी यूसी ऐप का इस्तेमाल किया जाता था। पुलिस ने मौके से दो लोगों को गिरफ्तार किया। उनके पास से छह लैपटॉप, चार मोबाइल फोन, एक राउटर और कई दस्तावेज बरामद किए गए। पुलिस ने कॉल सेंटर के मालिक और अन्य कर्मचारियों की तलाश शुरू कर दी है।

### न्यू टाउन में फर्जी कॉल सेंटर का भंडाफोड़, तीन महिला समेत 18 लोग गिरफ्तार

**न्यू टाउन इलाके में एक फर्जी कॉल सेंटर का भंडाफोड़ कर तीन महिला समेत 18 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। बताया गया है कि गिरफ्तार किए गए लोग खुद को माइक्रोसॉफ्ट के कर्मचारी बताकर अमेरिकी नागरिकों को निशाना बनाते थे, उन्हें तकनीकी सहायता देने की पेशकश करते थे और फिर उन्हें ठगते थे। पुलिस सूत्रों के अनुसार, गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए राज्य पुलिस की साइबर अपराध शाखा के अधिकारियों ने इको पार्क और बिधाननगर साइबर पुलिस थानों के कर्मियों के साथ मिलकर न्यू टाउन की एक इमारत में स्थित फर्जी कॉल सेंटर के दो कार्यालयों पर संयुक्त रूप से छापेमारी की। पुलिस सूत्रों के अनुसार, गिरफ्तार किए गए लोगों में तीन महिलाएं भी शामिल हैं। छापेमारी में कई दस्तावेज, 32 लैपटॉप और 41 मोबाइल फोन जब्त किए गए हैं। पुलिस इस बात की जांच की जा रही है कि लेन-देन किस तरह किया गया, क्या क्रिप्टोकरेंसी या हवाला अथवा किसी अन्य माध्यम से किया गया।**


**NAME CHANGE**

I, Asis Ghosh, F/O- Arjun Ghosh (No.14943681N), R/O- Vill- Rasui, P.O- Billeswar, Teh- katwa P.S- Ketugram, Dist- Purba Bardhaman, Pin-713150 declare that I have change my name from Asis Ghosh to Asish Ghosh Date of birth from 01 Jan 1967 to 28 Sep 1968. So, Asis Ghosh, DOB- 01 Jan 1967 & Asish Ghosh, DOB- 28 Sep 1968 is same & one identical person vide an affidavit no.23865, from Sub- Divisional Magistrate Katwa, Purba Bardhaman on 23/10/2024.

**NAME CHANGE**

I, No 4561379M Ex- Naik Samir Paul, R/O- Vill: Gopalnagar Station Para, P.O- Gopalnagar, P.S- Gopalnagar, Dist- North 24 Parganas, PIN- 743262, WB, declared that henceforth the name (inclusion surname) of my daughter has been changed from MIMISHA to MIMISHA PAUL, that the said MIMISHA and MIMISHA PAUL daughter of Ex-Naik Samir Paul are the same and one identical girl vide Affidavit Serial No. 70, Dated: 16.12.2024 before the Notary Public at Bongaon, District North 24 Parganas, WB.

**NOTICE**

**IN THE COURT OF A.D.J.3D BOKARO**
**CIVIL APPEAL NO. 14/2023**

Javed Manawar & Others ...Appellants.
V/s.
M/S Hindustan Leather Works & Others. ....Respondents.

**DRAFT NOTICE**

To
(1) M/s Hindustan Leather Works, a partnership firm represented by Sri Nazmul Huda, S/o Late Nurul Huda, R/o of 82 Maulana Shawkat Ali Street, Kolkata-700073 (West Bengal), (2) Akhtari Khatoon, (3) Jahan Ara, both wife of Late Nazmul Huda, (4) Arshad Najam, (5) Belal Najam, both S/o Late Nazmul Huda, (6) Farhat Yasmin Daughter of Late Nazmul Huda, All are R/o 82 Colootola street, Kokata-73 (W.B.) (7) Shamsul Huda son of Late Nurul Huda, by faith-Muslim, by occupation- Business, resident of 82- Colootola Street, Kokkata-73 (W.B.) (8) Sri Fasihul Huda son of Late Nurul Huda, resident of 82, Coolotola Street, Kolkata73(W.B.)
Whereas the above named appellant has filed the Civil Appeal Vide No. 14/2023 for setting aside the judgment dated 22.01.2023 & decree on 04.02.2023 passed in O.S. No. 57/2010 by the Court of Civil Judge (Sr. Div.) 1st Bokaro.
And whereas even after service of Summons through Nazarat of Civil Court and Speed Post all of you have willfully neglected to appear before this Court.
And Whereas through this publication, you are hereby directed to appear before this Hon'ble Court either personally or through Advocate on 17-12-24 at 10.30 AM. and to file objection (if any), failing which the hearing will be proceeded in your absence.

**A.D.J. 3rd Bokaro**
**Memo No 906 | Dated 23-11-24**

**पूर्व रेलवे**

**ई-निविदा सं. 329_2024-25 और 320_2024-25, दिनांक 24.01.2025,** वरिष्ठ मंडल अभियंता/ सी, पूर्व रेलवे, हावड़ा, डीआरएम बिल्डिंग, रेलवे स्टेशन के पास, हावड़ा-711101 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए सिंचाई/ सीपीडब्ल्यूडी/एसईबी/एमईएस या किसी सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम से पंजीकृत समेत समप्रकृति के कार्य के अनुभवी एवं अपेक्षित वित्तीय संपन्न निविदाकारों से निम्नलिखित ई-निविदा ऑनलाइन आमंत्रित की जाती है: **वरिष्ठ डीईएन/ मुख्यालय/हावड़ा** के अधीन। **क्रम सं. 1, ई-निविदा सं. 329_2024-25, कार्य का विवरण :** (i) कार शेड, हावड़ा में शौचालय का निर्माण एवं स्थानांतरण तथा अन्य कार्य। (ii) हावड़ा में ड्रेनेज सिस्टम और पानी की आपूर्ति सहित कॉल्विन कोर्ट के स्टाफ क्वार्टरों की उन्नति एवं नवीनीकरण। **अनुमानित मूल्य :** रु. 1,30,71,351.27, **बयाना राशि:** रु. 2,15,400/-, **निविदा प्रपत्र का मूल्य :** रु.0.00, **क्रम सं. 2, ई-निविदा सं. 320_2024-25, कार्य का विवरण :** हावड़ा डीजल शेड-इलेक्ट्रिक लोकोमोटिव की आवास व्यवस्था के लिए डीजल शेडों में सुवधाओं का विस्तार। **अनुमानित मूल्य :** रु.1,73,41,198.73, **बयाना राशि:** रु. 2,36,700/-, **निविदा प्रपत्र का मूल्य :** रु.0.00, **समापन अवधि :** स्वीकृति पत्र जारी करने की तिथि से 12 (बारह) माह (क्रम सं. 1 एवं 2 प्रत्येक हेतु)। यदि निविदा आमंत्रण सूचना में उल्लिखित अंतिम तिथि को किसी भी कारण से अवकाश/ बंद/हड़ताल घोषित किया जाता है, तो ऑनलाइन निविदा की अंतिम तिथि नहीं बदली जाएगी क्योंकि आईआरईपीएस की वेबसाइट में किया गया आवेदन, निविदा की अंतिम तिथि और समय के बाद किसी भी प्रस्ताव को जमा करने की अनुमति नहीं देता है। तथापि निविदाओं का ऑनलाइन खोला जाना अगले कार्यदिवस में किया जाएगा। **निविदा की अंतिम तिथि और समय : दिनांक 18.02.2025 को 14.00 बजे।** निविदा का विवरण वेबसाइट : **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदाकारों से अनुरोध किया जाता है कि अपने प्रस्ताव को उपर्युक्त वेबसाइट पर ऑनलाइन जमा करें। **ईएमडी और टीडीसी का भुगतान**-ई-निविदा प्रणाली के मामले में, बयाना राशि जमा (ईएमडी) और निविदा कागजात की लागत (टीडीसी) का भुगतान, केवल नेट बैंकिंग या पेमेंट गेटवे के माध्यम से स्वीकार किया जाएगा। **टिप्पणी:** आईआरईपीएस (ई-निविदा पोर्टल) पर आमंत्रित निविदाओं के लिए ईएमडी के रूप में कोई फिक्सड डिपॉजिट रिसीट (एफडीआर) स्वीकार नहीं की जाएगी। कोई मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार्य नहीं होगा। HWH-568/2024-25

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway
@easternrailwayheadquarter

**पूर्वा एक्सप्रेस का हावड़ा से पुनर्निर्धारण**

कुछ परिचालन कारणों से, **12381 हावड़ा – नई दिल्ली पूर्वा एक्सप्रेस (गया होकर)** [यात्रा शुरू दिनांक 29.01.2025] को 3 घंटे के लिए पुनर्निर्धारित किया जाएगा, अर्थात् हावड़ा से 08.15 बजे के बदले 11.15 बजे छूटेगी। यात्रियों से अनुरोध है कि वे स्टेशनों की जनसंबोधन प्रणाली का पालन करें। असुविधा के लिए खेद है। **मुख्य यात्री परिवहन प्रबंधक**

**पूर्व रेलवे**

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**मेट्रो रेलवे, कोलकाता**

**ई-निविदा सूचना संख्याः 14/24-25, दिनांक 24.01.2025,** भण्डार सामग्री की खरीद हेतु। निम्नलिखित वस्तुओं के लिए ई-निविदाएँ सभी विवरणों के साथ वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर पहले ही अपलोड कर दी गई हैं। मैनुअल बोली स्वीकार नहीं की जाएगी। शुद्धिपत्र/संशोधन, यदि कोई हो, तो केवल उपर्युक्त वेबसाइट पर ही अपलोड किया जाएगा।

| निविदा संख्या | संक्षिप्त विवरण | मात्रा | समापन तिथि व समय |
|---|---|---|---|
| 01245050 | भेल एसी रेक के लिए विभिन्न प्रकार के रिले और नियंत्रण सहायक उपकरण | 01 सेट | 14/02/2025 14:00 बजे |
| 01245040 | कोलकाता मेट्रो बोगियों के लिए एक्सल बॉक्स सहित एक्सल बॉक्स बेयरिंग | 01 सेट | 05/02/2025 14:00 बजे |
| 01241943 | कर्षण मोटर के लिए बेयरिंग असेंबली किट का सेट | 48 सेट | 05/02/2025,14:00 बजे |

**पीसीएमएम, मेट्रो रेलवे, कोलकाता**

हमें अनुसरण करें: /metrorailwaykol /metorailkolkata

**हावड़ा मंडल के तहत ट्रैफिक और पावर ब्लॉक के लिए नियंत्रित ट्रेनों की पुनर्बहाली**

हावड़ा और लिलुआ स्टेशनों के बीच नए बनारस रोड ओवर ब्रिज के लिए पाइल फाउंडेशन के साथ बो स्ट्रिंग गर्डर ब्रिज के निर्माण के सिलसिले में गर्डर स्थापित करने के लिए दिनांक 21.12.2024 से 01.02.2025 तक ट्रैफिक और पावर ब्लॉक के कारण ट्रेनों के नियंत्रण से संबंधित पहले की अधिसूचना के संदर्भ में, यह सूचित किया जाता है कि यह कार्य समय से पहले अर्थात दिनांक 28.01.2025 को पूरा हो गया है। इसलिए, निम्नलिखित ट्रेनें निम्नानुसार पुनर्बहाल की जाएंगी: • **पुनर्निर्धारित ट्रेनों की पुनर्बहाली : 63501 अप** हावड़ा-बर्द्धमान मेमू (पूर्व में 03051) **दिनांक 29.01.2025 से** निर्धारित सूची के अनुसार चलेगी। • **नियंत्रित ट्रेनों की पुनर्बहाली:** निम्नलिखित ट्रेनें **दिनांक** 29.01.2025 से नियंत्रित नहीं की जाएंगी: (1) 12370 **डाउन** देहरादून-हावड़ा कुंभ एक्सप्रेस (2) 12328 **डाउन** देहरादून-हावड़ा उपासना एक्सप्रेस (3) 15272 **डाउन** मुजफ्फरपुर-हावड़ा जनसाधारण एक्सप्रेस (4) 15236 **डाउन** दरभंगा-हावड़ा साप्ताहिक एक्सप्रेस (5) 13024 **डाउन** गया-हावड़ा एक्सप्रेस (6) 13022 **डाउन** रक्सौल – हावड़ा मिथिला एक्सप्रेस। यात्रियों से अनुरोध है कि वे स्टेशनों की जनसंबोधन प्रणाली का पालन करें। **मंडल रेल प्रबंधक, हावड़ा**

**पूर्व रेलवे**

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य यांत्रिक इंजीनियर/शैल, आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिये दो पैकेट प्रणाली आधारित खुली निविदा सूचना सं.- एमसीएफ/आरबीएल/टेंडर/जिग-5 और 6 पर शेल असेंबली/2024-25 और 2025-26/C596 सी, दिनांकः-22.01.2025 आईआरईपीएस के पोर्टल **www.ireps.gov.in** के माध्यम से आमंत्रित की जाती है:-**कार्य का नामः** कार्य के दायरे के अनुसार जिग-5 और 6 पर स्किन टेंशनिंग, स्टेज IV और वेंचरी व्यवस्था गतिविधियों के साथ सभी एलएचबी वेरिएंट, एलपीसी, वीपीएच और एसएलआर को छोड़कर(की शेल असेंबली। **कार्य की अनुमानित लागत (₹):** ₹ 1,22,29,048.00, **निविदा प्रपत्र का मूल्य (₹):** ₹ शून्य, **अमानत राशि (₹):** ₹ 2,11,200.00 (₹ दो लाख ग्यारह हजार दो सौ) मात्र, **कार्य की मात्राः** 400 शैल, **कार्य समापन की अवधिः** 12 माह। • **निविदा बंद होने की तिथि एवं समय-** 13.02.2025 को 11:00 बजे। • निविदा सूचना, एलीजीबिलिटी क्राइटेरिया, टर्म्स एवं कंडीशन IREPS वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर निविदा प्रपत्र में उपलब्ध है। **उप मुख्य यांत्रिक इंजीनियर/शैल**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य यांत्रिक इंजीनियर/सेफ्टी, आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिये दो पैकेट प्रणाली आधारित खुली निविदा सूचना सं.- एफडब्लूपीएमसीएफ/-एचके-24-25-05 दिनांकः 24.01.2025 आईआरईपीएस के पोर्टल **www.ireps.gov.in** के माध्यम से आमंत्रित की जाती है:-**कार्य का नामः** खुली निविदा के माध्यम से 02 वर्षों के लिए कार्य के दायरे के अनुसार 24 महीने के लिए एफडब्ल्यूपी/एमसीएफ के लिए हाउसकीपिंग और तकनीकी सहायता के लिए 144 जनशक्ति की आवश्यकता। **कार्य की अनुमानित लागत (₹):** ₹ 7,49,37,244.44, **निविदा प्रपत्र का मूल्य (₹):** ₹ 10,000.00, **अमानत राशि (₹):** ₹ 5,24,700.00, **मात्राः** कार्य के दायरे के अनुसार, **कार्य समाप्ति की अवधिः** 600 कार्य दिवस। • **निविदा बंद होने की तिथि एवं समय-** 18.02.2025 को 15:00 बजे। • निविदा सूचना, एलीजीबिलिटी क्राइटेरिया, टर्म्स एवं कंडीशन IREPS वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर निविदा प्रपत्र में उपलब्ध है। **उप मुख्य यांत्रिक इंजीनियर/सेफ्टी**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य यांत्रिक इंजीनियर/शैल, आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिये दो पैकेट प्रणाली आधारित खुली निविदा सूचना सं.-एमसीएफ/टेंडर/आरबीएल/नई शेल शॉप के पहले जिग पर स्किन टेंशनिंग,स्टेज IV गतिविधियों और वेंचरी व्यवस्था के साथ शेल असेंबली/2024-25/C626 डी, दिनांकः-22.01.2025 आईआरईपीएस के पोर्टल **www.ireps.gov.in** के माध्यम से आमंत्रित की जाती है:-**कार्य का नामः** कार्य के दायरे के अनुसार नये शेल शॉप के पहले जिग पर स्किन टेंशनिंग, स्टेज IV गतिविधियों और वेंचरी व्यवस्था के फिटमेंट और वेल्डिंग के साथ सभी एलएचबी और अन्य वेरिएंट के लिए शेल असेंबली। **कार्य की अनुमानित लागत (₹):** ₹ 1,22,33,173.28, **निविदा प्रपत्र का मूल्य (₹):** ₹ शून्य, **अमानत राशि (₹):** ₹ 2,11,200.00 (₹ दो लाख ग्यारह हजार दो सौ) मात्र, **कार्य की मात्राः** 400 शैल, **कार्य समापन की अवधिः** 18 माह। • **निविदा बंद होने की तिथि एवं समय-** 13.02.2025 को 11:00 बजे। • निविदा सूचना, एलीजीबिलिटी क्राइटेरिया, टर्म्स एवं कंडीशन IREPS वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर निविदा प्रपत्र में उपलब्ध है। **उप मुख्य यांत्रिक इंजीनियर/शैल**

**ई-एडवरडाइज्ड टेंडर नोटिस सं. 76/ईटी/2024-25** **दिनांकः 25.01.2025**

| क्र.सं. | निविदा सं. | माल का विवरण | मात्रा | नियत तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 01 | 11241442 | पार्टीशन फ्रेम सेट फॉर एलएचबी कोचेज | 168 सेट | 18.02.2025 |
| 02 | 11241272 | वन कोच सेट ऑफ साइड वाल असेंबली एंड डोर कट आउट असेम्बली फॉर ट्रेन सेट एनडीटीसी कोचेज | 7 सेट | 17.02.2025 |
| 03 | 03242157 | सेट ऑफ एआर ग्रिल फॉर एलएचबी पावर कार यूएसबीआरएल कोचेज | 48 सेट | 07.02.2025 |
| 04 | 12241275 | सप्लाई ऑफ स्टेनलेस स्टील ट्यूब्स एन्ड डबल फेरूल फिटिंग फॉर डीइटीसी/यूएस कोचेज | 69 सेट | 18.02.2025 |
| 05 | 03241766 | लबोट्री मेड्यूल फॉर एलडब्लूएलआरआरएम कोचेज | 115 सेट | 19.02.2025 |
| 06 | 03242093 | सेट ऑफ फ्लोर प्लेट फॉर एलएचबी पावर कार इओजी कोचेज | 50 सेट | 17.02.2025 |
| 07 | 04241372 | रेक्सिन इन विड्थ ऑफ 1270 एमएम | 48125 मीटर | 24.02.2025 |

**ई-एडवरडाइज्ड टेंडर नोटिस सं. 77/ईटी/2024-25** **दिनांकः 28.01.2025**

| क्र.सं. | निविदा सं. | माल का विवरण | मात्रा | नियत तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 01 | 15245204B | सप्लाई, इंस्टालेशन, टेस्टिंग एंड कमीशनिंग आफ ट्रांसफर/सटल कार ऑफ कॅप्सटी 30 टन | 1 नग | 13.02.2025 |

**शुद्धि पत्र**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 01 | 74/ईटी/2024-25 दिनांकः 15.01.2025 | टेंडर नं. 12241063B | निविदा खुलने की तिथिः 28.01.2025 स्थान पर तिथि 07.02.2025 पढ़ें। |
| 01 | 75/ईटी/2024-25 दिनांकः 18.01.2025 | टेंडर नं. 12241434 | निविदा खुलने की तिथिः 28.01.2025 स्थान पर तिथि 04.02.2025 पढ़ें। |

**Website Address: www.ireps.gov.in & www.mcf.indianrailways.gov.in**

**उप मुख्य सामग्री प्रबंधक/शैल**

**ग्राहको की सेवा में मुस्कान के साथ**

# मुख्यमंत्री ममता ने किया 48वें अंतर्राष्ट्रीय कोलकाता पुस्तक मेले का उद्घाटन

**कोलकाता, समाज्ञा :** मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने मंगलवार को 48वें अंतरराष्ट्रीय कोलकाता पुस्तक मेले का उद्घाटन किया। उनके साथ भारत में जर्मनी के राजदूत डॉ. फिलिप एकरमैन भी मौजूद रहे। अंतरराष्ट्रीय कोलकाता पुस्तक मेले की मुख्य थीम देश जर्मनी है। साल्टलेक सिटी में आयोजित यह पुस्तक मेला 9 फरवरी तक चलेगा। पुस्तक मेला के आयोजक 29 जनवरी को पुस्तक मेला मैदान पर 'थीम देश जर्मनी दिवस' के रूप में मनाएंगे। इसमें यूरोपीय देश के साहित्यकारों, कलाकारों और चित्रकारों की एक टीम शामिल होगी। इस बार, पिछले सालों की तरह अंग्रेजी भाषा के प्रकाशकों के लिए कोई



हैंगर (हॉल) नहीं हैं और अंग्रेजी भाषा के सभी प्रशासकों के लिए एक तय 'प्रीमियर क्षेत्र' है। हालांकि, व्यक्तिगत प्रकाशनों और राज्य/केंद्रीय संगठनों के लिए भी स्टॉल हैं। इस साल मेले में करीब 1,000 स्टॉल लगेंगे। पेंगुइन रैंडम हाउस, हार्पर कॉलिन्स, हैचेट, ब्लूम्सबरी, रूपा, पैन मैकमिलन, ओरिएंट ब्लैकस्वान, पैरागॉन, पियर्सन, वेस्टलैंड जैसे सभी प्रमुख पब्लिशिंग हाउस के अंतरराष्ट्रीय कोलकाता पुस्तक मेला 2025 में अपने-अपने मंडप होंगे। अमेरिका, ब्रिटेन, फ्रांस, ईरान, रूस, स्पेन, अर्जेंटीना, ग्वाटेमाला, पेरू, कोस्टा रिका, ईरान और दूसरे लैटिन अमेरिकी देश इस पुस्तक मेला में हिस्सा ले रहे हैं।

## मालदह में उधार में शराब नहीं देने पर गोलीबारी, एक की मौत व एक इलाजरत

**मालदह :** जिले के वैष्णवनगर थाना में मंगलवार की शाम उधार में शराब नहीं देने पर गोलीबारी की घटना हुई, जिसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि एक अन्य को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मृतक की पहचान प्रदीप कर्मकार के रूप में की गई है। जबकि, गोलीबारी में घायल एक अन्य युवक निरंजन दास को गंभीर हालत में मालदह मेडिकल में भर्ती कराया गया है। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, वैष्णवनगर के बीरनगर बाजार के पास राधानाथटोला में एक घर में कई दिनों से अवैध रुप से शराब बेची जा रही थी। स्थानीय लोगों का दावा है कि घायल निरंजन अपने घर में ही शराब बेचता था।



हमेशा की तरह मंगलवार की शाम को भी अवैध रुप से शराब बेची जा रही थी। इस बीच, अचानक कई राउंड गोलियां चलीं। निरंजन और प्रदीप घायल हो गए। कथित तौर पर, शराब उधार न दिए जाने को लेकर हुए विवाद के बाद कुछ लोगों ने वहां गोलीबारी की। आरोप है कि निरंजन के 'ग्राहकों' निमाई और बापी घोष ने ही गोलीबारी की। घटना की खबर मिलते ही वैष्णवनगर थाने की पुलिस बीरनगर बाजार पहुंची। पुलिस ने बताया कि घटना की जांच शुरू कर दी गई है।

### एनएचसी फूड्स लिमिटेड का वित्तीय प्रदर्शन, शुद्ध लाभ में 384% की वृद्धि

**कोलकाता, समाज्ञा :** एनएचसी फूड्स लिमिटेड ने वित्त वर्ष 2025 की तीसरी तिमाही में शुद्ध लाभ में 384% की बढ़ोतरी दर्ज की है। तीसरी तिमाही में कंपनी का शुद्ध लाभ 208.33 लाख रुपये तक पहुंच गया, जबकि पिछले वर्ष यह 43.03 लाख रुपये था। इस दौरान कंपनी की आय 58% बढ़कर 7,352.97 लाख रुपये हुई। वित्त वर्ष 2025 के पहले नौ महीनों में शुद्ध लाभ 384% बढ़कर 614.30 लाख रुपये रहा, जबकि पिछले वर्ष यह 126.88 लाख रुपये था। कंपनी की आय 64% बढ़कर 21,420 लाख रुपये हुई। कंपनी ने नए तिल प्लांट, बायसेप्स ब्रांड में निवेश और 'साज़' मसाला ब्रांड को रीब्रांडिंग करने की योजना बनाई है। इसके साथ ही, कंपनी ने गुजरात में तिल की सफाई और छिलका उतारने का अत्याधुनिक प्लांट स्थापित करने की दिशा में कदम बढ़ाए हैं।

## मेट्रो की बास्केटबॉल टीम ने 43वीं सीनियर स्टेट बास्केटबॉल चैंपियनशिप जीती



**कोलकाता :** मेट्रो रेलवे की बास्केटबॉल टीम ने अपनी शानदार जीत से मेट्रो कर्मचारियों का मान बढ़ाया है। इस टीम ने कोलकाता में 19 जनवरी से 25 जनवरी 2025 तक आयोजित 43वीं सीनियर स्टेट बास्केटबॉल चैंपियनशिप का खिताब अपने नाम किया है। इस टूर्नामेंट में कुल 19 टीमों ने हिस्सा लिया। मेट्रो की टीम ने सेमीफाइनल में पोर्ट ट्रस्ट को हराया और फाइनल में ईस्टर्न रेलवे को मात देकर यह प्रतिष्ठित खिताब जीता। फाइनल मुकाबला कोलकाता के चत्रा समिति मैदान में खेला गया। मेट्रो रेलवे के महाप्रबंधक पी. उदय कुमार रेड्डी ने इस शानदार उपलब्धि के लिए टीम के सभी खिलाड़ियों को बधाई दी है।

# आगामी माह 2026 विधानसभा चुनाव को लेकर ममता करेंगी बैठक

❑ **आगामी 26 या 27 फरवरी को नेताजी इंडोर स्टेडियम में होगी संगठनात्मक बैठक**


**कोलकाता, समाज्ञा :** तृणमूल कांग्रेस की एक संगठनात्मक बैठक अगले महीने कोलकाता में होने जा रही है, जिसमें बंगाल में 2026 में होने वाले विधानसभा चुनावों के लिए पार्टी की रणनीति तय की जाएगी। सूत्रों ने बताया कि बैठक 26 या 27 फरवरी को मध्य कोलकाता के नेताजी इंडोर स्टेडियम में होगी। बैठक की अध्यक्षता मुख्यमंत्री व पार्टी सुप्रीमो ममता बनर्जी करेंगी। राज्य मंत्रिमंडल के एक सदस्य ने कहा कि हर साल पहली तिमाही में पार्टी की ऐसी संगठनात्मक बैठक आयोजित की



जाती है। लेकिन इस बार अगले साल होने वाले महत्वपूर्ण विधानसभा चुनावों को देखते हुए बैठक का विशेष महत्व होगा। उन्होंने कहा कि बैठक में मुख्यमंत्री विपक्षी दलों द्वारा उनकी पार्टी और सरकार के खिलाफ किए जा रहे नकारात्मक प्रचार का मुकाबला करने के साथ-साथ राज्य सरकार द्वारा शुरू की गई विभिन्न सामाजिक कल्याण परियोजनाओं को प्रमुखता से उजागर करते हुए आम लोगों तक पहुंचने के तरीके पर भी खाका तैयार कर सकती है। कहा जरा है कि संगठनात्मक बैठक और भी महत्व-पूर्ण है, क्योंकि इसी महीने तृणमूल कांग्रेस में संगठनात्मक फेरबदल होने की संभावना है। आंतरिक बैठकों में मुख्यमंत्री ने यह स्पष्ट कर दिया है कि कम से कम अगले 10 वर्षों तक पार्टी के सभी आंतरिक मामलों और संगठनात्मक निर्णयों में अंतिम निर्णय उनका ही होगा। प्रस्तावित संगठनात्मक फेरबदल के बारे में उनका निर्णय भी अंतिम होगा।

## हेरिटेज ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स ने पीआरएसआई नेशनल अवार्ड्स 2024 में सीएसआर श्रेणी में जीता पुरस्कार

**कोलकाता, समाज्ञा :** हेरिटेज ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स ने पब्लिक रिलेशंस सोसाइटी ऑफ इंडिया (पीआरएसआई) के 2024 के नेशनल अवार्ड्स में 'बेस्ट प्राइवेट सेक्टर कंट्रिब्यूटिंग टू सीएसआर' श्रेणी में दूसरी रनर-अप की जगह हासिल की। यह अवार्ड हेरिटेज ग्रुप के लिए खास महत्व रखता है, क्योंकि 2012 से लेकर अब तक लगातार 15 वर्षों से यह संस्थान इस प्रतिष्ठित सम्मान को प्राप्त कर रहा है। हेरिटेज के पीआर टीम के सदस्य पार्थ ने इस उपलब्धि पर खुशी जाहिर करते हुए कहा, यह हमारे लिए गर्व का विषय है कि हमें पीआरएसआई से इस सम्मान से नवाजा गया है। हम भविष्य में भी सीएसआर के क्षेत्र में अपना योगदान जारी रखेंगे। वहीं,




हेरिटेज ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स के सीईओ, पी.के. अग्रवाल ने कहा, हम पीआरएसआई के आभारी हैं जिन्होंने हमारे प्रयासों को पहचाना और सम्मानित किया।

## मेट्रो राइड कोलकाता ऐप में नया फीचर जोड़ा गया

**कोलकाता :** यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए, मेट्रो रेलवे प्रशासन ने मेट्रो राइड कोलकाता ऐप में एक नया फीचर जोड़ा है। मेट्रो रेलवे के महाप्रबंधक पी. उदय कुमार रेड्डी ने 26 जनवरी 2025 को 76वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर इस नए फीचर का शुभारंभ किया।

यह नया फीचर ऐप उपयोगकर्ताओं को मेट्रो सेवाओं से संबंधित नियमित अपडेट और सूचनाएं प्राप्त करने में मदद करेगा। इसमें नई सेवाओं की शुरुआत, विशेष सेवाएं, सेवाओं की आवृत्ति में बदलाव और सेवाओं में किसी भी प्रकार के व्यवधान की जानकारी शामिल है।

रेड्डी ने विश्वास व्यक्त किया है कि



यह सुविधा लाखों यात्रियों को समय पर सही जानकारी प्राप्त करने में मदद करेगी, जिससे उनकी यात्रा और भी सुगम और सुविधाजनक होगी।

मेट्रो रेलवे प्रशासन ने सभी यात्रियों से अनुरोध किया है कि वे इस ऐप और अन्य डिजिटल टिकटिंग प्रणालियों का उपयोग करें ताकि मेट्रो यात्रा में लंबी कतारों से बचा जा सके और एक परेशानी मुक्त अनुभव का आनंद लिया जा सके।

## भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण ने धूमधाम से मनाया गणतंत्र दिवस

**कोलकाता, समाज्ञा**

भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण (जीएसआई) ने कोलकाता स्थित अपने केंद्रीय मुख्यालय में 76वां गणतंत्र दिवस समारोह बड़े उत्साह के साथ मनाया। जीएसआई के महानिदेशक असित साहा ने डॉ. जॉयश बागची, एडीजी (पीएसएस), डॉ. जायदीप गुहा, एडीजी (वित्त) सहित अन्य अधिकारियों और कर्मचारियों की मौजूदगी में राष्ट्रीय ध्वज फहराया।

इस अवसर पर अपने संबोधन में जीएसआइई के महानिदेशक ने गणतंत्र दिवस के महत्व पर प्रकाश डाला, जो भारतीय संविधान में निहित सिद्धांतों के प्रति हमारी साझा प्रतिबद्धता का जश्न मनाता है। उन्होंने आत्मनिर्भर भारत और



विकसित भारत 2047 के दृष्टिकोण पर भी जोर दिया और राष्ट्रीय भूस्खलन पूर्वानुमान केंद्र जैसी पहलों के माध्यम से महत्वपूर्ण खनिज अन्वेषण, स्वच्छ ऊर्जा परिवर्तन और आपदा तन्यकता में जीएसआइ की भूमिका पर प्रकाश डाला और एक स्थाई, आत्मनिर्भर भविष्य के लिए सामूहिक समर्पण का आग्रह किया। समारोह का समापन संविधान के प्रति सच्चे रहने और राष्ट्रीय लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए प्रयासों को दोगुना करने की शपथ के साथ हुआ।

## आईडीएफसी फर्स्ट बैंक के वित्तीय परिणाम स्थिर प्रगति का प्रतीक

**कोलकाता, समाज्ञा :** आईडीएफसी फर्स्ट बैंक ने 31 दिसंबर 2024 को समाप्त तिमाही और नौ महीनों के अपने बिना ऑडिट किए गए वित्तीय परिणाम जारी किए, जो बैंक की सुदृढ़ स्थिति और प्रगति को रेखांकित करते हैं। बैंक के ग्राहक जमा (कस्टमर डिपॉजिट्स) में 28.8% की वृद्धि हुई, जो 2,27,316 करोड़ रुपए तक पहुँच गई। रिटेल डिपॉजिट्स में 29.6% और कासा डिपॉजिट्स में 32.3% की वृद्धि दर्ज की गई। कासा अनुपात 47.7% रहा। बैंक के क्रेडिट कार्ड्स की संख्या 3.2 मिलियन को पार कर गई, जबकि ऋण और अग्रिम राशि 22% बढ़कर 2,31,074 करोड़ रुपए हो गई। हालाँकि वित्त वर्ष 2025 की तीसरी तिमाही में बैंक का शुद्ध लाभ 339 करोड़ रुपए रहा, जो पिछले वर्ष की समान अवधि से 53% कम था, लेकिन शुद्ध ब्याज आय (एनआईआई) 14% बढ़कर 4,902 करोड़ रुपए हो गई। ग्रॉस एनपीए 1.94% और नेट एनपीए 0.52% तक कम हो गए। बैंक के सीईओ वी. वैद्यनाथन ने इन परिणामों को ग्राहक-केंद्रित दृष्टिकोण और उत्कृष्ट जोखिम प्रबंधन का परिणाम बताया। यह रिपोर्ट आईडीएफसी फर्स्ट बैंक की वित्तीय स्थिरता और नवाचार की दिशा में निरंतर प्रयासों को दर्शाती है।

## सिलेबस में बदलाव, छात्रों को मानसिक तनाव कम करने के सिखाए जाएंगे उपाय

**कोलकाता, समाज्ञा :** शिक्षा क्षेत्र में एक अहम बदलाव करते हुए राज्य सरकार ने 11वीं और 12वीं कक्षा के पाठ्यक्रम में मानसिक दबाव और तनाव से निपटने के उपायों को शामिल किया है। अब से छात्र जान सकेंगे कि मानसिक दबाव क्यों उत्पन्न होता है, इसके शरीर पर क्या प्रभाव होते हैं और इसे कैसे नियंत्रित किया जा सकता है। राज्य शिक्षा विभाग ने इस कदम को छात्रों के मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण निर्णय बताया है। विशेष रूप से व्यायाम और अन्य उपायों के माध्यम से मानसिक दबाव को कम करने की प्रक्रिया पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। इसके साथ ही, शिक्षक-शिक्षिकाओं को इस विषय पर प्रशिक्षण भी दिया जाएगा ताकि वे विद्यार्थियों को प्रभावी तरीके से मानसिक दबाव से निपटने के उपाय समझा सकें। उच्च माध्यमिक शिक्षा परिषद के अध्यक्ष चिरंजीव भट्टाचार्य ने कहा, आज के प्रतिस्पर्धी वातावरण में बच्चों पर मानसिक दबाव बढ़ता जा रहा है। इसे नियंत्रित करने के लिए पाठ्यक्रम में यह बदलाव समय की आवश्यकता थी और इसे लागू करने का निर्णय अत्यधिक उपयुक्त है।

### उज्जीवन स्मॉल फाइनेंस बैंक का वित्तीय प्रदर्शन, सुरक्षित लोन बुक में वृद्धि

**कोलकाता, समाज्ञा :** उज्जीवन स्मॉल फाइनेंस बैंक ने वित्त वर्ष 25 की तीसरी तिमाही में 10% वार्षिक वृद्धि के साथ ग्रॉस लोन बुक को 30,466 करोड़ रुपये तक पहुंचाया। सिक्योर्ड लोन बुक का हिस्सा 39% तक बढ़ा, जो सितंबर 2024 में 34.9% था। बैंक ने जमा राशि में 16% की वार्षिक वृद्धि के साथ 34,494 करोड़ रुपये की उपलब्धि हासिल की, जबकि सीएएसए में 15% की बढ़ोतरी हुई। बैंक का नेट इंटरेस्ट मार्जिन (एनआईएम) 9.0% रहा, और प्रोविजन कवरेज अनुपात (पीसीआर) 80% पर स्थिर रहा। इसके साथ ही, बैंक ने 96% कलेक्शन दक्षता और 99.3% संग्रह दक्षता दर्ज की। सीईओ संजीव नौटियाल ने कहा कि सिक्योर्ड लोन बुक की बढ़ोतरी ने बैंक के परिसंपत्ति मिश्रण को बेहतर किया है। बैंक अब वित्त वर्ष 25 की चौथी तिमाही में मजबूत वृद्धि के लिए तैयार है।

## गणतंत्र दिवस पर राष्ट्रीय कवि संगम की मध्य कोलकाता इकाई का जिला अधिवेशन सम्पन्न

**कोलकाता, समाज्ञा :** गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर राष्ट्रीय कवि संगम की मध्य कोलकाता इकाई ने बड़ाबाज़ार लाइब्रेरी के आचार्य विष्णुकांत शास्त्री सभागार में अपना वार्षिक जिला अधिवेशन, संस्था के प्रांतीय अध्यक्ष डॉ.



गिरिधर राय की अध्यक्षता में भव्य रूप में सफलतापूर्वक आयोजित किया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में लाइब्रेरी के नवनिर्वाचित अध्यक्ष जयगोपाल गुप्ता एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रांतीय उपाध्यक्ष श्यामा सिंह, प्रांतीय सह महामंत्री बलवंत सिंह गौतम एवं प्रांतीय मंत्री व मीडिया प्रमुख देवेश मिश्र ने उपस्थित रहे। कार्यक्रम का प्रारम्भ जिला महामंत्री स्वागता बसु के स्वागत भाषण एवं जिला मंत्री आलोक चौधरी द्वारा डॉ. गिरिधर राय रचित सरस्वती वन्दना के साथ हुआ। कार्यक्रम दो सत्रों में आयोजित किया गया, जिसमें प्रथम सत्र में स्वागता बसु के कुशल संचालन में सभी अतिथियों एवं मध्य कोलकाता के कार्यकर्ताओं को सम्मानित किया गया। तत्पश्चात गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर राष्ट्रीय कवि संगम की त्रैमासिक पत्रिका 'राष्ट्र स्वर' के आठवें अंक का लोकार्पण मुख्य अतिथि जय गोपाल गुप्ता एवं अन्य उपस्थित विशिष्ट अतिथियों द्वारा किया गया। दूसरे सत्र में जिला मंत्री मौसमी प्रसाद के संचालन में सभी रचनाधर्मियों ने संस्था के ही किसी दूसरे रचनाधर्मी की कविता की आवृत्ति सफलतापूर्वक अंजाम दिया।

## एसोसिएटेड चेरिटेबल ट्रस्ट ने किया 102 लोगों का जीवन पुनः रौशन, 372 लोगों को चश्मे भी वितरित

**कोलकाता :** 'दृष्टि बिना सृष्टि का कोई मोल नहीं ... की बात को आत्मसात करते हुए बनवारी लाल सोती द्वारा संचालित विविध सेवा प्रकल्पों में अन्यतम अल्प-सुविधाप्राप्त जनमानस की नेत्र ज्योति बनाए रखने के प्रकल्प निःशुल्क नेत्र चिकित्सा सेवा ' के अंतर्गत एसोसिएटेड चेरिटेबल ट्रस्ट के बैनर तले गत तीन दिनों (20, 21 व 25 जनवरी) में 102 लोगों की आंखों का सफल ऑपरेशन करवा के उनका जीवन पुनः रौशन किया गया। इस सेवा कार्य के प्रभारी अनुपम शर्मा ने यह जानकारी देते हुए बताया कि गत 5 जनवरी को ट्रस्ट द्वारा कोलाघाट में आयोजित निःशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर में 689 व्यक्तियों के परिक्षण के बाद ऑपरेशन योग्य पाए गए ऑपरेशन इन 102 नेत्ररोगियों का निःशुल्क आपरेशन कोलकाता के प्रतिष्ठित चिकित्सालय 'प्रियम्वदा




बिरला आई हॉस्पिटल' में सफलता-पूर्वक करवाया गया। इसके अलावा, कोलाघाट में 26 जनवरी को उक्त शिविर में चश्मा योग्य पाए गए 372 लोगों को निःशुल्क चश्मे भी प्रदान किए गए। इस संदर्भ में सोती ने अपना सेवा-संकल्प दोहराते हुए कहा कि अभावग्रस्त लोगों की हर संभव मदद के लिए उनका ट्रस्ट सदैव तैयार है।

## धूमधाम से निकली श्री पुरुषोत्तम ध्वजा यात्रा



**कोलकाता :** श्री बिहारीजी मंदिर की ओर से रविवार को तृतीय श्री पुरुषोत्तम ध्वजा यात्रा निकली गई। बाबा भक्त किशोर-मधु सुल्तानिया के नेतृत्व में गोकुल धाम (लेक टाउन) से आरती के बाद जय बाबा की-जय बाबा की के जयघोष के साथ ध्वजा यात्रा निकली। यह भव्य यात्रा जैसेर रोड, पातीपुकुर, बेलगछिया, श्याम बाजार, भूपेन बोस एवेन्यू, शोभा बाजार, बिडन स्ट्रीट, गिरीश पार्क, गणेश टाकीज, माला पाड़ा, जदु मल्लिक होते हुए पाथुरियाघाट स्ट्रीट स्थित श्री बिहारीजी मंदिर पहुंची। जहां आरती के पश्चात ध्वजा को बाबा श्री पुरुषोत्तमदासजी महाराज के श्रीचरणों में अर्पित किया गया। तत्पश्चात भजन-कीर्तन का आयोजन हुआ। गणतंत्र दिवस के मद्देनजर मंदिर परिसर को तिरंगा स्वरूप में सजाया गया था। दर्जनों बाबा सेवकों ने ध्वजा यात्रा में शामिल होकर बाबा का गुणगान किया। मंदिर की तरफ से जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में ने बताया कि ध्वजा यात्रा मार्ग पर कई स्थानों पर गर्म व शीतल पेयजल की व्यवस्था की गई थी। पुलिस-प्रशासन का सहयोग सराहनीय रहा।

## पार्षद पर गुंडागर्दी का आरोप, हाईकोर्ट ने प्रमोटर की सुरक्षा के लिए पुलिस को दिए आदेश

**कोलकाता, समाज्ञा :** बागुईआटी के एक प्रमोटर के आरोपों के बाद काउंसलर समरेश चक्रवर्ती पर गुंडागर्दी का आरोप लगा है। प्रमोटर किशोर हलदार ने आरोप लगाया कि समरेश चक्रवर्ती ने उनसे लाखों रुपये की मांग की और पैसे न देने पर जान से मारने की धमकी दी। मामला जब पुलिस के पास नहीं पहुंचा तो यह मामला कोलकाता हाईकोर्ट में पहुंचा। मंगलवार को हाईकोर्ट ने इस मामले में बड़ा आदेश दिया। जस्टिस तीर्थंकर घोष ने संबंधित प्रमोटर की सुरक्षा के लिए दो पुलिसकर्मियों को तैनात करने का आदेश दिया। अदालत ने बताया कि बागुईआटी के इस इलाके में समरेश चक्रवर्ती की गुंडागर्दी से कई प्रमोटर परेशान हैं। इन सभी प्रमोटरों से काउंसलर लाखों रुपये की मांग करता था, और पैसे न मिलने पर जान से मारने की धमकी देता था। हालांकि, जब पुलिस में शिकायत की गई तो कोई कार्रवाई नहीं की गई। अब हाईकोर्ट ने आदेश दिया कि पुलिस इस मामले में तुरंत कदम उठाए और दो पुलिसकर्मियों को प्रमोटर की सुरक्षा में तैनात करे। यह आदेश पुलिस कमिश्नर को भी जल्दी लागू करने के लिए कहा गया है। इस विवाद पर आरोपी काउंसलर या किसी अन्य पक्ष से कोई प्रतिक्रिया अभी तक प्राप्त नहीं हो पाई है।

## तेहट्ट में बीएसएफ बैरक से जवान का झूलता शव बरामद

**कोलकाता, समाज्ञा :** बीएसएफ बैरक से एक जवान का लटका हुआ शव बरामद किया गया है। जानकारी के अनुसार, यह घटना सोमवार की रात नदिया जिला के तेहट्ट स्थित बटालियन नंबर 161 में घटी। पुलिस और बीएसएफ सूत्रों के अनुसार, मृतक की पहचान विक्रम धोबी (26) के रूप में की गई है। वह राजस्थान के निवासी था। वह सीमा रक्षक बल की 161वीं बटालियन में सेवारत था। पता चला है कि गत सोमवार की रात विक्रम जवानों की हाजिरी के समय मौजूद नहीं था। बाद में, जब प्रक्रिया पूरी हो गई, तो अन्य सैनिकों ने उसे शिविर कक्ष में लटका हुआ पाया। विक्रम को तुरंत तेहट्ट उपजिला अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने जवान को मृत घोषित कर दिया। इसी बी,च सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। मंगलवार को शव परीक्षण किया गया। प्रारंभिक जांच के बाद पुलिस को संदेह है कि सिपाही ने मानसिक अवसाद के कारण आत्महत्या की होगी। हालांकि, पुलिस अभी कुछ भी कहने से कतरा रही है। पुलिस ने बताया कि प्रारंभिक पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिलने के बाद ही मौत का सही कारण पता चल सकेगा।

## बीएसकेए गोल्ड कप 2025: देवदत्ता चक्रवर्ती बनीं चैंपियन



**कोलकाता :** बीएसकेए गोल्ड कप 2025 का आयोजन पाटुली उपनगरी, कोलकाता में साउथ कोलकाता स्पोर्ट्स एंड कल्चरल काउंसिल के सहयोग से किया गया। इस ऑल बंगाल ओपन स्पोर्ट्स कराटे चैंपियनशिप में पुरुष और महिला खिलाड़ियों ने पांच प्रमुख इवेंट्स में हिस्सा लिया। देवदत्ता चक्रवर्ती ने चार गोल्ड और एक सिल्वर मेडल जीतकर चैंपियनशिप का खिताब अपने नाम किया। उन्हें बीएसकेए गोल्ड कप और आगामी वर्ल्ड कराटे चैंपियनशिप 2025 में भारतीय टीम में जगह दी गई, जो जुलाई में स्वीडन के माल्मो में होगी। इलीका मन्ना तीन गोल्ड और दो सिल्वर जीतकर उपविजेता बनीं और स्वीडन में होने वाली वर्ल्ड चैंपियनशिप के लिए भारतीय टीम में शामिल की गईं। समापन समारोह में विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किए गए। यह आयोजन स्वर्गीय अजय कुमार दास को समर्पित किया गया।

## पूर्व रेलवे के अपर महाप्रबंधक ने जसीडीह, कुमराबाद रोहिणी और देवघर स्टेशनों का किया निरीक्षण

**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे के अपर महाप्रबंधक सुमित सरकार ने मंगलवार को जसीडीह बाईपास लाइन के दौरे के साथ-साथ जसीडीह, कुमराबाद रोहिणी और देवघर स्टेशनों का व्यापक निरीक्षण किया। आसनस-ोल मंडल के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ, निरीक्षण का उद्देश्य रेलवे सेव-ाओं को बढ़ाने के लिए यात्री सुविधाओं, बुनियादी ढांचे और चल रहे विकास कार्यों का आकलन करना था। पूर्व रेलवे के अपर महाप्रबंधक सुमित सरकार और भारत स्काउट्स एंड गाइड्स के अध्यक्ष भी उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में राज्य प्रशिक्षण पार्क, मधुपुर में आयोजित पूर्व रेलवे भारत स्काउट्स एंड गाइड्स की 54वीं राज्य रैली में शामिल हुए। यह कार्यक्रम 31 जनवरी 2025 तक जारी रहेगा।



इस अवसर पर अपर महाप्रबंधक सुमित सरकार ने कहा कि भारत स्काउट्स एंड गाइड्स का प्राथमिक उद्देश्य युवाओं में योग्यता, आत्मनिर्भरता, निर्भरता और नेतृत्व कौशल को बढ़ावा देते हुए उनके नैतिक चरित्र का विकास करना है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि यह आंदोलन पूर्व रेलवे भारत स्काउट्स एंड गाइड्स के स्वयंसेवकों को सामाजिक कल्याण गतिविधियों में सक्रिय रूप से भाग लेने और संकटग्रस्त लोगों को सहायता प्रदान करने के लिए भी प्रेरित करता है। रैली में आसनसोल, मध्य, हावड़ा, सियालदह, मालदह, कांचरापाड़ा, लिलुआ और सीएलडब्ल्यू सहित भारत स्काउट्स एंड गाइड्स के विभिन्न जिलों से अपने यूनिट लीडरों के साथ 800 से अधिक प्रतिभागी भाग ले रहे हैं।

# भांगड़ में कांच निर्माण कारखाने में दम घुटने से एक मजदूर की मौत, एक अन्य मजदूर इलाजरत

**कोलकाता, समाज्ञा :** दक्षिण 24 परगना जिले के भांगड़ थाना अंतर्गत मालंचा पद्मपुकुर इलाके में एक प्लास्टिक व कांच निर्माण कारखाने में रसायनों की गंध से दम घुटने से एक मजदूर की मौत हो गई। जबकि, एक अन्य मजूदर घायल हो गया और उसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पता चला है कि दोनों मजदूर बिहार के निवासी है। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, फैक्ट्री में कांच बनाते समय बिहार के दो मजदूर ओवन में गिर गए और रसायनों की गंध से दम घुटने से एक मजदूर की मौत हो गई। जबकि, एक अन्य मजदूर को गंभीर रूप से घायल अवस्था में नलमुड़ी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां उनका इलाज चल रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि फैक्ट्री पूरी तरह से अवैध है और इसके पास कोई वैध दस्तावेज नहीं हैं। स्थानीय लोगों ने फैक्ट्री को तत्काल बंद करने की मांग की है। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। जांच शुरू हो गई है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, फैक्ट्री की वैधता, सुरक्षा उपायों और दुर्घटना के कारणों की जांच की जा रही है।

## अपशिष्ट मिला पानी में गिरने से दो मजदूरों की मौत, तीन मजदूरों की स्थिति आशंकाजनक



**दुर्गापुर :** अपशिष्ट मिला पानी में गिरने से दो मजदूरों की मौत हो गई। जबकि, तीन मजदूरों को स्थिति आशंकाजनक है। मृतकों की पहचान कांकसा के जामवन निवासी आकाश बाद्यकर (25) और मालदह निवासी अनूप सरकार (26) के रूप में की गई है। जानकारी के अनुसार, मंगलवार की सुबह दुर्गापुर के कांकसा में हुए इस घटना को लेकर इलाके में भारी हंगामा हुआ। स्थानीय लोगों ने गैस निकालने वाली निजी कंपनी पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए विरोध प्रदर्शन किया। बताया गया है कि अन्य दिनों की तरह मंगलवार की सुबह भी आकाश और अनूप दुर्गापुर के फरीदपुर थाना अंतर्गत पारुलिया स्थित पिट संख्या 242 में ऑल इंडिया प्राइवेट गैस लिफ्ट कंपनी के काम में शामिल हुए थे। गैस निकाले जाने के बाद पांच ठेका श्रमिक अचानक वहां जमा कचरे से मिश्रित पानी में गिर गए। जब उनके सहकर्मियों ने उन्हें देखा तो उन्होंने तुरंत उन्हें बचाया और स्थानीय निवासियों की मदद से उन्हें शोभापुर के निकट स्थित निजी मेडिकल कॉलेज अस्पताल ले जाया गया। आकाश बाद्यकर और अनूप सरकार की शारीरिक स्थिति बिगड़ने पर उन्हें बिधाननगर के मल्टीसुपरस्पेशलिटी अस्पताल ले जाया गया। वहां डॉक्टरों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। जबकि, वहां तीन अन्य युवकों का इलाज चल रहा है।

# मंत्री शोभनदेव से माफी के बावजूद नहीं मिली विधायक नारायण गोस्वामी को राहत

### सात दिनों के अंदर देना होगा शोकॉज नोटिस का जवाब

**कोलकाता, समाज्ञा**

मंच पर विवादित बयान देने और पार्टी की अनुशासनहीनता के आरोपों में तृणमूल विधायक नारायण गोस्वामी को तीन दिन पहले शोकाज नोटिस मिला था। उन्हें सात दिनों के अंदर इसका लिखित जवाब देने का निर्देश दिया गया है। इस बीच, विधायक ने मामले को सुलझाने की कोशिश की, लेकिन उन्हें कोई राहत नहीं मिली। सूत्रों के अनुसार, नारायण गोस्वामी ने चुप-चाप कृषि मंत्री और विधानसभा के अनुशासन समिति के प्रमुख शोभनदेव चट्टोपाध्याय से मुलाकात की।

इस मुलाकात के दौरान, गोस्वामी ने अपने विवादित बयानों के लिए माफी मांगी और अपनी गलती सुधारने की इच्छा जताई। हालांकि, शोभनदेव ने स्पष्ट रूप से कहा कि उन्हें शोकज नोटिस का जवाब लिखित रूप में देना ही होगा, और माफी से काम नहीं चलेगा। यह मामला तब सामने आया जब 24 जनवरी को शोभनदेव चट्टोपाध्याय ने नारायण गोस्वामी को नवान्न में बुलाकर शोकाज नोटिस सौंपा था। इससे पहले, दिसंबर महीने में मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने उत्तर 24 परगना दौरे के दौरान गोस्वामी को चेतावनी दी थी और उन्हें दूसरे विधानसभा क्षेत्रों में हस्तक्षेप न करने का निर्देश दिया था। बावजूद इसके, विधायक अपनी हरकतों से बाज नहीं आए और फिर पार्टी में चर्चा के बाद उसे शोकाज नोटिस दिया गया। नारायण गोस्वामी ने अपनी चुप्पी तोड़ते हुए शोभनदेव से मुलाकात की और कहा कि वह कभी-कभी भावनाओं के आवेश में आकर गलत शब्द बोल देते हैं, जो विवाद का कारण बनते हैं। इसके लिए उन्होंने खेद भी व्यक्त किया। लेकिन शोभनदेव चट्टोपाध्याय ने कहा कि उन्हें शोकाज नोटिस का लिखित जवाब देना ही होगा।

## दिसंबर के अंत से अब तक बंगाल में जीबीएस के मामलों में कोई वृद्धि नहीं हुई : स्वास्थ्य विभाग



**कोलकाता, समाज्ञा :** महाराष्ट्र के पुणे में गुइलेन-बैरे सिंड्रोम (जीबीएस) के बढ़ते मामलों के बीच, पश्चिम बंगाल स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग ने एक आधिकारिक बयान जारी किया जिसमें कहा गया कि दिसंबर के अंत से आज तक राज्य में जीबीएस के मामलों में कोई वृद्धि नहीं हुई है। बयान में कहा गया है कि गुइलेन-बैरे सिंड्रोम कोई नई या दुर्लभ बीमारी नहीं है। हमारे देश और राज्य में छिटपुट मामले सामने आते रहते हैं। यह एक्यूट फ्लेसीड पैरालिसिस (एएफपी) पैदा करने वाली बीमारियों में से एक है, जिसकी निगरानी पोलियो निगरानी के एक हिस्से के रूप में 15 साल से कम उम्र के बच्चों में की जाती है। एनपीएसपी (डब्ल्यूएचओ) से जानकारी मिली है कि दिसंबर के अंत से आज तक पश्चिम बंगाल में एएफपी या जीबी सिंड्रोम में कोई वृद्धि नहीं हुई है। उल्लेखनीय है कि गुइलेन-बैरे सिंड्रोम एक ऐसी स्थिति है जिसमें शरीर की प्रतिरक्षा प्रणाली तंत्रिकाओं पर हमला करती है। यह कमजोरी, सुन्नता या पक्षाघात का कारण बन सकता है। हाथों और पैरों में कमजोरी और झुनझुनी आमतौर पर पहले लक्षण होते हैं। ये संवेदनाएं तेज़ी से फैल सकती हैं और पक्षाघात का कारण बन सकती हैं। इस स्थिति वाले अधिकांश लोगों को अस्पताल में उपचार की आवश्यकता होती है। गुइलेन-बैरे सिंड्रोम दुर्लभ है, और इसका सटीक कारण ज्ञात नहीं है।

# उच्च माध्यमिक परीक्षा में सख्त निगरानी, नए दिशा-निर्देश जारी

**कोलकाता, समाज्ञा :** इस वर्ष के उच्च माध्यमिक परीक्षा में कड़ी निगरानी रखी जाएगी। परीक्षा के दौरान पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए और अधिक सख्ती बरती जाएगी। परीक्षा के दौरान निगरानी बढ़ाई जाएगी और मोबाइल फोन और अन्य इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स के उपयोग पर सख्त नियम लागू किए जाएंगे। इस संदर्भ में जिलों में दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। उच्च माध्यमिक शिक्षा परिषद ने परीक्षा के दौरान निगरानी के लिए कड़ी व्यवस्था बनाई है। प्रत्येक कक्षा में 25 छात्रों के लिए एक शिक्षक तैनात किया जाएगा। इसके अलावा, प्रत्येक कक्षा में कम से कम दो शिक्षक-शिक्षिकाओं को निगरानी के लिए रखा जाएगा। साथ ही, यदि किसी छात्र ने परीक्षा केंद्र में मोबाइल



फोन या कोई इलेक्ट्रॉनिक गैजेट लिया, तो उसकी परीक्षा रद्द कर दी जाएगी। इसके अलावा, जो बाकी की परीक्षाएं बची होंगी, उन्हें भी वह छात्र नहीं दे सकेगा। पिछले साल कुछ छात्रों के मोबाइल फोन के साथ परीक्षा केंद्र में प्रवेश करने के बाद, इस बार लिखित निर्देशिका जारी कर दी गई है। उच्च माध्यमिक शिक्षा परिषद ने स्पष्ट रूप से इन नियमों को लागू करने के लिए दिशा-निर्देश भेजे हैं। उच्च माध्यमिक परीक्षा 3 मार्च से शुरू होने जा रही है।

# 24 योग चिकित्सकों का पंजीकरण रद्द, भ्रष्टाचार के आरोप में स्वास्थ्य विभाग ने लिया बड़ा एक्शन

### पैसे देकर फर्जी प्रमाण पत्र प्राप्त करने के आरोप में कार्रवाई

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य योग काउंसिल ने 24 योग चिकित्सकों का पंजीकरण रद्द कर दिया है। इन चिकित्सकों पर आरोप है कि उन्होंने पैसों के बदले फर्जी प्रमाण पत्र हासिल किए थे। आरोपों के प्रमाण मिलने के बाद काउंसिल ने यह कड़ा कदम उठाया है। स्वास्थ्य विभाग के सूत्रों के मुताबिक, एक व्यक्ति ने राज्यपाल से इन योग चिकित्सकों के खिलाफ भ्रष्टाचार की शिकायत की थी। राज्यपाल ने इस शिकायत पर गंभीरता दिखाते हुए स्वास्थ्य भवन को जांच करने का निर्देश दिया।



इसके बाद स्वास्थ्य विभाग ने मेडिकल काउंसिल से रिपोर्ट तलब की, जिसमें भ्रष्टाचार के ठोस प्रमाण सामने आए। मेडिकल काउंसिल की रिपोर्ट के मुताबिक, 24 योग चिकित्सकों को बिना परीक्षा के केवल पैसों के बदले मान्यता दी गई थी। काउंसिल ने इस घोटाले में पूर्व रजिस्ट्रार शुभ्र भट्टाचार्य को आरोपी ठहराया है। वहीं, शुभ्र भट्टाचार्य ने काउंसिल के अध्यक्ष तुषार शील पर भी भ्रष्टाचार के आरोप लगाए हैं।

स्वास्थ्य विभाग के सूत्रों के मुताबिक, साल 2021 में स्वास्थ्य भवन द्वारा योग चिकित्सकों की भर्ती के लिए 272 पदों का विज्ञापन जारी किया गया था। इस भर्ती प्रक्रिया में बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार होने का आरोप है, जिसे लेकर अब जांच की जा रही है।

## चिरेका में हर्ष और उल्लास के साथ मना 76वां गणतंत्र दिवस



**चित्तरंजन :** चित्तरंजन रेलइंजन कारखाना (चिरेका) में 26 जनवरी 2025 को 76वां गणतंत्र दिवस हर्ष और उल्लास के साथ समारोह पूर्वक मनाया गया। विजय कुमार, महाप्रबंधक/ चिरेका ने मुख्य समारोह स्थल डॉ. बी.आर आंबेडकर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स प्रांगण ( ओवल मैदान) में ध्वजारोहण किया। इस समारोह में चिरेका महिला कल्याण संगठन की सदस्याएं,चिरेका के प्रमुख विभागाध्यक्ष, वरीय अधिकारी वृन्द, कर्मचारी एवं संगठन एवम यूनियन के प्रतिनिधिगण, उपस्थित थे। इस अवसर पर उपस्थित आरपीएफ के जवानों, भारत स्काउट्स एंव गाइड्स के स्वयं सेवकों, नागरिक सुरक्षा संगठन के सदस्यगण एवं सेंट जॉन एम्बुलेंस ब्रिगेड के द्वारा परेड प्रस्तुत किया गया। गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर अपने संदेश में, महाप्रबंधक महोदय ने स्वतंत्रता सेनानियों व देशभक्तों को नमन करते हुए उनके संघर्ष, त्याग, और बलिदान की चर्चा की और कहा कि इन देशभक्तों के समर्पित संकल्पित प्रयासों के फलस्वरुप अपना देश भारत लोकतांत्रिक व्यवस्था के तहत एक स्वतंत्र, संप्रभु गणराज्य बना।

# डॉ. संजय मंडल ने निगलने और खाने में असमर्थ महिला रोगी को राहत प्रदान की

**कोलकाता, समाज्ञा :** डॉ. संजय मंडल ने लंबे समय से गंभीर समस्या से जूझ रही 44 वर्षीय महिला की सफल सर्जरी कर उसे महत्वपूर्ण राहत प्रदान की। पीड़ित महिला को निगलने और खाने में गंभीर समस्या हो रही थी, जिसके चलते उसे कई महीनों तक विभिन्न अस्पतालों में जांच करानी पड़ी। शुरुआत में उसे कैंसर होने का संदेह था, लेकिन विस्तृत जांच के बावजूद कैंसर का कोई लक्षण नहीं मिला। इसके बाद, ट्यूबरक्लोसिस का संदेह हुआ और कोलकाता के एक सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल में एंटी-ट्यूबरकुलर थेरेपी दी गई, लेकिन इसका भी कोई असर नहीं हुआ।

महिला ने फिर डॉ. संजय मंडल से संपर्क किया, जिन्होंने उसका सही निदान किया। डॉ. मंडल ने उसे अंतिम चरण के अन्नप्रणाली रोग के साथ रिफ्लक्स प्रेरित अन्नप्रणाली संकुचन का शिकार बताया। इसके बाद, महिला को अन्नप्रणाली संकुचन के इलाज के लिए कोलोनिक बाईपास सर्जरी करानी पड़ी। सर्जरी के दौरान, बड़ी आंत की रक्त वाहिकाओं में जन्मजात असामान्यता पाई गई, जिसके कारण सर्जिकल दृष्टिकोण में बदलाव करना पड़ा। सर्जरी सफल रही और महिला अब सामान्य रूप से भोजन कर पा रही है। सर्जरी में कुल सात घंटे का समय लगा और महिला को अस्पताल में सात दिन और आईसीयू में एक दिन रहना पड़ा।

# दुआरे सरकार शिविर में उमड़ी हजारों की भीड़

**हुगली, समाज्ञा :** राज्य सरकार की जनहित योजनाओं का सीधे तौर पर लोगों को लाभ पहुंचाने के मकसद से रिसड़ा के पुर्नो बाबू मैदान में दुआरे सरकार शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर पालिका के 7, 8, 9 और 10 नंबर वार्ड की जनता के लिए लगाया गया। जिसमें राज्य सरकार की स्वास्थ्य साथी, लक्ष्मी भंडार, खाद्य साथी, कन्याश्री, वृद्धा पेंशन, बिना मूल्य सामाजिक सुरक्षा योजना, समेत विभिन्न प्रकल्प का पंजीकरण किया गया। शिविर में बाल आधार नामंकित किये गए, जिन लोगों को राज्य सरकार की जनहित योजनाओं को लेकर कोई भी समस्या उत्पन्न हो रही थी उसका समाधान किया गया। दुआरे सरकार कैंप में 8 नंबर वार्ड पार्षद मनोज साव समेत पालिका के पार्षदों ने लोगों की फार्म भरने में



सहायता की। शिविर में रिसड़ा थाने की पुलिस की तरफ से सुरक्षा के इंतजाम किये गए। मनोज साव ने कहा कि एक साथ 4 वार्ड के लिए दुआरे सरकार शिविर लगाकर लोगों को राज्य सरकार की जनहित योजनाओं का सीधे लाभ पहुंचाया जा रहा है। शिविर में सर्वाधिक भीड़ महिलाओं की लक्ष्मी भंडार और वृद्ध की वृद्धा पेंशन के लिए उमड़ रही है।

# खाद्य विभाग 8-9 फरवरी को राज्यव्यापी 'उपभोक्ता संपर्क अभियान' चलाएगा

**❑ उपभोक्ताओं को राशन में उचित और गुणवत्तापूर्ण भोजन मिल रहा है या नहीं, करेंगे जांच**


**कोलकाता, समाज्ञा**

खाद्य विभाग राशन में भ्रष्टाचार पकड़ने के लिए पहले ही डीलरों के यहां छापेमारी अभियान चला रहे है। खाद्य विभाग ने छापेमारी कर कुछ बेईमान डीलरों के खिलाफ कार्रवाई भी की है। इस बार, खाद्य विभाग 8-9 फरवरी को एक और राज्यव्यापी अभियान शुरू करने जा रहा है, ताकि यह जांचा जा सके कि उपभोक्ताओं को उनके राशन में उचित और गुणवत्तापूर्ण भोजन मिल रहा है या नहीं। इस अभियान के तहत खाद्य विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों को अपने क्षेत्र की कम से कम दो राशन दुकानों पर जाने के निर्देश दिए गए हैं। बताया जा रहा है कि खाद्य विभाग 8-9 फरवरी को 'उपभोक्ता संपर्क अभियान' चलाएगा। इसके जरिए खाद्य विभाग के अधिकारी और कर्मचारी यह जांच करेंगे कि राशन प्राप्तकर्ताओं को सही मात्रा और गुणवत्ता वाला भोजन मिल रहा है या नहीं। न केवल छापेमारी की जाएगी, बल्कि इस संबंध में खाद्य विभाग को रिपोर्ट भी सौंपनी होगी। वास्तव में, यदि कहीं कोई अनियमितता है, तो यह विवरण देना आवश्यक है कि यह कैसे हो रहा है और क्या कदम उठाने की आवश्यकता है। रिपोर्ट में इस मुद्दे पर ग्राहकों और डीलरों दोनों की प्रतिक्रिया को उजागर किया जाना चाहिए। विभाग के अधिकारी उनकी समीक्षा करेंगे और अगली रिपोर्ट तैयार करेंगे।

# कल अधीर चौधरी का जनता की मांगों पर अभियान, चलेगा आंदोलन

### तृणमूल ने आंदोलन को बताया 'नाटक'

**कोलकाता, समाज्ञा :** आरजीकर अस्पताल विवाद और राज्य सरकार तथा सीबीआई के बीच खींचतान के बीच अब कांग्रेस ने राजनीति का केंद्र बदलने की कवायद शुरू कर दी है। पार्टी, अधीर रंजन चौधरी के नेतृत्व में गुरुवार को जनता की मांगों को लेकर एक बड़ा आंदोलन करेगी। कांग्रेस की ओर से इस आंदोलन में 100 दिनों के रोजगार गारंटी योजना के भुगतान में हो रही देरी, लक्ष्मी भंडार योजना के तहत महिलाओं को दी जाने वाली धनराशि को बढ़ाकर 2,500 करने और पुजारियों को मासिक भत्ता देने जैसी मांगें प्रमुख होंगी। पार्टी का तर्क



है कि यदि झारखंड जैसे आर्थिक रूप से पिछड़े राज्य में 2,500 की राशि दी जा सकती है, तो बंगाल में क्यों नहीं? यह आंदोलन 30 जनवरी को आयोजित होगा, जिस दिन राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की हत्या हुई थी। इस दिन, अधीर रंजन चौधरी जनता की आवाज बुलंद करने के लिए एक प्रतीकात्मक अवसर मानते हैं। कांग्रेस के आंदोलन पर तृणमूल कांग्रेस ने तीखी प्रतिक्रिया दी है। पार्टी प्रवक्ता कुणाल घोष ने मंगलवार को कहा कि ममता बनर्जी केंद्र सरकार से फंड न मिलने के बावजूद राज्य के लोगों के लिए काम कर रही हैं। कांग्रेस का यह आंदोलन महज एक नाटक है, जिसे जनता समझ चुकी है। यही कारण है कि लोकसभा चुनाव में अधीर रंजन चौधरी तीसरे स्थान पर रहे।

# ससुराल में संदेहास्पद स्थिति में विवाहिता की मौत, पति ससुर गिरफ्तार

**हुगली :** नव विवाहिता की ससुराल में संदिग्ध परिस्थितियों में मौत से इलाके में हड़कंप मच गया। इस मामले में पुलिस ने दो लोगों को गिरफ्तार किया है। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए चुंचुड़ा इमामबाड़ा सदर अस्पताल में भेज दिया। मृतका के पिता ने ससुरालियों पर आरोप लगाते हुए बताया कि एक साल पहले उनकी बेटी का प्रेम विवाह हुआ था। शादी के बाद से ही ससुराल में उनकी बेटी को प्रताड़ित किया जा रहा था। बीती रात ससुराल से दामाद ने फोन कर बताया कि उसकी पत्नी ने फांसी लगा ली है। परिजन जब ससुराल पहुंचे तो बेटी बिस्तर पर पड़ी मिली। उसे तुरंत मगरा अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत



घोषित कर दिया।

मृतका के पिता ने आरोप लगाया कि ससुराल वालों ने उसे अस्पताल नहीं पहुंचाया। पीड़ित परिवार की शिकायत पर मगरा थाना की पुलिस ने सम्बंधित धाराओं में मामला दर्ज किया है। मृतका के पति और ससुर को गिरफ्तार कर लिया गया और मंगलवार को उन्हें चुंचुड़ा कोर्ट में पेश किया गया। पुलिस मामले की छानबीन में जुटी है।

# मॉर्निंग वॉक के लिए निकली वृद्धा रहस्मय ढंग से हुई लापता

**हुगली :** श्रीरामपुर नगर पालिका के 27 नंबर वार्ड के प्रभासनगर चकला पाड़ा इलाके की रहने वाली एक वृद्धा रहस्मय ढंग से लापता हो गई। काफी खोजबीन के बाद जब वृद्धा का कोई सुराग नहीं मिला तो पीड़ित परिजनों ने श्रीरामपुर थाने में गुमशुदगी की शिकायत दर्ज कराई। लापता वृद्धा का नाम श्रीमती देवी (72) बताया जा रहा है। पीड़ित परिजनों में से लापता वृद्धा के बेटे रंजीत कुमार पांडेय ने बताया कि 26 जनवरी की सुबह उनकी मां मॉर्निंग वॉक के लिए घर से निकली थी फिर लौट आयी। हर जगह खोजबीन की गई लेकिन उनका कोई पता नहीं



चला। उन्हें स्थानीय लोगों ने अंतिम बार 27 नंबर वार्ड के टावर घड़ी के पास देखा था। श्रीरामपुर नगर पालिका के 27 नंबर वार्ड के पार्षद पिंटू नाग ने बताया कि उन्हें सूचना मिलते ही श्रीरामपुर थाने की पुलिस को लापता वृद्धा को तत्काल ढूंढ निकालने का आग्रह किया। पार्षद पिंटू नाग ने श्रीरामपुर थाने की पुलिस, जीआरपी धोबी घाट, आस पास के मंदिर सार्वजनिक स्थल ऑटो-टोटो बस स्टैंड सभी जगह पर संचालकों को वृद्धा की तस्वीर भेज कर सीसीटीवी फुटेज देखने को कहा है। श्रीरामपुर थाने के पुलिस वृद्ध की तलाश कर रही है, इधर वृद्धाश्रम मंदिर श्मसान सभी जगह पर वृद्ध की तलाश की जा रही है। पिंटू नाग ने कहा कि अगर किसी को भी यह वृद्ध कहीं दिखाई दे तो तत्काल उन्हें सूचित किया जाए या स्थानीय थाने को इसकी जानकारी दी जाय।

## मानव सेवा के लिए निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर

**हुगली, समाज्ञा :** श्रीरामपुर के मानिकतला इलाके में स्थित नवारुण संघ क्लब के तत्वावधान में विशिष्ट समाजसेवी दीपू दास के संचालन में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच व नेत्र परीक्षण शिविर का आयोज किया गया जिससे सैकड़ों लोग उपकृत हुए। शिविर में दंतव्य, नेत्र, मधुमेह, रक्तचाप समेत विभिन्न तरह के स्वास्थ्य परीक्षण की व्यवस्था की गई। दिसून अस्पताल के विशेषज्ञ डॉक्टरों की देखरेख में यह शिविर संपन्न हुआ। शिविर में श्रीरामपुर नगरपालिका



के चेयरमैन गिरधारी साहा, सीआईसी तियशा मुखर्जी, 16 नंबर वार्ड पार्षद चीनू दास, पार्षद असीम पंडित, क्लब के अध्यक्ष दुलाल सामंत, तृणमूल नेता अरण्य चटर्जी, तन्मय, क्लब के सचिव संजय मन्ना समेत अन्य गण्यमान्य लोग उपस्थित रहे। साहा ने कहा कि नवारुण संघ क्लब की तरफ से साल भर रक्तदान शिविर, स्वास्थ्य जांच कंबल वितरण समेत अलग-अलग सामाजिक कार्यक्रम का आयोजन कर जरूरतमंदों, असहाय लोगों की मदद की जाती है। इस क्लब का मुख्य आकर्षण दुर्गापूजा, कालीपूजा सरस्वती, खेलकूद होता है। इस स्वास्थ्य जांच शिविर में श्रीरामपुर नगरपालिका चेयरमैन गिरधारी साहा ने अपने स्वास्थ्य का परीक्षण करवाया।

# पल्लवी बंद्योपाध्याय को हाईकोर्ट से राहत, सलाइन कांड में कोई कड़ी कार्रवाई नहीं करने का आदेश

**मेदिनीपुर :** मेदिनीपुर मेडिकल कॉलेज की निलंबित चिकित्सक पल्लवी बंद्योपाध्याय को कोलकाता हाईकोर्ट से राहत मिली है। कोर्ट ने निर्देश दिया है कि पुलिस उनके खिलाफ कोई कड़ी कार्रवाई नहीं कर सकती। हालांकि, कोर्ट ने यह भी स्पष्ट किया कि पल्लवी को जांच में सहयोग करना होगा। यह आदेश जस्टिस तीर्थंकर घोष ने दिया।



ज्ञात हो कि सलाइन कांड में मेदिनीपुर मेडिकल कॉलेज के 12 डॉक्टरों को निलंबित किया गया था, जिनमें पल्लवी बंद्योपाध्याय भी शामिल थीं। इस मामले में एनेस्थीसिया के उपयोग को लेकर सवाल उठे थे, हालांकि पल्लवी ने अपनी सफाई में कहा कि एनेस्थीसिया की वजह से रोगी की मौत नहीं हुई और उन्हें बिना किसी कारण के निलंबित किया गया है। पुलिस द्वारा एफआईआर दर्ज होने के बाद पल्लवी हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी।

इसके अलावा, सलाइन कांड से जुड़े एक जनहित याचिका भी उच्च न्यायालय में दायर की गई है, जिस पर राजनीतिक और कानूनी हलचलें जारी हैं। इस कांड से जुड़ी एक अन्य अहम घटना यह रही कि 12 जनवरी को एसएसकेएम अस्पताल में इलाज करवा रही प्रसूति मिनारा बीबी को 15 दिन की जद्दोजहद के बाद घर भेजा जा रहा है, जबकि एक अन्य प्रसूति मांपि सिंह को भी वेंटिलेटर से बाहर निकालने में सफलता मिली है।



## न्यूज इन ब्रीफ

### बहरोड़ में दो व्यक्ति 50 लाख रुपये की बेहिसाबी नकदी के साथ पकड़े गए : पुलिस

**जयपुर :** पुलिस ने बहरोड़ कस्बे में मंगलवार को दो व्यक्तियों को 50 लाख रुपये की बेहिसाबी नकदी के साथ पकड़ा। पुलिस के अनुसार, इन लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। नीमराणा के थानाधिकारी राजेश मीणा के अनुसार, गुप्त सूचना के आधार पर गश्त कर रही टीम ने दिल्ली से आ रही एक कार को रोका और उसमें से 50 लाख रुपये की नकदी से भरा एक थैला बरामद किया। उन्होंने बताया कि बैंक अधिकारियों को नोट गिनने की मशीन के साथ बुलाया गया, जिसके बाद नकदी जब्त कर ली गई। मीणा ने बताया कि आरोपी नकदी के बारे में कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे सके, जिसके बाद नकदी जब्त कर ली गई। उन्होंने बताया कि आरोपियों से इतनी बड़ी मात्रा में नकदी के स्रोत और गंतव्य के बारे में पूछताछ की जा रही है।

### ट्रक की चपेट में आने से मोटरसाइकिल सवार चार युवकों की मौत

**देवरिया (उप्र) :** देवरिया जिले के महुआ डीह थाना अंतर्गत हेतिमपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर एक ट्रक की चपेट में आने से मोटरसाइकिल सवार चार युवकों की मौत हो गई। अपर पुलिस अधीक्षक दीपेंद्र नाथ चौधरी ने मंगलवार को बताया कि सोमवार रात चारों युवक एक ही मोटरसाइकिल पर सवार होकर कसया से हाटा की तरफ जा रहे थे और उसी दौरान एक ट्रक की चपेट में आने से चारों की मौके पर मौत हो गई। अपर पुलिस अधीक्षक ने बताया कि मृतकों की पहचान नितेश (23), अतुल कुमार सिंह (24), पिंटू कुमार गौड़ (22) तथा अंकित गौड़ (24) के तौर पर हुई है। उन्होंने कहा कि किसी ने भी हेलमेट नहीं पहना था। चौधरी ने कहा कि इस मामले में अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है, तथा ट्रक का चालक फरार है जिसकी की तलाश की जा रही है।

# तुष्टिकरण की नीति पर चलने वाले भी अब संगम में डुबकी लगा रहे : योगी आदित्यनाथ

**लखनऊ :** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को समाजवादी पार्टी (सपा) के प्रमुख अखिलेश यादव का नाम लिए बिना तंज किया कि तुष्टिकरण की नीति पर चलने वाले लोग भी अब त्रिवेणी के महासंगम में डुबकी लगा रहे हैं। योगी ने सवाल उठाते हुए कहा कि दुनिया में सबसे ज्यादा आबादी वाले मुस्लिम देश इंडोनेशिया में भगवान राम को पूर्वज माना जाता है, लेकिन भारत में रहकर, इस धरती का उपभोग करने वाली बड़ी आबादी (मुसलमान), जो दुर्भाग्य से केवल ''वोट बैंक'' बनकर रह गई है, क्या वे स्वीकार कर पाएंगे कि उनके पूर्वज राम थे? एक मीडिया संस्थान द्वारा यहां एक होटल में आयोजित



'महाकुंभ समागम' में मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्हें खुशी है कि जो लोग पहले भारत की आस्था को सम्मान नहीं देते थे, वोट बैंक के लिए तुष्टिकरण की नीति पर चलते थे, वे लोग भी अब प्रयागराज में त्रिवेणी के महासंगम में डुबकी लगा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा ''यह अच्छी बात है और प्रयागराज तो सबका है, आस्था सबकी है।'' समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष और उप्र के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने रविवार, 26 जनवरी को संगम में 11 बार डुबकी लगाई थी। विपक्षी दलों के नेताओं के कुंभ स्नान के बारे में पूछने पर मुख्यमंत्री ने कहा ''सनातन पहले भी था, आज भी है और इसी प्रभावी ढंग से यह यात्रा आगे बढ़ेगी। इसमें कोई संदेह नहीं होना चाहिए।'' आदित्यनाथ ने अपने मंत्रिपरिषद के सदस्यों के साथ कुंभ स्नान किया था। इसको लेकर विरोधियों के आरोपों पर उन्होंने रामचरित मानस की चौपाई का हवाल देते हुए कहा ''जाकी रही भावना जैसी, प्रभु मूरत देखी तिन तैसी (प्रभु को जिसने जिस रूप में सोचा, जिस व्यक्ति की भावना जैसी रही उसने अपने मन में उसी के अनुसार ईश्वर की छवि गढ़ ली....)''।

# बागपत के बड़ौत में लड्डू पर्व पर आयोजित कार्यक्रम में लकड़ी का ढांचा गिरने से सात मरे, 39 घायल

**बागपत (उप्र) :** बागपत जिले के बड़ौत में मंगलवार को जैन समुदाय के भगवान आदिनाथ के निर्वाण लड्डू पर्व पर मानस्तम्भ परिसर में लकड़ी का एक ढांचा गिरने से जान गंवाने वालों की संख्या बढ़कर सात हो गई और 39 घायल उपचाराधीन हैं। एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। जिलाधिकारी (डीएम) अस्मिता लाल ने कहा, बड़ौत में जैन समुदाय के एक कार्यक्रम में लकड़ी का ढांचा गिर गया। इस बार कार्यक्रम के दौरान लकड़ी का ढांचा गिर गया और यह हादसा हुआ।'' उन्होंने कहा कि घायलों को अस्पताल ले जाया गया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद 20 लोगों को छुट्टी दे दी गई और बाकी का इलाज किया जा रहा है। बाद में अपर जिलाधिकारी (एडीएम) पंकज वर्मा ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि सात लोगों की मौत हो गयी और 39 घायलों का उपचार किया जा रहा है। घटना की जांच के विषय में



पूछने पर एडीएम ने बताया कि फिलहाल राहत-बचाव का काम चल रहा है। हादसे की वजह पूछने पर उन्होंने बताया कि श्रद्धालु बड़ी संख्या में अस्थायी मंच की लकड़ी की सीढ़ियों पर चढ़ गए और अधिक भार होने की वजह से वह टूट गया। घटना का संज्ञान लेते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जिला प्रशासन के अधिकारियों को घायलों के समुचित उपचार के निर्देश दिए। उन्होंने घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। जिलाधिकारी लाल और पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय अस्पतालों में भर्ती मरीजों की निरंतर निगरानी कर रहे हैं। विजयवर्गीय ने बताया कि कार्यक्रम के आयोजन के लिए आयोजकों द्वारा अनुमति ली गई थी।

## मौनी अमावस्या स्नान से पूर्व श्रद्धालुओं के लिए परामर्श जारी

**महाकुंभ नगर :** मौनी अमावस्या के पवित्र अवसर पर करोड़ों श्रद्धालु प्रयागराज पहुंच रहे हैं जिनकी सुरक्षा और सुविधा सुनिश्चित करने के लिए मेला प्रशासन ने परामर्श जारी किया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (कुंभ) राजेश द्विवेदी ने बताया कि श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की अफवाहों से बचने और सतर्क रहने के लिए कहा गया है। उन्होंने बताया कि इसके अलावा आपात स्थिति में मेला पुलिस, यातायात पुलिस और विशेष डॉक्टरों की टीम श्रद्धालुओं की देखरेख के लिए 24 घंटे तैनात की गई है। द्विवेदी ने बताया कि 29 जनवरी को पड़ रही मौनी अमावस्या को लेकर पुलिस और प्रशासन श्रद्धालुओं की मदद के लिए 24 घंटे उपलब्ध हैं। उन्होंने बताया कि श्रद्धालु संगम घाट पहुंचने के लिए अलग-अलग लेन से ही जाएं और गंगा स्नान के लिए जाते समय अपनी लेन में बने रहें। अधिकारी ने कहा कि श्रद्धालु स्नान और दर्शन करने के बाद सीधे पार्किंग की ओर जाएं और यदि वे मंदिरों में दर्शन के लिए जा रहे हैं तो अपनी लेन में बने रहें और वहां से अपने गंतव्य स्थान के लिए प्रस्थान करें। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य संबंधी समस्या होने पर श्रद्धालु नजदीकी सेक्टर में बने अस्पताल में जांच कराएं। द्विवेदी ने कहा कि स्नान के लिए जाते समय बैरिकेडिंग और पांटून पुलों पर धैर्य बनाए रखें और जल्दबाजी व धक्का मुक्की करने से बचें। उन्होंने कहा, श्रद्धालुओं से आग्रह है कि सभी घाट संगम घाट हैं और वे जिस घाट पर पहुंच जाएं वहीं स्नान करें। श्रद्धालु कहीं एक साथ एक स्थान पर ना रुकें और किसी भी स्थिति में आने और जाने वाले श्रद्धालु आमने-सामने ना आएं।

### मौनी अमावस्या के मद्देजनर महाकुम्भनगर में एक हजार से अधिक चिकित्सा कर्मी तैनात

**महाकुम्भनगर :** उत्तर प्रदेश सरकार ने मौनी अमावस्या के मौके पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के जुटने के मद्देनजर यहां एक हजार से अधिक चिकित्साकर्मियों को तैनात किया है। एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गई है। बयान के अनुसार, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर मेले के हर सेक्टर में आधुनिक चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। इसमें कहा गया, ''महाकुम्भनगर में 300 विशेषज्ञ चिकित्सक सुपर स्पेशलिटी अस्पताल में तैनात किए गए हैं। ये चिकित्सक किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए तैयार हैं। अब तक दो लाख से अधिक मरीज यहां के केंद्रीय समेत अन्य अस्पतालों में ओपीडी सेवाओं का लाभ उठा चुके हैं। साथ ही अब तक ढाई लाख से अधिक लोग प्रयोगशाला में जांच करा चुके हैं।'' बयान में कहा गया है कि आधुनिक चिकित्सा सुविधाओं के साथ सरकार ने मेले को सुरक्षित और स्वस्थ बनाने के लिए हर संभव कदम उठाए हैं। इस बीच, उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने एक बयान में कहा, ''मौनी अमावस्या को लेकर स्वास्थ्य विभाग पूरी तरह से तैयार है।

## जयपुर नगर निगम की बैठक में भाजपा व कांग्रेस के पार्षद भिड़े, धक्का मुक्की

**जयपुर :** जयपुर ग्रेटर नगर निगम की साधारण सभा की बैठक में मंगलवार को सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और विपक्षी कांग्रेस आपस में भिड़ गए और उनके बीच धक्का-मुक्की हुई। दोनों दलों के पार्षदों ने एक-दूसरे पर अभद्र भाषा का इस्तेमाल करने तथा गाली-गलौज करने का आरोप लगाया है। उल्लेखनीय है कि सोमवार को भी निगम की साधारण बैठक में हंगामा हुआ था। निगम की बैठक में मंगलवार को कांग्रेस पार्षद राजेश गुर्जर एक प्रस्ताव पर अपनी राय रख रहे थे। भाजपा के कुछ पार्षद बीच में खड़े होकर चिल्लाने लगे। इस पर तीखी बहस शुरू हो गई और कांग्रेस तथा भाजपा पार्षदों ने आसन के सामने आकर एक-दूसरे के साथ धक्का-मुक्की की। इसके बाद महापौर ने सदन की कार्यवाही अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दी। आज आधे पार्षद बैठक में उपस्थित ही नहीं हुए। 150 पार्षदों वाले सदन में महापौर सहित लगभग 80 पार्षद उपस्थित थे। कार्यवाही में उप महापौर पुनीत कर्णावट के अलावा कई समितियों के अध्यक्ष भी शामिल नहीं हुए। आज की बैठक का मुख्य एजेंडा कार्यसमितियों को भंग करने से संबंधित था। भाजपा के अनेक पार्षद लगातार इसका विरोध कर रहे हैं। इन्होंने पार्टी संगठन को भी अपनी राय से अवगत करा दिया है। इसके बावजूद दबाव की राजनीति कर इस एजेंडे को बैठक में शामिल तो कर लिया गया, लेकिन इस पर चर्चा नहीं हो सकी। सोमवार को भी निगम की बैठक के दौरान हंगामा हुआ था। विपक्षी कांग्रेस के पार्षदों ने शहर में सफाई व्यवस्था बदहाल होने व विकास कार्य नहीं होने का आरोप लगाते हुए हंगामा किया। इस पर सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी के पार्षद भी सामने आ गए और दोनों तरफ के पार्षदों में धक्का मुक्की की नौबत आ गई थी।

## न्यूज अपडेट

### नोएडा रेव पार्टी मामले में गवाह को धमकाने के आरोप में एल्विश यादव के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज

**गाजियाबाद (उप्र) :** नोएडा रेव पार्टी मामले में एक गवाह को धमकाने के आरोप में यूट्यूबर एल्विश यादव के खिलाफ गाजियाबाद के नंदग्राम थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। अतिरिक्त दीवानी न्यायाधीश प्रतिभा द्वारा 24 जनवरी को आदेश दिए जाने के बाद प्राथमिकी दर्ज की गई है। 'पीपल फॉर एनिमल' (पीएफए) के पदाधिकारी सौरभ गुप्ता, यादव द्वारा नोएडा में आयोजित पार्टी में सांप के जहर के संदिग्ध इस्तेमाल से जुड़े मामले में गवाह हैं। उन्होंने आरोप लगाया, ''एल्विश और उसके समर्थक 10 मई 2024 कई गाड़ियों में सवार होकर राज नगर एक्सटेंशन स्थित उनकी सोसायटी में आए थे और उन्हें धमकी दी।'' गुप्ता ने दावा किया कि उन्होंने इस बारे में नंदग्राम पुलिस से शिकायत की थी, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की गई जिसके बाद उन्होंने अदालत का रुख किया। सौरभ के भाई गौरव गुप्ता ने एल्विश के खिलाफ नवंबर 2023 में नोएडा में एक पार्टी में सांप के जहर के संदिग्ध इस्तेमाल के आरोप में शिकायत दर्ज कराई थी। सौरभ ने आरोप लगाया, ''जब से नोएडा में मामला दर्ज हुआ है तभी से एल्विश, हम दोनों भाइयों को झूठे मामले में फंसाने या दुर्घटना कराकर जान से मारने की कोशिश कर रहा है। यादव सोशल मीडिया के जरिए रोजाना धमकी दे रहा है।''

### निजी अस्पताल में भर्ती मरीज पड़ोस की छत पर मृत मिला : पुलिस


**जयपुर :** राजस्थान में झुंझुनू के एक निजी अस्पताल में भर्ती 45 साल का एक मरीज बगल की इमारत की छत पर मृत मिला। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि लीवर की बीमारी से पीड़ित संजीव जाट (45) को 23 जनवरी को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था और वह सोमवार सुबह से ही वार्ड से लापता था और उसका शव अस्पताल भवन से सटे एक स्कूल की छत पर मिला जो अस्पताल की छत से कई फुट नीचे है। कोतवाली के थानाधिकारी नारायण सिंह ने बताया कि संजीव अपने वार्ड से लापता था और अस्पताल के कर्मचारियों ने सोचा कि मरीज घर चला गया है। उन्होंने बताया कि परिवार के सदस्य पूरे दिन उसकी तलाश करते रहे और रात में वह बगल की एक इमारत की छत पर मृत मिला। सिंह ने कहा कि इसकी जांच की जा रही है कि वह छत पर कैसे गिरा और परिजनों ने अस्पताल प्रबंधन के खिलाफ शिकायत दी है और उन्होंने अस्पताल के कर्मचारियों पर लापरवाही का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि मामले की जांच की जा रही है।

## पंजाब में हुई घटना के लिए माफी मांगे केजरीवाल : मेघवाल

**जयपुर :** केंद्रीय विधि एवं न्याय राज्य मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने मंगलवार को कहा कि आम आदमी पार्टी (आप) के नेता अरविंद केजरीवाल को पंजाब में भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा खंडित किए जाने की घटना के लिए माफी मांगनी चाहिए। पंजाब में आम आदमी पार्टी की सरकार है। मेघवाल ने बीकानेर में संवाददाताओं से कहा, ''26 जनवरी को नयी दिल्ली में कर्तव्य पथ पर झांकियां निकाली जा रही थीं और उसमें संविधान का सम्मान किया जा रहा था। जहां पंजाब में आम आदमी पार्टी का शासन है वहां बाबा साहेब की मूर्ति तोड़ी जा रही थी, संविधान जलाया जा रहा था।' गणतंत्र दिवस पर अमृतसर में एक व्यक्ति ने डॉ. आंबेडकर की प्रतिमा को क्षतिग्रस्त कर दिया।

## अमृतसर की घटना को लेकर पंजाब के मुख्यमंत्री को इस्तीफा देना चाहिए : अठावले

**पटना :** केंद्रीय मंत्री रामदास आठवले ने अमृतसर में बाबा साहेब आंबेडकर की प्रतिमा को क्षतिग्रस्त करने के मामले में मंगलवार को पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान के इस्तीफे की मांग की। दलित नेता ने इस मामले में पंजाब की आम आदमी पार्टी (आप) सरकार पर ढिलाई बरतने का आरोप लगाते हुए



यह भी कहा कि इस कृत्य में शामिल व्यक्ति को फांसी दी जानी चाहिए। रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया के प्रमुख ने कहा, अमृतसर की घटना निंदनीय है, लेकिन 'आप' सरकार इसे हल्के में ले रही है। भगवंत मान को नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे देना चाहिए। गणतंत्र दिवस पर एक युवक ने आंबेडकर की प्रतिमा पर हथौड़े से हमला किया था, जिससे लोगों में आक्रोश फैल गया था। उसे वहां मौजूद लोगों ने पकड़ लिया और पुलिस के हवाले कर दिया। आठवले ने कहा, यह एक गंभीर घटना है। दोषी व्यक्ति को फांसी की सजा मिलनी चाहिए। राज्यसभा सदस्य ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी के इस दावे को भी खारिज कर दिया कि आंबेडकर द्वारा तैयार संविधान केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार में खतरे में है।



# बुरे काम का बुरा नतीजा



हर बार पड़ने वाली ठंड से इस बार की ठंड कहीं ज्यादा थी। पूरा ढोलकपुर जंगल ठंड से परेशान था। गज्जू हाथी, कू-कू कोयल, ब्लैकी कौआ, चंपू गधा, मोंटी बंदर और चम्पा लोमड़ी सब बस एक बढ़िया गरमा-गरम घर बनाने में लगे थे। और फिर एक दिन चीकू खरगोश का घर बन कर तैयार हो जाता है। वो उसमे खुशी-खुशी रहने लगता है। तभी एक दिन चम्पा लोमड़ी वहाँ आती है और वो बहुत दुखी होकर चीकू खरगोश से कहती है, अरे चीकू खरगोश, तुम तो बहुत समझदार निकले। ठंड से बचने के लिए तुमने कितना बढ़िया घर बनाया है। अब क्या बताऊँ चीकू खरोगोश ठंड इतनी पड़ रही की मुझसे तो अब चाह कर भी अपना घर नहीं बना पा रहा । तो क्या चीकू खरगोश कुछ दिनों के लिए तुम मुझे अपने साथ रख सकते हो। मैं तुम्हें बढ़ियाँ-बढ़ियाँ खाना बना कर खिलाऊँगी।

चीकू खरगोश उसकी बात मान जाता है और उसे अपने साथ अपने घर में रहने देता है। पहले तो चम्पा लोमड़ी कुछ दिन उसके घर में अच्छे से रहती है फिर उसे एक चालाकी आती है। वो सोचती है क्यूँ न चीकू खरोगोश को यहाँ से निकाल दूँ। इतनी ठंड में उसके लिए भी खाना बनाना पड़ता है। बस यही सोचते हुए चम्पा लोमड़ी चीकू खरगोश को उसके ही घर से निकाल देती है। चीकू खरगोश उसको खूब मनाता है, अरे चम्पा इतनी ठंड में मैं कहाँ जाऊंगा। लेकिन फिर भी चम्पा उसकी बात नहीं मानती। दुखी होकर चीकू खरगोश को अपने घर से निकलना ही पड़ता है। तभी चीकू खरगोश मोंटी बंदर के पास जाता है और उसे चम्पा के बारे में सब कुछ बताता है। और उससे कहता है कि वो उसके साथ चले और चम्पा को घर से बाहर निकाले।

चीकू खरगोश को लेकर मोंटी बंदर चम्पा लोमड़ी के पास जाता और उस पर गुस्सा करते हुए उसे बाहर निकलने को कहता है। तभी चम्पा लोमड़ी मोंटी बंदर को धीरे से अपने पास बुलाती है और उसके कान में कहती है, अरे मोंटी बंदर तुम यहाँ रह सकते हो। इतना गरम घर देख कर मोंटी बंदर चम्पा लोमड़ी कि बात मान जाता है और फिर दोनों मिल कर चीकू खरगोश को फिर बाहर निकाल देते हैं। अब चीकू खरगोश ब्लैकी कौए के पास जाता है, उसे पूरी बात बताता है। मोंटी बंदर की तरह ब्लैकी कौआ भी चम्पा लोमड़ी के पास जाता है और चीकू खरगोश को उसके ही घर से निकालने के लिए उस पर गुस्सा करने लगता है। फिर चम्पा लोमड़ी ब्लैकी कौए को भी अपने साथ रहने को कहती है। मोंटी बंदर के साथ-साथ अब ब्लैकी कौआ भी उन लोगों के साथ रहने लगता है। ये सब देख कर चीकू खरगोश को अब कुछ समझ नहीं आ रहा था। जिसको भी ले कर आ रहा था वो सब चम्पा के साथ उसी के घर में रहने लग जा रहे थे। तभी चीकू खरगोश को गज्जू हाथी का खयाल आता है। क्योंकि पूरे ढोलकपुर जंगल में अगर कोई समझदार है तो वो है गज्जू हाथी। बस यही सोचते हुए चीकू खरगोश ठंड में कंपकपाते हुए गज्जू हाथी के पास पहुँच कर उसे सारी बात बताता है। पर अंदर ही अंदर चीकू खरगोश डरता भी रहता है कहीं ऐसा न हो मोंटी बंदर और ब्लैकी कौए की तरह यह भी चम्पा लोमड़ी की बात में आ जाए और उसके साथ रहने लगे।

चीकू खरगोश गज्जू हाथी के बारे में ऐसा सोच ही रहा था कि तभी उसे चम्पा लोमड़ी की आवाज सुनाई देती है, अरे गज्जू दादा आओ। इन सब की तरह तुम भी अब इस घर में रह सकते हो। और हाँ मैंने आज गाजर का हलवभी बनाया है।। चलिए अंदर अभी आपको खिलाती हूँ। और फिर जैसे ही गज्जू हाथी चीकू खरगोश के घर के अंदर जाता है उसका घर टूट जाता है। सभी टूटे घर से तुरंत बाहर निकलते है और जोर-जोर से चिल्लाने लगते हैं, अरे गज्जू दादा ये क्या किया तुमने। इतनी ठंड में हम सब कहाँ रहेंगे। इतना गरम घर क्यों तोड़ा। तभी गज्जू हाथी उनसे कहता है क्यों ठंड क्या सिर्फ तुम्हारे लिए है। चीकू खरगोश के लिए। तुम सब ने एक बार भी चीकू के बारे में नहीं सोचा। चलो चीकू खरगोश जब तक तुम अपना नया घर नहीं बना लेते तब तक तुम मेरे साथ मेरे घर में रह सकते हो और हाँ चीकू खरगोश एक बात ओर ध्यान रखना अब से किसी की बातों में आने से पहले उसका अच्छा बुरा जरूर सोच लेना। समझे।

**मोरल- हमें कभी भी किसी के साथ बुरा नहीं करना चाहिए। क्योंकि बुरे काम का नतीजा हमेशा बुरा ही होता है।**

# बात समय की

फुनटी नाम का एक लड़का था। फुनटी बहुत समझदार था। उसे अपना हर काम समय पर करना अच्छा लगता। समय पर स्कूल जाना, समय पर पढ़ाई करना, समय पर खाना खाना और समय पर खेलना। वहीं फुनटी के घर के आस-पास रहने वाले कुछ बच्चे स्कूल से आने के बाद अपना पूरा समय खेल-कूद में लगाते। खूब हल्ला खूब शोर मचाते। हर रोज स्कूल भी देरी से पहुंचते। फुनटी अक्सर उन्हें हर काम समय पर करने को कहता। लेकिन वो फुनटी की बात नहीं मानते और उसका मज़ाक भी बनाते। एक दिन फुनटी अपने दोस्तों के साथ खेल रहा था, जैसे ही खेलते हुए एक घंटा पूरा हुआ फुनटी अपने घर जाने लगा। तभी उसके दोस्त उसे और खेलने के लिए रोकते हैं। अपने दोस्तों कि बात सुन कर फुनटी फिर उनसे कहता है, दोस्त हमे अपना हर काम समय पर ही करना चाहिए और ऐसा बोलते हुए फुनटी अपने घर जाने लगता है। तभी पीछे से उसके दोस्त उसे चिढ़ाते हुए बोलते हैं.. रोबोट, रोबोट। फुनटी तो रोबो है। और फिर ऐसा बोलते हुए अपना खेलना शुरू कर देते।

फिर एक दिन बड़ी से गाड़ी में कुछ लोग फुनटी का घर पूछते हुए उधर आए। फुनटी के घर के बाहर खेल रहे बच्चे उन्हें फुनटी का घर बताते हैं। साथ में वो बच्चे भी उनके पीछे-पीछे जाते हैं। गाड़ी का दरवाजा खुलता है। कोट पहने एक लंबा आदमी निकलता है। उस आदमी के हाथ में एक बैग होता है। आदमी घर के अंदर जाता है। फुनटी उनके सामने होता है। तभी फुनटी बोलता है, थैंक यू सर। मुझे इतना बड़ा अवॉर्ड देने के लिए। अवॉर्ड, फुनटी को अवॉर्ड। लेकिन किस चीज के लिए। क्या रोबोट बनने के लिए। फुनटी का एक दोस्त ये सब देख कर मन ही मन सोचता है। लेकिन तभी कोट पहने हुए वो आदमी बोलता है, धन्यवाद तो हमें आपको कहना चाहिए। इतनी छोटी सी उम्र में आपने इतना बड़ा काम कर दिखाया। आपने पूरी दुनिया में सबसे छोटी उम्र में सबसे ज्यादा चीजें याद रखने का एक नया रिकॉर्ड बनाया है। यह हम सब के लिए बहुत गर्व कि बात है। इसके बाद फुनटी को वो अवार्ड देते हैं और वहाँ से चले जाते हैं। इधर उसके दोस्त बस फुनटी को देखते ही रह जाते है उन्हें खुद पर शर्म भी आती है कि कैसे वो सब मिल कर फुनटी को चिढ़ाया करते थे। फिर फुनटी उनके पास जाता है और कहता है दोस्त कुछ पाने के लिए हमें समय को बहुत रिस्पेक्ट देना चाहिए। हर काम समय पर करने से हमें एक दिन इसका फायदा जरूर मिलता है।

**मोरल- तो बच्चों इस कहानी से हमें यह सीख मिलती है कि हमें हर काम अपने समय पर ही करना चाहिए और हमेशा अपने समय को रिस्पेक्ट देना चाहिए। जो काम जिस समय के लिए आपके पेरेंट्स या आपने तय किया अगर उस काम को आपने उसी समय कर लिया तो बिलीव मी समय एक दिन आपको इसके लिए जरूर देगा एक बड़ा अवॉर्ड।**



# शर्मीली सिम्मी



एक बार की बात है एक छोटी सी प्यारी सी बच्ची थी। उसका नाम था सिम्मी। सिम्मी पढ़ाई में बहुत होशियार थी। पूरी क्लास में उसके नंबर सबसे ज्यादा भी आते। बस सिम्मी में एक कमी थी। वो शर्माती बहुत थी। इसलिए सिम्मी को घर, बाहर यहाँ तक की स्कूल के बच्चे भी शर्मीली सिम्मी कह कर ही बुलाते थे। जब भी कोई बच्चा उसे कहता, अरे वो देखो शर्मीली सिम्मी आ रही..तो उसको बहुत बुरा लगता। लेकिन अपने शर्मीले पन के कारण वो उनको कुछ भी नहीं कहती, उन्हें एक बार भी मना भी नहीं करती बस अंदर ही अंदर गुस्सा होकर वहाँ से चली जाती। ऐसे ही एक दिन सिम्मी के घर उसकी बुआ अपने बच्चों के साथ आई। बुआ सिम्मी को बहुत प्यार करती थीं। सिम्मी भी करती थी लेकिन वो इतना शरमाती कि बुआ से कुछ कह भी नहीं पाती। इधर बुआ के बच्चे जैसे ही घर के अंदर आए सबसे पहले सिम्मी को देखते ही बोले, ओर शर्मीली सिम्मी। कैसी हो, और फिर जोर-जोर से हंसने लगे।

बुआ ने बच्चों को तुरंत डांटा लेकिन बच्चे बार-बार उसे शर्मीली-शर्मीली कह कर चिढ़ाते रहे और सिम्मी के खिलौनों से भी खेलते रहे। लेकिन सिम्मी की बुआ जानती थी कि सिम्मी अपने शर्मीले नेचर की वजह से कुछ बोल नहीं पा रही है। बुआ सिम्मी के लिए खूब सारी चॉकोलेटस और गिफ्ट भी लाई थी। उन्होंने सिम्मी को अपने पास बुलाया और उससे कहा, सिम्मी ये लो..ये सब तुम्हारे लिए है। सिम्मी शरमाती हुई कहती है, थैंक यू बुआ। सिम्मी बुआ से समान ले ही रही थी कि तभी बुआ के दोनों बच्चे आते हैं और सिम्मी की चॉकोलेटस लेने लगते हैं। सिम्मी उन्हें मना नहीं कर पाती क्यों कि सिम्मी को आ रही थी शर्म। और फिर इस तरह सिम्मी की पूरी चॉकोलेट वो बच्चे उसी के सामने खा लेते हैं और ये सब देख कर सिम्मी बिना कुछ बोले वहाँ से अंदर ही अंदर गुस्से से भर कर चली जाती है फिर अपने कमरे में बैठ कर चुप-चाप रोने लगती है। उसको लगता है कि वो ऐसी क्यों हैं। वो क्यों किसी से खुल कर बात नहीं कर पाती। क्यों किसी को कुछ बोलने में उसे शर्म आती है। और ऐसा सोचते-सोचते वो अकेले में खूब रोने लगती है। तभी वहाँ पर सिम्मी कि बुआ आती हैं।

सिम्मी को रोते देख पहले वो उसे गले से लगाती हैं फिर सिम्मी से बोलती हैं, सिम्मी मुझे पता है बेटा कि तुम बहुत समझदार हो। पढ़ने में भी बहुत अच्छी हो। लेकिन सिम्मी तुम अपने शर्मीले स्वभाव की वजह से बस किसी से बात नहीं कर पाती। कुछ बोल नहीं पाती हो। इसके लिए पता है तुम्हें क्या करना चाहिए। अपने आँसू पोंछ कर तुरंत सिम्मी कहती है क्या बुआ। बुआ कहती हैं सबसे पहले अपने मन इस बात को हमेशा के लिए याद रख लो कि तुम किसी से भी कम नहीं हो। तुम में भी बहुत सारी खूबियाँ हैं। उसके बाद बीटा जो तुम्हारी सबसे अच्छी दोस्त है या तुम्हें जिससे भी बात करना अच्छा लगता है उससे बात करना शुरू करो। खूब बात करो। और मेरी प्यारी बच्ची दूसरों के साथ खेलना शुरू करो। तुम जितना दूसरों से बात करोगी उनकी बातें सुनोगी तो धीरे-धीरे तुम फिर शर्माना भी छोड़ दोगी। समझी मेरी प्यारी बेटी। सिम्मी मुसकुराते हुए बुआ से कहती है, हाँ बुआ अब मैं अच्छे से समझ गई।

**मोरल- हमें इतना भी नहीं शर्माना चाहिए जिससे हमें नुकसान उठाना पड़ जाए।**

# घमंडी बारहसिंगा

एक समय की बात है। एक घने जंगल में एक बारहसिंगा रहता था। वह बड़ा घमंडी था। एक बार वह तालाब में पानी पी रहा था और पानी पीते हुए उसने अपनी परछाई देखी। वो अपने सुन्दर सींगो को देखकर बहुत खुश हुआ, पर अपनी पतली टाँगो को देखकर बहुत दुखी हुआ और वो भगवान को कोसने लगा।

एक बार कुछ शिकारी कुत्ते जंगल में आ गए और वो बारहसिंगा के पीछे पड़ गए। ये देखकर वो घबराकर दूर भाग गया। उसकी पतली टाँगे ही उसकी भागने में सहायता कर रही थी। भागते-भागते अचानक उसके सींग टहनियों के बीच फँस गए।

उसने अपने सींगों को बाहर निकालने की बहुत कोशिश की, पर वह अपने सींगों को बाहर ना निकाल पाया। जिसके बाद उन शिकारी कुत्तों ने उसे घायल कर दिया और वो मरने की हालत में हो गया था। मरते समय वह सोचता रहा, इन सुंदर सींगों ने मुझे मरवाया है अन्यथा मेरी पतली टाँगे मुझे बचा सकती थी।

**कहानी की सीख-**

**कोई भी चीज अपने गुणों से सुंदर होती है।**

## न्यूज इन ब्रीफ

### महाकुंभ: मौनी अमावस्या पर श्रद्धालुओं के लिए 360 ट्रेनें चला रहा रेलवे

**नयी दिल्ली :** रेलवे मौनी अमावस्या पर महाकुंभ मेले में आने वाले लाखों श्रद्धालुओं के लिए 190 विशेष ट्रेनों सहित 360 ट्रेनें संचालित कर रहा है। रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष और मुख्य कार्यकारी अधिकारी सतीश कुमार ने मंगलवार को यह जानकारी दी। बुधवार को मौनी अमावस्या पर होने वाले 'अमृत स्नान' के चलते महाकुंभ में लगभग 10 करोड़ तीर्थयात्रियों के आने की उम्मीद है। कुमार ने यहां संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि रेलवे ने तीर्थयात्रियों की अभूतपूर्व आमद को देखते हुए व्यापक कदम उठाए हैं और महाकुंभ के सबसे शुभ दिन 'मौनी अमावस्या' के लिए ट्रेन सेवाओं में उल्लेखनीय वृद्धि करने का निर्णय लिया है। कुमार ने कहा, रेलवे इस अवसर के लिए 360 ट्रेनें चला रहा है, जिनमें 190 विशेष ट्रेनें शामिल हैं। श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को संभालने के लिए तीन जोन – उत्तर रेलवे, पूर्वोत्तर रेलवे और उत्तर मध्य रेलवे में विशेष ट्रेनें चलाई जा रही हैं। उन्होंने कहा, इस ऐतिहासिक कदम से यह सुनिश्चित होगा कि हर चार मिनट में एक ट्रेन चले और लाखों तीर्थयात्री सुगमता से और निर्बाध यात्रा कर सकें। कुमार ने बताया कि रेलवे ने महाकुंभ मेले के लिए प्रयागराज और उसके आसपास 5,000 करोड़ रुपये की लागत से बुनियादी ढांचे का विकास किया है, जिससे समय पर उन्नयन और क्षमता में वृद्धि सुनिश्चित हुई है।

### सीआईएसएफ को हरियाणा के नूंह में 100 एकड़ जमीन मिली

**नयी दिल्ली :** हरियाणा में सांप्रदायिक रूप से संवेदनशील नूंह जिले में केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) की दो बटालियन के लिए दो भूखंड स्वीकृत किए गए हैं जो 100 एकड़ से अधिक जमीन है। इन बटालियन में जल्द ही गठित होने वाली पहली महिला इकाई भी शामिल है। महिला बटालियन के लिए 50 एकड़ भूमि आवंटित की गई है, जबकि बल की पहली बटालियन के स्थानांतरण के लिए 69 एकड़ भूमि निर्धारित की गई है। पहली बटालियन फिलहाल मध्यप्रदेश के खरगोन जिले के बरवाहा में स्थित है। सीआईएसएफ के एक प्रवक्ता ने मंगलवार को एक बयान में कहा, ''हरियाणा सरकार ने नूंह में 50 एकड़ भूमि आवंटित की है। इस भूखंड पर सीआईएसएफ ने गहनतापूर्वक विचार किया था और उसे इसे महिला बटालियन की स्थापना के लिए उपयुक्त माना था।'' उन्होंने बताया कि गृहमंत्रालय ने 24 जनवरी को इस प्रस्ताव को मंजूरी दी। प्रवक्ता ने बताया कि दिल्ली से लगभग 80 किलोमीटर दूर नूंह में महिला बटालियन की स्थापना से सीआईएसएफ को 'हाई अलर्ट' की स्थितियों में बल की दिल्ली-एन-सीआर स्थित इकाइयों के लिए इन कर्मियों को 'शीघ्र' तैनात करने में मदद मिलेगी।

### असम: काजीरंगा के निकट गैंडे ने 56 वर्षीय व्यक्ति को मार डाला

**जोरहाट :** असम के काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान के पास मंगलवार को एक गैंडे ने 56 वर्षीय एक व्यक्ति को मार डाला। पुलिस ने यह जानकारी दी। मृतक की पहचान बिक्रम लोहार के रूप में हुई है। पुलिस ने बताया कि काजीरंगा के हल्तिखुली-हल्दीबाड़ी इलाके में राष्ट्रीय राजमार्ग 37 पर गैंडे ने लोहार पर हमला किया। एक पुलिस अधिकारी ने बताया, गैंडा राष्ट्रीय उद्यान से भटक कर बाहर आ गया था। गैंडे के हमले से गंभीर रूप से घायल व्यक्ति को बोकाखाट के अस्पताल ले जाया गया जहां उसकी मौत हो गई।

### कर्नाटक: तेल फैक्टरी में बॉयलर फटने से दो मजदूरों की मौत

**तुमकुरु :** कर्नाटक के तुमकुरु में अंतरासनहल्ली औद्योगिक क्षेत्र में 'राइस ब्रान' तेल की फैक्टरी के बॉयलर में मंगलवार को कथित तौर पर विस्फोट होने से दो मजदूरों की मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। उसने बताया कि मृतकों की पहचान बिहार के चंदन शर्मा (24) और संतोष (27) के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार, विस्फोट शाम करीब साढ़े पांच बजे हुआ। पुलिस ने बताया कि बॉयलर में विस्फोट होने से मजदूर ऊंचाई से नीचे गिर गए, जिससे उनकी मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक, भारतीय न्याय संहिता की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

# जनता के पैसे का इस्तेमाल आम आदमी या बड़े कॉरपोरेट के लिए: केजरीवाल का भाजपा पर हमला

**नयी दिल्ली :** आम आदमी पार्टी (आप) प्रमुख अरविंद केजरीवाल ने मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की कड़ी आलोचना करते हुए आगामी दिल्ली विधानसभा चुनाव को आम आदमी के कल्याण के लिए सार्वजनिक धन का उपयोग करने या बड़े कॉरपोरेट घरानों को बचाने के बीच एक विकल्प के रूप में पेश किया। उत्तर-पूर्वी दिल्ली के घोंडा निर्वाचन क्षेत्र में एक रैली को संबोधित करते हुए केजरीवाल ने केंद्र में सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर 400 प्रमुख निगमों के 10 लाख करोड़ रुपये के ऋण माफ करके करदाताओं के पैसे का दुरुपयोग करने का आरोप लगाया, साथ ही वादा किया कि आम आदमी



पार्टी (आप) जन-कल्याण योजनाओं में निवेश करना जारी रखेगी। उन्होंने कहा, यह चुनाव यह तय करने के लिए है कि हमारा सार्वजनिक धन कहां जाए – क्या इसका इस्तेमाल आम लोगों के लिए किया जाना चाहिए या उन बड़े कॉरपोरेट घरानों को दिया जाना चाहिए, जिन्हें ऋण माफी से लाभ मिला है।

### अरबपतियों के ऋण माफ किए जाने पर प्रतिबंध लगाने वाला कानून बनाए केंद्र

आम आदमी पार्टी (आप) के प्रमुख अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली विधानसभा चुनाव से पहले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पत्र लिखकर मांग की है कि अरबपतियों को दिए गए कर्ज को माफ करने पर रोक लगाने के लिए देशव्यापी कानून बनाया जाए। केजरीवाल ने मंगलवार को एक संवाददाता सम्मेलन में केंद्र सरकार की आलोचना की। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार हजारों करोड़ रुपये के कॉरपोरेट ऋण माफ करके अमीरों को तरजीह दे रही है। उन्होंने दावा किया कि इस तरह के चलन से आम नागरिकों पर अत्यधिक करों का बोझ पड़ता है जबकि अमीरों को फायदा होता है।

दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री ने कल्याणकारी योजनाओं को रेवड़ी बताने के लिए भाजपा की आलोचना की तथा जनता से यह समझने का आग्रह किया कि प्रत्येक नागरिक करों के माध्यम से सरकार के राजस्व में योगदान देता है, यहां तक कि माचिस जैसी बुनियादी वस्तुओं पर भी।

# दिल्ली : बुराड़ी में इमारत ढहने से दो लड़की समेत पांच की मौत, इमारत के मालिक पर मामला दर्ज

**नयी दिल्ली :** उत्तरी दिल्ली के बुराड़ी इलाके में चार मंजिला इमारत ढहने से दो लड़कियों समेत पांच लोगों की मौत हो गयी। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। उसने बताया कि इस इमारत के मालिक पर मामला दर्ज किया गया है। पुलिस उपायुक्त (उत्तर) राजा बांठिया ने बताया, ''इमारत के मालिक योगेंद्र भाटी और अन्य के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धाराओं 105 (गैर इरादतन हत्या), 110 (गैर इरादतन हत्या का प्रयास) और 3(5) (साझी मंशा) के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है।'' पुलिस के मुताबिक 'ऑस्कर पब्लिक स्कूल' के पास नवनिर्मित यह इमारत सोमवार शाम ढह गई थी। अब तक, 12 लोगों को बचाया गया है जबकि मलबे से पांच शव निकाले गये हैं। पुलिस के अनुसार दो मृतकों की पहचान साधना (17) और राधिका (7) के रुप में हुई है। अन्य तीन मृतक



अनिल गुप्ता (42) और मजदूर मोहम्मद सरफराज (22) और मोहम्मद कादिर (40) हैं। पुलिस ने बताया कि घायलों की पहचान लालता प्रसाद, उसकी पत्नी सविता और उनके छह बच्चों – अजय, छोटी, खुशी, प्रियंका, सोनिया और सिमरन के रूप में हुई है। पुलिस का कहना है कि उनके दो अन्य बच्चों– – साधना और राधिका की मौत हो गयी। अन्य घायलों की पहचान नहीं हो पायी है। दिल्ली पुलिस ने सोमवार की रात एक बयान में कहा कि उसे शाम लगभग सात बजे इमारत ढहने की सूचना मिली। यह इमारत 200 वर्ग गज में फैली थी और नई बनी थी। दिल्ली पुलिस और अग्निशमन सेवा को इस घटना की सूचना मिलने के शीघ्र बाद बचाव अभियान शुरू किया गया। बांठिया ने कहा, बचाव अभियान अब भी जारी है। पुलिस, दमकल विभाग, राष्ट्रीय आपदा मोचन बल के कर्मी घटनास्थल पर मौजूद हैं।

# मध्यप्रदेश: आय से अधिक संपत्ति मामले में फरार करोड़पति पूर्व कांस्टेबल गिरफ्तार

**भोपाल :** मध्यप्रदेश परिवहन विभाग के पूर्व कांस्टेबल सौरभ शर्मा को लोकायुक्त पुलिस ने मंगलवार को गिरफ्तार कर लिया। छापों में उसके पास करोड़ों रुपये की आय के ज्ञात स्रोतों से अधिक संपत्ति होने का पता चला था, जिसके बाद से वह फरार था। एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत दर्ज तीन आरोपियों में से शर्मा के करीबी साथी चेतन सिंह गौड़ को एक दिन पहले गिरफ्तार किया गया था, जबकि एक अन्य सहयोगी शरद जायसवाल को मंगलवार को हिरासत में लिया गया। विशेष पुलिस प्रतिष्ठान (एसपीई) के महानिदेशक जयदीप प्रसाद ने बताया कि शर्मा और गौड़ को अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश राम प्रताप मिश्रा की अदालत में पेश किया गया, जहां से उन्हें चार फरवरी तक पुलिस हिरासत में भेज दिया गया। शर्मा के वकील राकेश पाराशर ने रिमांड का विरोध किया और अनुरोध किया कि पूर्व कांस्टेबल की नियमित स्वास्थ्य जांच कराई जाए। शर्मा को भोपाल में गिरफ्तार किया गया। प्रसाद ने बताया कि भ्रष्टाचार के इस मामले से जुड़े अन्य व्यक्तियों से भी पूछताछ की जाएगी और शर्मा के फरार रहने के दौरान उसके ठिकानों की जांच जारी है। दिसंबर के मध्य में शर्मा के ठिकानों से लोकायुक्त पुलिस ने आठ करोड़ रुपये से अधिक की संपत्ति जब्त की थी। छापेमारी के दौरान 2.87 करोड़ रुपये नकद राशि मिली थी। तब से शर्मा फरार था।

# डुबकी मैंने लगाई और ठंड खरगे को लगी: शाह का कांग्रेस अध्यक्ष पर पलटवार

**नयी दिल्ली :** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे पर 'गंगा में डुबकी लगाने से गरीबी दूर नहीं होगी' वाली टिप्पणी के लिए निशाना साधा और उन पर सनातन धर्म का अपमान करने का आरोप लगाया। राजधानी दिल्ली के कालकाजी विधानसभा क्षेत्र में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) उम्मीदवार के लिए एक चुनावी जनसभा में संबोधन के दौरान शाह ने यह कहते हुए खरगे पर तंज भी कसा कि डुबकी उन्होंने लगाई पर ठंड कांग्रेस अध्यक्ष को लग गई। उन्होंने कहा, ''मैंने कल महाकुंभ में गंगा जी में डुबकी लगाई...डुबकी मैंने लगाई और ठंड खरगे जी को लग गई।'' शाह ने कहा कि खरगे ने पूरा जीवन गंगा में



डुबकी नहीं लगाई, लेकिन उनकी पार्टी ने गरीबों का क्या भला किया, यह पूरा देश जानता है। उन्होंने कहा, ''भाजपा इस देश की परंपरा और आस्था में विश्वास करती है, इसलिए भव्य करतारपुर साहिब कॉरिडोर भी बनता है और महाकुंभ का मेला भी लगता है। 2019 में प्रधानमंत्री मोदी ने गंगा में डुबकी लगाई और देश के करोड़ों गरीबों को गैस कनेक्शन, शौचालय, बिजली, मुफ्त अनाज, मुफ्त इलाज समेत सारी सुविधाएं दीं।'' उन्होंने कहा कि लेकिन कांग्रेस पार्टी हमेशा सनातन धर्म का अपमान करती है। उन्होंने कहा, ''खरगे साहब, आपको सनातन धर्म में श्रद्धा नहीं है तो कोई बात नहीं, लेकिन करोड़ों सनातनियों का मजाक मत उड़ाइए।'' मध्य प्रदेश के इंदौर के निकट महू में 'जय बापू, जय भीम, जय संविधान' रैली को संबोधित करते हुए खरगे ने कहा था कि भाजपा नेता तब तक डुबकी लगाते रहते हैं जब तक कि यह कैमरे पर अच्छा न लगे (अच्छी तरह से फिल्माया न जा सके)।

## न्यूज अपडेट

### कांग्रेस ने निर्वाचन आयोग से केजरीवाल के जहरीले पानी वाले बयान की जांच की मांग की

**नयी दिल्ली :** कांग्रेस ने राष्ट्रीय राजधानी में हरियाणा सरकार द्वारा जहरीला पानी भेजे जाने संबंधी आप प्रमुख अरविंद केजरीवाल के दावे को लेकर मंगलवार को निर्वाचन आयोग से आग्रह किया कि इसकी सत्यता की जांच की जाए। पार्टी के एक प्रतिनिधिमंडल ने निर्वाचन आयोग का रुख किया और एक प्रतिवेदन सौंपा। कांग्रेस ने इस बात का उल्लेख किया कि पूर्व मुख्यमंत्री केजरीवाल ने नरसंहार की आशंका वाली टिप्पणी की थी। कांग्रेस के प्रतिवेदन में कहा गया है कि अगर केजरीवाल द्वारा लगाए गए आरोप झूठे पाए जाते हैं, तो चुनाव प्रचार के दौरान अफवाह फैलाने के लिए उनके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की जानी चाहिए, क्योंकि यह आदर्श आचार संहिता का स्पष्ट उल्लंघन होगा। इस बीच, कांग्रेस नेता संदीप दीक्षित ने दिल्ली के उपराज्यपाल वी. के. सक्सेना के सामने यह मुद्दा उठाया और इस मुद्दे पर केजरीवाल और मुख्यमंत्री आतिशी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। केजरीवाल ने सोमवार को आरोप लगाया था कि हरियाणा की भाजपा सरकार यमुना के पानी में जहर मिलाकर दिल्ली भेज रही है। उपराज्यपाल को लिखे अपने पत्र में दीक्षित ने कहा, ''मैं आपको केजरीवाल के खिलाफ सख्त और तत्काल कार्रवाई के लिए लिख रहा हूं, जिन्होंने कल चौंकाने वाला और गैर-जिम्मेदाराना बयान दिया था।

### श्रीलंकाई नौसेना की गोलीबारी में दो भारतीय मछुआरे गंभीर रूप से घायल

**नयी दिल्ली :** मंगलवार सुबह डेल्फ़्ट द्वीप के निकट श्रीलंकाई नौसेना द्वारा की गई गोलीबारी में दो भारतीय मछुआरे गंभीर रूप से घायल हो गए, जिस पर भारत ने कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की। भारत में द्वीपीय राष्ट्र के कार्यवाहक उच्चायुक्त को विदेश मंत्रालय में तलब किया गया और कड़ा विरोध दर्ज कराया गया। विदेश मंत्रालय के अनुसार गोलीबारी में तीन अन्य भारतीय मछुआरे भी मामूली रूप से घायल हो गए। मंत्रालय ने कहा, आज सुबह डेल्फ़्ट द्वीप के निकट 13 भारतीय मछुआरों को पकड़ने के दौरान श्रीलंकाई नौसेना द्वारा गोलीबारी की घटना की सूचना मिली। इसमें कहा गया है, मछली पकड़ने वाली नाव पर सवार 13 मछुआरों में से दो को गंभीर चोटें आई हैं और उनका फिलहाल जाफना टीचिंग अस्पताल में इलाज चल रहा है। इसमें कहा गया है कि तीन अन्य मछुआरों को मामूली चोटें आईं हैं और उनका उपचार किया गया है। जाफना स्थित भारतीय वाणिज्य दूतावास के अधिकारियों ने घायल मछुआरों से अस्पताल में मुलाकात की और उनका हालचाल जाना तथा मछुआरों और उनके परिवारों को हरसंभव सहायता प्रदान की जा रही है। विदेश मंत्रालय ने कहा, नयी दिल्ली स्थित श्रीलंका के कार्यवाहक उच्चायुक्त को आज सुबह विदेश मंत्रालय में बुलाया गया और घटना पर कड़ा विरोध दर्ज कराया गया। कोलंबो स्थित भारतीय उच्चायोग ने भी यह मामला श्रीलंकाई विदेश मंत्रालय के समक्ष उठाया है। विदेश मंत्रालय ने कहा, किसी भी परिस्थिति में बल प्रयोग स्वीकार्य नहीं है। इस संबंध में दोनों सरकारों के बीच मौजूदा सहमति का सख्ती से पालन किया जाना चाहिए।

### सनातन का अपमान करना कांग्रेस की विरासत का है हिस्सा: जयराम ठाकुर

**शिमला :** हिमाचल प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता जयराम ठाकुर ने प्रयागराज में संगम में पार्टी नेताओं के डुबकी लगाने पर टिप्पणी करने को लेकर मंगलवार को कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे की आलोचना की। ठाकुर ने कहा कि सनातन धर्म का अनादर करना कांग्रेस की विरासत और स्वभाव का हिस्सा रहा है। खरगे ने सोमवार को कटाक्ष किया था कि भाजपा नेता कैमरों के सामने संगम में डुबकी लगाने के लिए एक-दूसरे से होड़ कर रहे हैं । उन्होंने सवाल किया था कि क्या उनके इस कृत्य से देश में गरीबी उन्मूलन में मदद मिलेगी। हिमाचल प्रदेश विधानसभा में विपक्ष के नेता ठाकुर ने एक बयान में कहा, '' जमीनी स्तर के नेताओं से लेकर राष्ट्रीय अध्यक्ष तक कांग्रेस सनातन धर्म का अपमान करने का कोई मौका नहीं चूकती है। सनातन धर्म का विरोध करने की बात आती है तो कांग्रेस के नेता बुनियादी तथ्यों और तर्कों को भी लगातार नकारते हैं।'' कांग्रेस पर कटाक्ष करते हुए पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि देश की जनता द्वारा नकारे जाने से कांग्रेस की हताशा स्पष्ट है। उन्होंने कहा कि अब कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष एक बार फिर सनातन का अपमान करने की राह पर चल पड़े हैं।

# टुकड़े-टुकड़े कर शरीर के अंगों को उबाला, शौचालय में बहाया; महिला की हत्या के मामले में खुलासा

**हैदराबाद :** पुलिस ने एक महिला की बर्बर हत्या के मामले में मंगलवार को चौंकाने वाले खुलासे किए। इसने बताया कि आरोपी पूर्व सैनिक ने अपनी पत्नी की हत्या करने के बाद उसके शरीर के टुकड़े-टुकड़े कर दिए और उसकी हड्डियों को कुचलकर पाउडर बना दिया तथा अवशेषों को शौचालय में बहा दिया। आरोपी की गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने कहा कि पूर्व सैनिक और वर्तमान में सुरक्षा गार्ड के रूप में काम करने वाले व्यक्ति ने हत्या से लेकर शव को ठिकाने लगाने तक के पूरे कांड को एक दिन में आठ घंटे के भीतर अंजाम दिया। अपराध का रोंगटे खड़े कर देने वाला विवरण देते हुए पुलिस ने इस कृत्य को ''दुर्लभ से भी



दुर्लभतम'' और ''बर्बर प्रकृति'' वाला बताया। रचाकोंडा के पुलिस आयुक्त सुधीर बाबू ने कहा कि पी गुरुमूर्ति (39) को यह ''इकबालिया बयान'' देने के बाद गिरफ्तार कर लिया गया कि उसने अपनी पत्नी की हत्या की और फिर उसके शव को छोटे-छोटे हिस्सों में काटा, उन्हें उबाला और बाद में हड्डियों को कुचलकर पाउडर बनाने से पहले उन्हें जला दिया। बाबू ने संवाददाताओं को बताया कि आरोपी ने अपनी पत्नी माधवी (35) की हत्या करने के इरादे से अपने दोनों बच्चों को एक रिश्तेदार के घर छोड़ दिया। उन्होंने कहा कि आरोपी की 16 जनवरी को अपनी पत्नी साथ बहस हुई और उसने महिला का सिर दीवार पर दे मारा, जिससे वह नीचे गिर गई। बाद में, आरोपी ने असहाय पत्नी की गला दबाकर हत्या कर दी। पुलिस अधिकारी के अनुसार, हत्या की घटना को छिपाने के लिए उसने अपनी पत्नी के शव को छोटे-छोटे टुकड़ों में काट दिया और इन्हें एक बाल्टी में रख दिया।

# सैफ पर हमला मामले में मुंबई पुलिस ने कहा : गिरफ्तार बांग्लादेशी व्यक्ति के खिलाफ पुख्ता सबूत



**मुंबई :** बॉलीवुड अभिनेता सैफ अली खान पर हमले की जांच कर रही मुंबई पुलिस ने मंगलवार को कहा कि उसके पास मामले में गिरफ्तार बांग्लादेशी नागरिक के खिलाफ पर्याप्त और पुख्ता सबूत हैं। सैफ (54) पर 16 जनवरी को तड़के मुंबई के बांद्रा स्थित उनके फ्लैट में एक हमलावर ने चाकू से छह बार वार किए थे। पुलिस ने इस मामले के सिलसिले में 19 जनवरी को बांग्लादेशी नागरिक शरीफुल इस्लाम शहजाद मोहम्मद रोहिल्ला अमीन फकीर उर्फ विजय दास को पड़ोसी ठाणे जिले से गिरफ्तार किया था। अतिरिक्त पुलिस आयुक्त (पश्चिम क्षेत्र) परमजीत दहिया ने संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए जांच में प्रगति के बारे में बताया और कहा कि अपराध शाखा और डीसीपी जोन 9 की टीम ने ''शानदार तरीके से सबूत-आधारित पहचान'' की। उन्होंने कहा, ''मुंबई पुलिस के पास आरोपी व्यक्ति के खिलाफ दस्तावेजी, भौतिक और तकनीकी सहित पर्याप्त और पुख्ता सबूत हैं। जहां तक आरोपपत्र दाखिल करने से पहले साक्ष्य संग्रह के तहत आरोपी की पहचान सुनिश्चित करने का सवाल है, तो पुलिस के पास चेहरे का मिलान करने वाली तकनीक (फेस रिकग्निशन) के इस्तेमाल का भी विकल्प है और हम इसका इस्तेमाल करेंगे।''

# वक्फ समिति ने हमारे संशोधनों को स्वीकार किया: जद (यू)

**नयी दिल्ली :** जनता दल (यूनाईटेड) ने मंगलवार को कहा कि वक्फ (संशोधन) विधेयक पर चर्चा कर रही संसद की संयुक्त समिति (जेपीसी) ने उसके द्वारा सुझाए गए संशोधनों को स्वीकार कर लिया है। साथ ही पार्टी ने विपक्षी दलों पर इस मुद्दे पर राजनीति करने का आरोप भी लगाया। भाजपा के सहयोगी दलों तेलुगू देशम पार्टी, जद (यू) और लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) ने सोमवार को समिति की बैठक में कुछ संशोधनों के साथ विधेयक का समर्थन किया था। पिछले साल मानसून सत्र के दौरान संसद में जब यह विधेयक पेश किया गया था तो इन तीनों दलों ने खुले मन से इसका समर्थन करने से परहेज किया था और मुस्लिम समुदाय की चिंताओं को दूर करने के लिए व्यापक विचार-विमर्श की वकालत की थी। जद (यू) के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजीव रंजन प्रसाद ने कहा, ''विपक्ष को हर सवाल पर सियासत करने की आदत बन गई है। जद (यू) की ओर से जेपीसी में जो भी सुझाव रखे गए थे, उन सबको स्वीकार कर लिया गया है। जो संशोधन आएंगे, उनमें हमारे सुझाव शामिल दिखेंगे।'' उन्होंने कहा कि जद (यू) को जेपीसी की कार्यप्रणाली को लेकर कोई शिकायत नहीं है।

# मप्र में भीड़ भरी ट्रेनों में चढ़ न पाने पर कुंभ जाने वाले यात्रियों ने किया पथराव

**छतरपुर (मध्य प्रदेश) :** मध्य प्रदेश के छतरपुर जिले से महाकुंभ में शामिल होने जा रहे लोगों ने प्रयागराज जाने वाली ट्रेनों पर दो स्टेशनों पर पथराव किया। यह पथराव उस समय किया गया जब खचाखच भरे डिब्बों में यात्रियों ने उनके लिए ट्रेन के दरवाजे नहीं खोले। सोमवार रात छतरपुर और हरपालपुर रेलवे स्टेशनों पर हंगामे के बाद, अधिकारियों ने कहा कि इस तरह की घटनाओं को रोकने के लिए कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की जाएगी। उन्होंने कहा कि बढ़ती मांग को देखते हुए उत्तर प्रदेश में प्रयागराज के लिए विशेष ट्रेनें चलाई जा रही हैं। इस घटना से जुड़े कुछ वीडियो सोशल मीडिया पर भी सामने आए हैं, जिसमें छतरपुर और हरपालपुर रेलवे स्टेशनों पर कुछ लोग चिल्लाते हुए सुने जा रहे हैं। वीडियो में कुछ लोगों को ट्रेन की बोगियों पर पत्थर फेंकते, उसके दरवाजों पर मारते हुए और उन्हें जबरदस्ती खोलने की कोशिश करते हुए भी देखा जा सकता है। छतरपुर के एक यात्री आर के सिंह ने संवाददाताओं को बताया कि वह प्रयागराज में जारी महाकुंभ के दौरान संगम में डुबकी लगाने जा रहे थे। उन्होंने दावा किया कि लेकिन वह प्रयागराज जाने वाली ट्रेन में नहीं चढ़ सके क्योंकि दरवाजे और खिड़कियां बंद थीं। उन्होंने कहा कि लोगों द्वारा हंगामा किए जाने के बाद, सरकारी रेलवे पुलिस (जीआरपी) के जवानों ने छतरपुर में एक ट्रेन के दरवाजे खोल दिए लेकिन ट्रेन में पहले से ही भीड़ होने के कारण कई लोग उसमें सवार नहीं हो सके। झांसी रेल मंडल के जनसंपर्क अधिकारी मनोज कुमार सिंह ने बताया कि छतरपुर और हरपालपुर रेलवे स्टेशनों पर ट्रेनों में चढ़ने को लेकर हुए विवाद का मामला उनके संज्ञान में आया है। उन्होंने कहा कि रेलवे, स्थानीय प्रशासन के साथ समन्वय कर सुरक्षा के कड़े इंतजाम करेगा ताकि ऐसी घटनाएं फिर न हों।

# जंगली जानवरों के हमलों से निपटने के लिए केंद्र और राज्य सरकार की धनराशि अपर्याप्त: प्रियंका

**वायनाड (केरल) :** केरल के वायनाड से कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा ने मंगलवार को कहा कि जंगली जानवरों के हमलों से मानव जीवन की रक्षा करना केंद्र और राज्य सरकारों की जिम्मेदारी है। उन्होंने आरोप लगाया कि वायनाड जिले में बचाव कार्य के लिए केंद्र और राज्य सरकारों की ओर से दी गई धनराशि अपर्याप्त है। पिछले सप्ताह बाघ के हमले में मारी गई एक महिला के परिवार से मिलने अपने निर्वाचन क्षेत्र पहुंचीं प्रियंका ने कहा कि वह केंद्र और राज्य दोनों सरकारों के समक्ष जंगली जानवरों के हमलों से निपटने के लिए अपर्याप्त धनराशि का मुद्दा उठाएंगी। कांग्रेस महासचिव ने कलेक्ट्रेट में वायनाड जिला प्रशासन



के अधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने कहा कि मानव-पशु संघर्ष के कई कारण हैं और इसमें कई कारक शामिल होने के कारण यह ऐसी समस्या नहीं है जिसे आसानी से सुलझाया जा सके। प्रियंका ने कहा कि यह कोई आसान नहीं, बल्कि जटिल समस्या है। विधानसभा में विपक्ष के नेता वी डी सतीशन की अगुवाई में आयोजित ''मलयोरा समारा यात्रा'' के तहत कलपेट्टा में आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रियंका ने कहा, ''लेकिन यह समस्या चाहे जितनी भी जटिल क्यों न हो, मानव जीवन की रक्षा की जिम्मेदारी केंद्र और राज्य सरकारों की है।'' प्रियंका ने कहा कि वायनाड जिला प्रशासन के अधिकारी जंगली जानवरों के हमलों से मानव जीवन की रक्षा के लिए बड़े प्रयास कर रहे हैं, लेकिन उन्हें चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है क्योंकि केंद्र और राज्य सरकारें इस मुद्दे को पर्याप्त प्राथमिकता नहीं दे रही हैं। उन्होंने कहा कि वन अधिकारियों और जिला प्रशासन को इस समस्या से निपटने के लिए और अधिक धन की आवश्यकता है।

### श्रीहरिकोटा से इसरो के 100वें मिशन की उल्टी गिनती शुरू

**श्रीहरिकोटा, (आंध्र प्रदेश) :** श्रीहरिकोटा के अंतरिक्ष केंद्र से भारतीय अंतरिक्ष एवं अनुसंधान संगठन (इसरो) के ऐतिहासिक 100वें मिशन यानी जीएसएलवी रॉकेट के जरिए नेविगेशन उपग्रह के प्रक्षेपण के लिए 27 घंटे की उल्टी गिनती मंगलवार को शुरू हो गई। अंतरिक्ष एजेंसी से जुड़े सूत्रों ने यह जानकारी दी। यह इसरो के अध्यक्ष वी नारायणन के नेतृत्व में पहला मिशन होगा। उन्होंने 13 जनवरी को पदभार संभाला था। सूत्रों ने बताया कि स्वदेशी क्रायोजेनिक चरण के साथ भू-समकालीन उपग्रह प्रक्षेपण यान (जीएसएलवी) अपनी 17वीं उड़ान में नेविगेशन उपग्रह एनवीएस-02 को लेकर यहां दूसरे लॉन्च पैड से 29 जनवरी को सुबह छह बजकर 23 मिनट पर प्रक्षेपित होगा।

# दिल्ली मेरे घर जैसी, केजरीवाल को उनके 'झूठ' के लिए माफ नहीं किया जा सकता: हरियाणा के मुख्यमंत्री

**नयी दिल्ली :** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने आम आदमी पार्टी (आप) के प्रमुख अरविंद केजरीवाल पर मंगलवार को तीखा हमला बोला और कहा कि दिल्ली उनके (सैनी) घर जैसी है और वह यहां के लोगों को कभी जहर मिला पानी नहीं दे सकते। सैनी ने दिल्ली के नरेला में एक रैली को संबोधित करते हुए कहा कि केजरीवाल ने इतना बड़ा 'झूठ' बोला है जिसके लिए उन्हें माफ नहीं किया जा सकता। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नेता ने जोर देकर कहा कि पांच फरवरी को होने वाले दिल्ली विधानसभा चुनाव में आप सत्ता से बाहर होने जा रही है। दरअसल केजरीवाल ने सोमवार को आरोप लगाया था कि भाजपा शासित हरियाणा दिल्ली को ''जहर मिले हुए'' पानी की आपूर्ति कर रहा है और उसका इरादा लोगों को मारने का है और चुनाव के दौरान वह इसका आरोप आप पर लगाएगा। सैनी ने कहा कि वह हरियाणा की भूमि से आते हैं जहां भगवान कृष्ण




ने मानवता के कल्याण के लिए उपदेश दिए थे। उन्होंने आप के राष्ट्रीय संयोजक पर हरियाणा को कलंकित करने का आरोप लगाते हुए कहा, ''मैं केजरीवाल को बताना चाहता हूं कि यह हमारी पवित्र यमुना है, जिसमें कालिया नाग (एक पौराणिक सर्प) जहर फैलाता था लेकिन भगवान कृष्ण ने उसका वध कर दिया था।'' सैनी ने दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री पर कटाक्ष करते हुए कहा कि वह पिछले 10 वर्षों से राष्ट्रीय राजधानी में ''झूठ की दुकान'' चला रहे हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### बैंकॉक में सुपर फाइटर सीरीज में चुनौती पेश करेंगे तीन भारतीय पेशेवर मुक्केबाज

**बेंगलुरू :** तमिलनाडु के पेशेवर मुक्केबाज साबरी जयशंकर सात फरवरी को बैंकॉक में होने वाली अंतरराष्ट्रीय पेशेवर मुक्केबाजी स्पर्धा सुपर फाइटर सीरीज में हिस्सा लेंगे जहां मिजोरम से दो अन्य भारतीय मुक्केबाज लालडिनसांगा और वनलालवम्पुइया भी चुनौती पेश करेंगे। 'क्राउन बॉक्सिंग प्रमोशन्स' और 'ग्रासरूट बॉक्सिंग प्रमोशन्स' द्वारा आयोजित इन मुकाबलों में तीन भारतीयों के अलावा अमेरिका, फ्रांस, बेलारूस, यूक्रेन और थाईलैंड के अंतरराष्ट्रीय मुक्केबाज भी हिस्सा लेंगे। भारतीय दावेदार जयशंकर थाईलैंड के अनुभवी पेशेवर रत्ताकोर्न टेसावॉर्न के साथ मुकाबला करेंगे। तमिलनाडु का यह मुक्केबाज मौजूदा डब्ल्यूबीसी मिडिल ईस्ट और डब्ल्यूबीसी ऑस्ट्रेलेशिया चैंपियन हैं। डब्ल्यूबीसी युवा विश्व चैंपियन और पेशेवर मुक्केबाजी में उभरते सितारे लालडिनसांगा का सामना थाईलैंड के सरावुत जियामथोंग से होगा। वनलालवम्पुइया की भिड़ंत थाईलैंड के सुपाचट सुकोंथामनी से होगी। इस मुकाबले के काफी रोमांचक होने की उम्मीद है क्योंकि दोनों ही मुक्केबाज अपनी आक्रामक शैली के लिए जाने जाते हैं।

### भारतीय अंडर-20 महिला टीम तुर्किये में तीन मैत्री मैच खेलेगी

**नयी दिल्ली :** भारत की अंडर-20 महिला फुटबॉल टीम अगले महीने तुर्किये के अंताल्या में फीफा अंतरराष्ट्रीय मैच विंडो के दौरान जॉर्डन, हांगकांग और रूस के खिलाफ मैत्री मैच खेलेगी। मुख्य कोच जोकिम अलेक्जेंडरसन के नेतृत्व में यह टीम वर्तमान में बेंगलुरु में अभ्यास कर रही है। टीम 19 फरवरी को जॉर्डन से भिड़ेगी, उसके बाद 22 फरवरी को हांगकांग से और 25 फरवरी को अंतिम मैत्री मैच में रूस का सामना करेगी। भारत की अंडर-20 महिला टीम को इस साल जुलाई में होने वाली सैफ अंडर-20 महिला चैंपियनशिप और अगस्त 2025 में होने वाले एएफसी अंडर-20 महिला एशियाई कप क्वालीफायर (2026) जैसे अहम टूर्नामेंटों में खेलना है।


# बल्लेबाज फिर हुए फ्लॉप, भारत को हराकर इंग्लैंड ने श्रृंखला में वापसी की

**राजकोट : अपने** बल्लेबाजों के खराब प्रदर्शन के कारण भारत को मंगलवार को तीसरे टी20 मैच में इंग्लैंड के हाथों 26 रन से पराजय का सामना करना पड़ा हालांकि पांच मैचों की श्रृंखला में मेजबान टीम अभी भी 2-1 से आगे है। जीत के लिये 172 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए भारतीय टीम नौ विकेट पर 145 रन ही बना सकी। हार्दिक पंड्या ने सर्वाधिक 40 रन बनाये लेकिन इसके लिये उन्होंने 35 गेंद खेल डाली। इंग्लैंड के लिये पावरप्ले में जोफ्रा आर्चर और मार्क वुड प्रभावी रहे तो बीच के ओवरों में लेग स्पिनर आदिल रशीद ने दबाव बनाया। पहले दो मैच में आर्चर के सामने सहज होकर नहीं खेल सके संजू सैमसन छह गेंद में तीन रन बनाकर फिर इसी गेंदबाज का शिकार हुए। सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा ने 14 गेंद में 25 रन बनाये लेकिन ब्रायडन कार्स ने उन्हें पवेलियन भेजा। कप्तान सूर्यकुमार यादव ने सात गेंद में 14 रन बनाये और वह वुड की गेंद पर गलत शॉट खेलकर एक बार फिर सस्ते में विकेट गंवा बैठे। फॉर्म में चल रहे तिलक वर्मा उस लय को कायम नहीं रख सके और रशीद की गेंद सीधे उनके स्टम्प पर लगी। इससे पहले मोहम्मद शमी ने 14 महीने बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में शानदार वापसी की लेकिन वरूण चक्रवर्ती ने फिरकी का जादू बिखेरते हुए पांच विकेट लिये जिसकी मदद से भारत ने इंग्लैंड को नौ विकेट पर 171 रन पर रोक दिया। बेन डकेट (28 गेंद में 51 रन) के आक्रामक अर्धशतक के बाद इंग्लैंड की टीम ने लय खो दी और सपाट विकेट पर चक्रवर्ती ने उसे एक के बाद एक झटके दिये। एक समय इंग्लैंड का स्कोर एक विकेट पर 83 रन था जो आठ विकेट पर 127 रन हो गया। लियाम लिविंगस्टोन ने 24 गेंद में 43 रन बनाकर टीम को 150 रन के पार पहुंचाया। चक्रवर्ती ने टी20 क्रिकेट में दूसरी बार पारी के पांच विकेट लिये जब उन्होंने जोफ्रा आर्चर को गुगली पर बोल्ड किया। रवि बिश्नोई ने चार ओवर में 46 रन देकर एक विकेट लिये जबकि चक्रवर्ती ने चार ओवर में 24 रन देकर पांच विकेट चटकाये। अक्षर पटेल ने तीन ओवर में 19 रन देकर एक विकेट लिया। पहले बल्लेबाजी के लिये भेजे जाने पर इंग्लैंड ने अच्छी शुरूआत की। इस श्रृंखला में भारतीय स्पिनरों को खेल पाने में नाकाम रहे इंग्लैंड के लिये डकेट ने कुछ शानदार स्ट्रोक्स लगाये और टी20 क्रिकेट में दूसरा अर्धशतक पूरा किया। उन्होंने कप्तान जोस बटलर (22 गेंद में 24 रन) के साथ 76 रन की साझेदारी की। उन्होंने शमी को दूसरे ओवर में विकेटकीपर के सिर के ऊपर से स्कूप शॉट खेलकर चौका जड़ा। इससे पहले शमी ने नवंबर 2023 में वनडे विश्व कप फाइनल के बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी की। अंतिम एकादश में एकमात्र विशेषज्ञ तेज गेंदबाज के रूप में अर्शदीप सिंह की जगह लेने वाले शमी ने पहला ओवर डाला। उन्होंने पहले स्पैल में दो ओवर में 15 रन दिये और 19वें ओवर में वापसी करके 11 रन दिये। उन्होंने 140 किमी की रफ्तार से गेंद डालकर अपनी फिटनेस को लेकर चिंताओं को दूर किया।



## प्रधानमंत्री मोदी की मौजूदगी में रंगारंग समारोह के बीच 38वें राष्ट्रीय खेलों की शुरूआत

**देहरादून :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को यहां उत्तराखंड की धार्मिक विरासत और जैव विविधता का झलक पेश करते रंगारंग उद्घाटन समारोह में 38वें राष्ट्रीय खेलों के शुरू होने की घोषणा की और 2036 ओलंपिक को भारत में लाने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। राष्ट्रीय खेलों में 32 खेलों में लगभग 10 हजार खिलाड़ी 450 स्वर्ण, रजत और कांस्य पदक जीतने के लिए चुनौती पेश करेंगे। स्पर्धायें प्रदेश के सात शहरों में आयोजित की जायेगी जिसमें देहरादून मुख्य आयोजन स्थल होगा। अल्मोड़ा के रहने वाले भारतीय बैडमिंटन स्टार लक्ष्य सेन ने प्रधानमंत्री को राष्ट्रीय खेलों की तेजस्विनी मशाल सौंपी। टीमों के मार्च के बाद मोदी ने खेलों की शुरुआत की घोषणा की। प्रधानमंत्री ने इस मौके पर कहा, 'जब कोई देश खेल में आगे बढ़ता है तो देश की साख भी बढ़ती है और प्रोफाइल भी बढ़ता है। यहां कई रिकॉर्ड टूटेंगे, नये रिकॉर्ड बनेंगे लेकिन यह राष्ट्रीय खेल सिर्फ खेल स्पर्धा नहीं बल्कि 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' का मजबूत मंच भी है।' प्रधानमंत्री ने इस अवसर का उपयोग कुछ स्वास्थ्य सुझाव देने के लिए भी किया। उन्होंने युवाओं से अपने भोजन में तेल (वसा) कम करके और अपनी दैनिक दिनचर्या में अधिक सैर और व्यायाम को शामिल करके मोटापे के बढ़ते खतरे से लड़ने का आग्रह किया। समारोह की शुरुआत 'तांडव' के प्रदर्शन से हुई, जो भगवान शिव की स्तुति में होने वाला शास्त्रीय नृत्य शैली है। समारोह के आखिरी चरण में शंख बजाने के साथ खेलों की शुरुआत की घोषणा की गई। समारोह के दौरान स्थानीय स्टार और लोकप्रिय बॉलीवुड गायक जुबिन नौटियाल ने अपनी आवाज के जादू से समां बांध दिया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के साथ स्टेडियम पहुंचे थे। ठंड के मौसम के बावजूद करीब 25000 दर्शक रंगारंग समारोह को देखने के लिए राजीव गांधी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में मौजूद थे। प्रधानमंत्री ने 2022 (गुजरात) और 2023 (गोवा) में खेलों के पिछले दो सत्र का भी उद्घाटन किया था।



## कोहली ने दिल्ली की कप्तानी से किया इनकार, बीसीसीआई मैच की लाइव स्ट्रीमिंग की कर रहा है तैयारी

**नयी दिल्ली :** भारत के पूर्व कप्तान विराट कोहली ने लंबे समय के बाद रणजी ट्रॉफी के अपने वापसी मैच में दिल्ली का नेतृत्व करने के प्रस्ताव को विनम्रतापूर्वक अस्वीकार कर दिया है क्योंकि वह चाहते हैं कि मौजूदा सत्र के आखिरी मैच में नियमित कप्तान आयुष बडोनी टीम का नेतृत्व करना जारी रखें। भारतीय विकेटकीपर ऋषभ पंत ने भी पिछले मैच में सौराष्ट्र के खिलाफ इस टीम का नेतृत्व करने के मना कर दिया था। दिल्ली एवं जिला क्रिकेट संघ (डीडीसीए) के एक अधिकारी ने नाम न छापने की शर्त पर 'पीटीआई' को बताया, 'विराट से पूछा गया था कि क्या वह कप्तानी करना चाहेंगे? उन्होंने कहा कि वह चाहेंगे कि आयुष टीम का नेतृत्व जारी रखें।' इस बीच कोहली की मौजूदगी से प्रशंसकों की भारी दिलचस्पी को देखते हुए बीसीसीआई और घरेलू प्रसारणकर्ता 'जियोसिनेमा' ने मैच को लाइव-स्ट्रीम करने का फैसला किया है। बीसीसीआई आम तौर पर सभी बड़े केंद्रों पर एक मैच का टीवी के लिए सीधा प्रसारण के साथ स्ट्रीमिंग करता है और इस दौर में कर्नाटक और हरियाणा के बीच चिन्नास्वामी स्टेडियम पर होने वाले मैच का टीवी के लिए सीधा प्रसारण पहले से तय है। इस मैच में भारतीय बल्लेबाज लोकेश राहुल कर्नाटक के लिए मैदान पर उतरेंगे। दो और मैचों की स्ट्रीमिंग होगी जिसमें ईडन गार्डंस पर बंगाल और पंजाब के बीच होने वाला मैच शामिल है।



## न्यूज अपडेट

### जसप्रीत बुमराह आईसीसी वर्ष के सर्वश्रेष्ठ क्रिकेटर चुने गए



**दुबई :** भारतीय तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को वर्ष के सर्वश्रेष्ठ पुरुष क्रिकेटर के सर गारफील्ड सोबर्स पुरस्कार के लिये चुना गया जिन्होंने वर्ष 2024 में रिकॉर्डतोड़ प्रदर्शन करते हुए हर प्रारूप में कौशल, निरंतरता और सटीक प्रदर्शन में उत्कृष्टता की मिसाल कायम की। 31 वर्ष के बुमराह को सोमवार को आईसीसी का वर्ष का सर्वश्रेष्ठ टेस्ट क्रिकेटर चुना गया और उन्हें वर्ष की टेस्ट टीम में भी जगह मिली। आईसीसी ने कहा, 'जसप्रीत बुमराह को आईसीसी पुरस्कारों में वर्ष के सर्वश्रेष्ठ पुरुष क्रिकेटर के सर गारफील्ड सोबर्स पुरस्कार के लिये चुना गया। वर्ष 2024 में उन्होंने टेस्ट और सीमित ओवरों के प्रारूप में विरोधी टीमों पर दबाव बनाये रखा।' बुमराह से पहले भारत से राहुल द्रविड़ (2004), सचिन तेंदुलकर (2010), रविचंद्रन अश्विन (2016) और विराट कोहली (2017 और 2018) को यह पुरस्कार मिल चुका है। आईसीसी ने कहा, 'बुमराह के कौशल की झलक आईसीसी टेस्ट गेंदबाजों की रैंकिंग में मिलती है जिसमें उन्होंने 900 अंक का आंकड़ा पार किया और साल के आखिर में उनके नाम 907 अंक रहे जो रैंकिंग के इतिहास में किसी भी भारतीय गेंदबाज के लिये सर्वोच्च हैं।' इसमें कहा गया, 'हर प्रारूप में बुमराह ने 2024 में प्रदर्शन में कौशल, सटीकता और निरंतरता की मिसाल कायम की। उन्होंने कई रिकॉर्ड तोड़े और दुनिया के सर्वश्रेष्ठ तेज गेंदबाज के तौर पर अपनी स्थिति मजबूत की।'

### अनूठी पहल: राष्ट्रीय खेलों की ब्रांडिंग में नहीं हुआ प्लास्टिक का इस्तेमाल

**देहरादून :** राष्ट्रीय खेलों के 38वें सत्र के आयोजन की ब्रांडिंग में किसी भी तरह के प्लास्टिक का उपयोग नहीं करके 'हरित खेल' थीम की ओर महत्वपूर्ण कदम बढ़ाया गया है। प्लास्टिक के बजाय छह लाख वर्ग फीट के व्यापक क्षेत्र पर लगाए गए 'होर्डिंग' और 'बिलबोर्ड' के लिए पुन: चक्रित होने वाले 'सन फैब्रिक' का उपयोग किया गया है जिससे कि यह सुनिश्चित किया जा सके कि प्रतियोगिता के आयोजन के बाद उनका पुन: उपयोग और पुनर्चक्रण किया जा सके। पर्यावरण के अनुकूल यह दृष्टिकोण संयुक्त राष्ट्र के सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) के अनुरूप है जो जिम्मेदारी के साथ उपभोग, जलवायु को लेकर कदम उठाने और प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण पर ध्यान केंद्रित करता है। यह पहल प्लास्टिक कचरे को कम करने, पर्यावरण के अनुकूल प्रथाओं को बढ़ावा देने और यह दिखाने की दिशा में एक कदम है कि बड़े स्तर पर होनी वाली प्रतियोगिताएं पर्यावरण की भलाई में कैसे योगदान दे सकती हैं। 'हरित खेल' थीम का उद्देश्य व्यक्तियों और संगठनों को ऐसी चीजों को अपनाने के लिए प्रेरित करना है जो संरक्षण, स्थिरता और हरित भविष्य को प्राथमिकता देती हैं।

### मुंबई ने मेघालय के खिलाफ रणजी मुकाबले के लिए 16 सदस्यीय टीम घोषित की

**मुंबई :** गत चैंपियन मुंबई ने बृहस्पतिवार से यहां मेघालय के खिलाफ शुरू हो रहे करो या मरो के अपने रणजी एलीट ग्रुप ए मैच के लिए रोहित शर्मा, यशस्वी जायसवाल और श्रेयस अय्यर जैसे भारतीय खिलाड़ियों की गैरमौजूदगी में 16 सदस्यीय टीम की घोषणा की। अंगकृष रघुवंशी, सूर्यांश शेडगे और अथर्व अंकोलकर की टीम में वापसी हुई है। पिछले सप्ताह जम्मू-कश्मीर के खिलाफ पांच विकेट से हार झेलने वाली मुंबई की टीम में भारत के स्टार खिलाड़ी जायसवाल, अय्यर और रोहित नहीं होंगे। ये सभी छह फरवरी से इंग्लैंड के खिलाफ शुरू होने वाली आगामी एकदिवसीय श्रृंखला के लिए भारतीय टीम से जुड़ गए हैं। ये तीनों खिलाड़ी यहां बीकेसी मैदान पर छठे दौर के मैच में खेले थे। रोहित और जायसवाल ने घरेलू क्रिकेट में नियमित रूप से खेलने के भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के निर्देश का पालन किया। दूसरी ओर अय्यर इस साल सभी प्रारूपों की घरेलू प्रतियोगिताओं में मुंबई की टीम का अहम हिस्सा रहे।



## शेयर बाजार में गिरावट थमी, बैंकिंग शेयरों में लिवाली से सेंसेक्स 535 अंक चढ़ा



**मुंबई :** दो दिन से जारी गिरावट के बाद प्रमुख शेयर सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी मंगलवार को बढ़त के साथ बंद हुए। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने वित्तीय प्रणाली में नकदी डालने का फैसला किया है, जिससे बैंकिंग और ब्याज दरों के प्रति संवेदनशील शेयरों में भारी खरीदारी हुई। इस दौरान 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 535.24 अंक या 0.71 प्रतिशत चढ़कर 75,901.41 अंक पर बंद हुआ। दिन के कारोबार में सेंसेक्स 1,146.79 अंक या 1.52 प्रतिशत बढ़कर 76,512.96 अंक के उच्चस्तर पर पहुंच गया था। इसी तरह 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 128.10 अंक या 0.56 प्रतिशत बढ़कर 22,957.25 अंक पर बंद हुआ। दिन के कारोबार में यह 308.8 अंक या 1.35 प्रतिशत चढ़कर 23,137.95 अंक पर पहुंच गया था। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, 'बड़े शेयरों ने बेहतर प्रदर्शन किया, क्योंकि उनका मूल्यांकन अब उचित स्तर पर पहुंच गया है। बाजार में गिरावट के अपने निचले स्तर के करीब पहुंचने की उम्मीदों से भी उन्हें समर्थन मिला है।' सेंसेक्स के शेयरों में बजाज फाइनेंस, एक्सिस बैंक, बजाज फिनसर्व, एचडीएफसी बैंक, टाटा मोटर्स, टाटा स्टील, आईसीआईसीआई बैंक, महिंद्रा एंड महिंद्रा, जोमैटो, इंडसइंड बैंक, मारुति सुजुकी इंडिया और भारती एयरटेल में उल्लेखनीय बढ़त हुई। दूसरी ओर सन फार्मास्युटिकल, लार्सन एंड टुब्रो, आईटीसी, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, एनटीपीसी, पावर ग्रिड, नेस्ले इंडिया, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज और एशियन पेंट्स में गिरावट हुई।

# छात्र अपनी बुद्धिमत्ता पर भरोसा करें, एआई पर नहीं: मुकेश अंबानी

**अहमदाबाद :** रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानी ने मंगलवार को कहा कि कृत्रिम मेधा (एआई) के चैटजीपीटी जैसे मंच इंसान की आलोचनात्मक सोच का विकल्प नहीं हैं और देश लोगों की बुद्धिमत्ता के जरिये ही प्रगति करेगा। अंबानी ने पंडित दीनदयाल ऊर्जा विश्वविद्यालय (पीडीईयू) के 12वें दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि भारत इस सदी के अंत से पहले दुनिया का 'सबसे समृद्ध राष्ट्र' बन जाएगा, लेकिन वृद्धि से पृथ्वी को खतरा नहीं होना चाहिए और जीवाश्म ईंधन से स्वच्छ ऊर्जा की तरफ बदलाव की रफ्तार तेज की जानी चाहिए। पीडीईयू के अध्यक्ष अंबानी ने स्नातक परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले छात्रों से कहा, 'एआई के संदर्भ में युवा छात्रों को मैं एक सलाह देना चाहता हूं। आपको सीखने के साधन के रूप में एआई के इस्तेमाल में कुशल होना चाहिए, लेकिन अपनी आलोचनात्मक सोच को न छोड़ें। आपको चैटजीपीटी का इस्तेमाल जरूर करना चाहिए, लेकिन हमेशा याद रखें कि हम केवल अपनी बुद्धिमत्ता से ही प्रगति कर सकते हैं, न कि एआई के जरिये।' उन्होंने कहा कि भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में उभरेगा और दुनिया की कोई भी ताकत भारत की वृद्धि नहीं रोक सकती है। इसके साथ ही उन्होंने पर्यावरण संरक्षण की जरूरत पर बल देते हुए कहा, 'मैं साफ तौर पर देख सकता हूं कि इस सदी के अंत से पहले भारत दुनिया का सबसे समृद्ध राष्ट्र बन जाएगा। लेकिन अन्य बड़ी अर्थव्यवस्थाओं के साथ भारत पर भी बड़ी जिम्मेदारी है।' उन्होंने कहा, 'हमें आर्थिक वृद्धि को पृथ्वी को खतरे में डालने और जलवायु संकट को और बिगाड़ने की अनुमति नहीं देनी चाहिए। इसलिए जीवाश्म ईंधन से स्वच्छ और हरित ऊर्जा की तरफ बदलाव को तेज करना होगा।' रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन ने कहा कि हरित ऊर्जा, हरित सामग्री और एआई का मेल मानवता के भविष्य को आकार देने जा रहा है और वह चाहेंगे कि पीडीईयू इस तालमेल में अग्रणी स्थान हासिल करे। दीक्षांत समारोह में कोटक महिंद्रा बैंक के संस्थापक और निदेशक उदय कोटक मुख्य अतिथि के तौर पर मौजूद थे। कोटक ने अपने संबोधन में छात्रों से पैसे के बजाय उत्कृष्टता हासिल करने का आग्रह किया। कोटक ने कहा, 'आप जीवन में जो भी करें, गुणवत्ता और उत्कृष्टता पर ध्यान केंद्रित रखें। क्योंकि अगर हम दोनों को हासिल कर लेते हैं, तो वित्तीय नतीजे सहित हर चीज का परिणाम अपने-आप आएगा। पैसे के पीछे मत भागो, उत्कृष्ट बनने की कोशिश करो।'



## भारतीय दोपहिया बाजार में शीर्ष स्थान पर हमारी नजर: होंडा मोटर

**नयी दिल्ली :** होंडा मोटर कंपनी लिमिटेड ने मंगलवार को कहा कि वह भारतीय दोपहिया वाहन बाजार में शीर्ष पर पहुंचने की दिशा में बढ़ रही है और अपनी स्थिति को मजबूत करने के लिए स्कूटर एवं इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) समेत कई तरह के उत्पाद पेश करेगी। जापानी कंपनी ने वर्ष 2011 में अपने पूर्व साझेदार हीरो मोटोकॉर्प से नाता तोड़ लिया था। हीरो मोटोकॉर्प देश की अव्वल दोपहिया कंपनी है। होंडा मोटर ने कहा कि वह भारत में इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहन खंड में सबसे बड़ी बाजार हिस्सेदारी हासिल करने का भी प्रयास करेगी। कंपनी वर्ष 2028 में एक समर्पित इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहन उत्पादन संयंत्र का संचालन शुरू करेगी। होंडा मोटर कंपनी के मोटरसाइकिल एवं बिजली उत्पाद परिचालन प्रमुख मिनोरू केटो ने तोक्यो में एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, 'हमने भारत में सभी प्रकार के अत्यधिक प्रतिस्पर्धी उत्पाद पेश किए हैं। हमने भारत के सभी भौगोलिक क्षेत्रों को कवर करने वाले 6,000 डीलरों और सर्विस नेटवर्क के साथ बिक्री में वृद्धि की है। अब हमारी नजर नंबर एक स्थान पर है।'

## कच्चे माल का निर्यात स्वीकार्य नहीं, मूल्यवर्धन देश में ही हो : प्रधानमंत्री मोदी



**भुवनेश्वर :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि वह कच्चे माल का निर्यात और तैयार उत्पादों का देश में आयात स्वीकार नहीं कर सकते। साथ ही उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि मूल्यवर्धन देश में ही होना चाहिए। भुवनेश्वर में 'उत्कर्ष ओडिशा, मेक इन ओडिशा कॉन्क्लेव' का उद्घाटन करते हुए मोदी ने कहा कि वह पूर्वी भारत को देश के विकास का इंजन मानते हैं और राज्य इसमें महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने कहा, 'केवल कच्चे माल के निर्यात से देश का विकास संभव नहीं है। इसलिए हम पूरे परिवेश को बदल रहे हैं और नए दृष्टिकोण के साथ काम कर रहे हैं।' प्रधानमंत्री ने कहा, 'खनिजों को यहां निकाला जाता है और उन्हें किसी अन्य देश में निर्यात किया जाता है, जहां उनका मूल्यवर्धन किया जाता है और नए उत्पाद बनाए जाते हैं। इन तैयार उत्पादों को फिर भारत वापस भेज दिया जाता है। मोदी को यह स्वीकार्य नहीं है।' बदलती दुनिया में वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला की चुनौतियों को पहचानने का आग्रह करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत छितराई और आयात आधारित आपूर्ति श्रृंखलाओं पर निर्भर नहीं रह सकता।

## देश में करीब 55 प्रतिशत ट्रक ड्राइवरों की नजर कमजोर: रिपोर्ट

**नयी दिल्ली :** भारत में करीब 55.1 प्रतिशत ट्रक ड्राइवरों की नजर कमजोर है, जबकि 53.3 प्रतिशत को दूर की दृष्टि में सुधार की जरूरत है और 46.7 प्रतिशत को निकट दृष्टिदोष के उपचार की जरूरत है। मंगलवार को जारी एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी), दिल्ली द्वारा तैयार इस रिपोर्ट के मुताबिक, करीब 44.3 प्रतिशत ड्राइवरों में शरीर द्रव्यमान सूचकांक (बीएमआई) सीमा रेखा या उससे अधिक है जबकि 57.4 प्रतिशत में रक्तचाप का स्तर बढ़ा हुआ है और 18.4 प्रतिशत में ब्लड शुगर सीमा रेखा या उससे अधिक पाया गया। आईआईटी दिल्ली ने यह रिपोर्ट फोरसाइट फाउंडेशन के सहयोग से तैयार की है। इसके लिए उत्तर प्रदेश, राजस्थान, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, कर्नाटक और तमिलनाडु राज्यों के कुल 50,000 ट्रक ड्राइवरों की जांच की गई। रिपोर्ट कहती है कि लगभग 33.9 प्रतिशत ट्रक ड्राइवरों ने मध्यम स्तर के तनाव होने की जानकारी दी, जबकि 2.9 प्रतिशत में तनाव का उच्च स्तर पाया गया, जिससे मानसिक स्वास्थ्य सहायता की जरुरत को बल मिलता है। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने कहा, 'सड़कों पर 70 प्रतिशत यातायात और ढुलाई लागत 14-16 प्रतिशत बढ़ने के साथ भारत परिवहन क्षेत्र में महत्वपूर्ण चुनौतियों का सामना कर रहा है।' गडकरी ने कहा कि भारत के परिवहन क्षेत्र के सामने एक महत्वपूर्ण मुद्दा ड्राइवरों की कमी है और हर 100 ट्रक पर केवल 75 ड्राइवर मौजूद हैं।

## न्यूज अपडेट

### रुपया 26 पैसे टूटकर 86.57 प्रति डॉलर पर

**मुंबई :** अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया मंगलवार को 26 पैसे टूटकर 86.57 प्रति डॉलर पर बंद हुआ। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की शुल्क संबंधी धमकियों के बीच वैश्विक जोखिम धारणा कमजोर हुई जिसका असर घरेलू मुद्रा पर पड़ा। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि विदेशी कोषों की निरंतर निकासी तथा तेल आयातकों की ओर से डॉलर की सतत मांग और कमजोर जोखिम क्षमता के बीच विदेशी बाजार में अमेरिकी मुद्रा की मजबूती के कारण रुपये पर दबाव जारी रहा। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 86.53 प्रति डॉलर पर कमजोर रुख के साथ खुला। कारोबार के दौरान यह 86.50 प्रति डॉलर के उच्चस्तर तक गया और 86.57 प्रति डॉलर के निचले स्तर तक आया। अंत में यह 86.57 प्रति डॉलर पर बंद हुआ जो पिछले बंद भाव के मुकाबले 26 पैसे की गिरावट है। रुपया सोमवार को नौ पैसे कमजोर होकर 86.31 प्रति डॉलर पर बंद हुआ था। मिराए एसेट शेयरखान के शोध विश्लेषक अनुज चौधरी ने कहा, 'अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की शुल्क संबंधी धमकियों के कारण वैश्विक जोखिम धारणा कमजोर पड़ने से भारतीय रुपये में गिरावट आई। इसका असर चीन की मुद्रा युआन पर भी पड़ा, जिससे अमेरिकी डॉलर भी मजबूत हुआ।' चौधरी ने आगे कहा कि अमेरिकी बॉन्ड प्रतिफल में उछाल और एफआईआई की निकासी ने भी रुपये पर दबाव डाला। हालांकि, कच्चे तेल की कीमतों की नरमी ने गिरावट पर कुछ अंकुश लगाया। चौधरी ने कहा, 'हमारा मानना है कि मजबूत डॉलर और विदेशी कोषों की सतत निकासी के कारण रुपया नकारात्मक रुख के साथ कारोबार करेगा।

### बैंकों, एनबीएफसी के दंडात्मक शुल्क पर कोई जीएसटी नहीं: सीबीआईसी

**नयी दिल्ली :** सीबीआईसी ने कहा है कि बैंकों और गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों (एनबीएफसी) के दंडात्मक शुल्क लगाने पर माल और सेवा कर (जीएसटी) लागू नहीं होगा। केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) ने एक परिपत्र के जरिये यह भी साफ किया कि ऑनलाइन मंच पर भुगतान एग्रिगेटर्स की मदद से 2,000 रुपये तक के लेनदेन पर जीएसटी नहीं लगाया जाएगा। बैंकों और एनबीएफसी के दंडात्मक शुल्क लगाने पर जीएसटी लागू होने के मुद्दे को स्पष्ट करते हुए सीबीआईसी ने कहा कि आरबीआई जिन संस्थाओं को विनियमित करता है, उनके दंडात्मक शुल्क अनुबंध की शर्तों का उल्लंघन करने पर लगाए जाते हैं, और इसलिए उन पर जीएसटी लागू नहीं होगा। सीबीआईसी ने कहा, '55वीं जीएसटी परिषद की सिफारिश के अनुसार, यह स्पष्ट किया जाता है कि कर्जदार के ऋण अनुबंध की भौतिक शर्तों का अनुपालन न करने पर विनियमित संस्थाओं द्वारा लगाए गए दंडात्मक शुल्क पर कोई जीएसटी देय नहीं है।' एएमआरजी एंड एसोसिएट्स के वरिष्ठ भागीदार रजत मोहन ने कहा कि यह स्पष्टीकरण महत्वपूर्ण है, क्योंकि इससे व्याख्या संबंधी विवादों का निपटारा होगा।

### चीन के लिए सीधी उड़ानें फिर शुरू करने पर अधिक स्पष्टता का इंतजार: इंडिगो

**नयी दिल्ली :** इंडिगो ने मंगलवार को कहा कि वह चीन के लिए सीधी उड़ान सेवाएं फिर शुरू करने पर सरकार से अधिक स्पष्टता और जानकारी का इंतजार कर रही है। एयरलाइन पूर्व में चीन के लिए उड़ानों का परिचालन करती थी। भारत और चीन ने सोमवार को संबंधों के 'पुनर्निर्माण' के लिए कई उपायों की घोषणा की, जिसमें सीधी उड़ानें बहाल करने पर सैद्धांतिक रूप से सहमत होना शामिल है। दोनों देशों के बीच 2020 की शुरुआत तक सीधी उड़ानें चालू थीं, जिन्हें कोरोना वायरस के चलते आई महामारी के बाद निलंबित कर दिया गया। इंडिगो ने मंगलवार को बयान में कहा, 'भारत और चीन के बीच सीधी उड़ानें फिर से शुरू करने पर, हम मंत्रालय से और स्पष्टता और जानकारी का इंतजार कर रहे हैं।'

वर्ष 9, पूर्णांक 4133 अंक 283, RNI No WBHIN/2016/66788, सर्वांग प्रकाशन के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **सरोज राय** द्वारा 17, बालमुकुन्द मक्कर रोड, 2सरा तल्ला, कोलकाता-700 007 से प्रकाशित। एल. एस. पब्लिकेशन्स प्रा. लि. 4, कैनल वेस्ट रोड, कोलकाता-700 015 से मुद्रित।
सम्पादक- **अनिल कुमार राय** (पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी), विज्ञापन एवं प्रसार-9874555256/7044444522, ई-मेल news@samagya.in